UPHIN/2009/27457

हिन्दी साप्ताहिक

नई सोच, नया जुनून...

करण वाणी

4 लक्ष्य पर डटे हुए हैं राहुल

5 देव प्रकाश मधुकर पर चौंकाने वाला...

6 आपसी विवाद में चली गोली

● वर्ष : 08 ● अंक : 50 ● लखनऊ, सोमवार 8 जुलाई 2024 ● मूल्य : 2 रु. ● पृष्ठ : 08

श्रावस्ती में बाढ़ में फंसे 11 और कुशीनगर में 76 लोगों को किया गया रेस्क्यू

87 लोगों की रेस्क्यू कर बचायी गयी जान

मुख्यमंत्री योगी ने जिलाधिकारियों को 24 घंटे के अंदर क्षतिग्रस्त फसल की सर्वे रिपोर्ट सौंपने के दिये निर्देश

- अधिकारियों से बोले सीएम योगी, बाढ़ से हुई जनहानि-धनहानि का तत्काल मुआवजा देने में न हो लापरवाही
- श्रावस्ती के 18 गांव के करीब 400 ग्रामीणों को बाढ़ को देखते हुए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया

संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों में तेजी लाने, पीड़ितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश के बाद अतिसंवेदनशील और संवेदनशील जिलों के अधिकारी हरकत में आ गये हैं। सीएम योगी के निर्देश के बाद अधिकारी अपने जिलों में बाढ़ की स्थितियों पर लगातार नजर बनाए रखे हैं। इसी क्रम में नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद अचानक पांच लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने से श्रावस्ती और कुशीनगर में बाढ़ में फंसे 87 लोगों को रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सुरक्षित निकाला गया है। इस दौरान कुशीनगर में बाढ़ में फंसे 20 मवेशियों को भी बचाया गया। वहीं सीएम योगी ने नेपाल से छोड़े गये पानी से प्रभावित श्रावस्ती और कुशीनगर के जिलाधिकारियों को क्षतिग्रस्त फसल का 24 घंटे के अंदर सर्वे कर रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही सीएम योगी ने शासनस्तर के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त फसल की सर्वे रिपोर्ट मिलते ही तत्काल मुआवजा देने का आदेश दिया है। हालांकि अभी इन जिलों में स्थिति सामान्य है, जबकि कुछ ही इलाकों में फसलों को नुकसान हुआ है।

मिश्रा ने अपनी टीम के साथ तहसील खड्डा के प्रभावित 13 गांवों का निरीक्षण किया। साथ ही गांववासियों से गांव को खाली करने की अपील की। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान तहसील खड्डा के नारायणपुर के एक टापू पर कुछ लोगों के साथ मवेशियों के फंसे होने की जानकारी मिली, जिसके बाद एनडीआरएफ और पीएसी की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रेस्क्यू टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद 76 लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा। इस दौरान टीम ने 20 मवेशियों को भी सुरक्षित बचाया।

बाढ़ में कुशीनगर के नारायणपुर के एक टापू पर फंसे 76 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

राहत आयुक्त ने बताया कि शनिवार रात करीब आठ बजे राज्य स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद देवघाट बैराज से 5,71,850 क्यूसेक पानी छोड़े जाने की सूचना मिली। इस पर कुशीनगर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को बड़ी गंडक में बाल्मीकि नगर बैराज द्वारा 3 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की संभावना पर तहसील खड्डा के गांवों के प्रभावित होने की तत्काल जानकारी दी गयी। इसके बाद कुशीनगर जिलाधिकारी उमेश

सीएम बोले, बाढ़ से हुई जनहानि-धनहानि का तत्काल दिया जाए मुआवजा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह तड़के नेपाल से छोड़े गये पानी से प्रभावित श्रावस्ती और कुशीनगर के जिलाधिकारियों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी हासिल की। उन्होंने सीएम को बताया कि रेस्क्यू कर 87 लोगों के साथ 20 मवेशियों को भी बचाया गया है। इस पर सीएम योगी ने सभी जिलाधिकारियों को बाढ़ के पानी से क्षतिग्रस्त फसल का 24 घंटे के अंदर सर्वे कराकर शासन को रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने शासनस्तर के अधिकारियों से बात कर क्षतिग्रस्त फसलों की रिपोर्ट मिलते ही तत्काल मुआवजा देने का आदेश दिया।

रात आठ बजे मिली सूचना सुबह 3 बजे 11 को सुरक्षित निकाला गया

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि शनिवार रात करीब आठ बजे राज्य स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को श्रावस्ती के तहसील जमुनहा की ग्राम पंचायत गजोभरी के ग्राम मोहनपुर भरथा एवं केवटन पुरवा में नेपाल से अचानक छोड़े गये पानी में 11 लोगों के फंसे होने की सूचना मिली, जिसमें तीन बच्चे, पांच महिलाएं और 3 पुरुष शामिल थे। सूचना मिलते ही तत्काल श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी अपनी टीम के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए मौके पर पहुंचे। जिला प्रशासन एवं फ्लड पीएसी की टीमों ने ज्वॉइंट रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और लगभग आठ घंटे की कड़ी मेहनत के बाद सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद सभी का चिकित्सकों की टीम द्वारा प्राथमिक उपचार भी कराया गया। साथ ही सभी पीड़ितों को रात्री बैराज स्थित गेस्ट हाउस में पहुंचाया गया। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि लाल भूषण सुशील ने बताया कि सभी पीड़ितों का प्राथमिक उपचार और खाना खिलाने के बाद उन्हे उनके गांव में सुरक्षित भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू के दौरान करिका 10 वर्ष, मिन्नी 12 वर्ष, रीता 25 वर्ष, शेरू 8 वर्ष, अर्चना 17 वर्ष, कमला देवी 40 वर्ष, शान्ति देवी 50 वर्ष, सकटराम 18 वर्ष, रेखा देवी 28 वर्ष, नन्दन 30 वर्ष और राम उजागर 50 वर्ष को सुरक्षित निकाला गया। वहीं रविवार को बाढ़ से प्रभावित 18 गांव के करीब चार सौ लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है।

तबाही लेकर आया मानसून

उत्तराखंड में भारी बारिश से लैंडस्लाइड, महाराष्ट्र में रेलवे ट्रैक पर भरा पानी

एजेंसी

नई दिल्ली। मानसून आने के बाद जहां लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत की सांस ली है तो वहीं कई राज्यों में मानसून ने तलाबी मचाना शूरू कर दी है।

जम्मू-कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारी बारिश से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। वहीं पूर्वोत्तर में भी मानसून ने इस बार भारी तबाही मचाई है। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते गढ़वाल डिवीजन में चार धाम यात्रा को रविवार को रोक दिया गया है।

वहीं बद्रीनाथ-विष्णु प्रयाग नेशनल हाईवे के पास भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड हुआ है। जिसके चलते सड़क बंद हो गई है और दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लगी हुई है।

मुंबई लोकल ट्रेन की सेवाएं सस्पेंड

वहीं भारी बारिश के बाद मुंबई से सटे ठाणे जिले में रविवार सुबह लोकल ट्रेन सर्विस को सस्पेंड कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, कसारा और टिटवाला स्टेशनों के बीच लोक ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे कल्याण-कसारा रूट पर भारी बारिश के बाद अटगांव और थानसित स्टेशनों के बीच मिट्टी जमा हो गई। जिसके चलते रेलवे ने पटरियों को असुरक्षित घोषित कर दिया। इसके बाद वाशिंद स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक पेड़ भी गिर गया।

बिहार में बिगड़ रहे हालात

उधर बिहार में भी भारी बारिश से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। राज्य की कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बगहा के रामनगर में धान की रोपाई करने गए तीन किसानों के मसान नदी फंस गए। गनीमत ये रही कि एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों के 12 घंटों बाद सुरक्षित निकाल लिया।

महाराष्ट्र में रेलवे ट्रैक पर भरा पानी

उधर महाराष्ट्र और गुजरात में भी इन दिनों भारी बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भारी बारिश के बाद वाशिंद स्थित सृष्टि फार्म हाउस के पास पानी भर गया है। जिसके चलते यहां करीब 150 लोग फंस गए हैं। उन्हें बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जबकि कल्याण-कसारा रूट पर रविवार सुबर रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया। वहीं एक पेड़ के ट्रैक पर गिरने से ट्रैक बाधित हो गया है।

उत्तर प्रदेश में 13 लोगों की मौत

उत्तराखंड में ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश में भी भारी बारिश के चलते लोगों के सामने मुश्किलें पैदा हो गई हैं। यूपी में बीते 24 घंटों के दौरान बारिश संबंधी घटनाओं में 13 लोगों के मारे जाने की खबर है। राहत बचाव विभाग के मुताबिक, बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हुई है। जबकि एक शख्त की पानी में डूबने से जान चली गई। वहीं तीन लोग बारिश संबंधी अन्य घटनाओं में मारे गए हैं।

कोलकाता के पुलिस कमीश्नर और डीसीपी के खिलाफ गृह मंत्रालय का ऐक्शन

कोलकाता। कोलकाता के पुलिस कमीश्नर विनीत गोयल और डीसीपी के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बड़ा ऐक्शन लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इन दोनों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इन पर अफवाह फैलाकर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के कार्यालय को बदनाम करने का आरोप है। गृह मंत्रालय ने यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस की शिकायकत पर की है। उन्होंने विनीत गोयल और कोलकाता पुलिस उपायुक्त इंदिरा मुखर्जी के खिलाफ रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें आरोप लगाया गया कि वे इस तरह काम कर रहे हैं, जो लोक सेवक के लिए पूरी तरह से अनुचित है। राज्यपाल बोस ने जून के अंतिम सप्ताह में गृह मंत्री को सौंपी अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें इस मुद्दे को उठाया गया कि कोलकाता पुलिस के अधिकारी चुनाव के बाद हुई हिंसा के पीड़ितों को उनसे मिलने की अनुमति नहीं दे रहे हैं।

तीन गुना हुआ टैक्स

संवाददाता

लखनऊ। यूपी सरकार बड़े शहरों की तर्ज पर छोटे शहरों में भी भवनों का व्यवसायिक उपयोग कर मोटा मुनाफा कमाने वालों से दो से तीन गुना तक हाउस टैक्स लेगी। अभी यह व्यवस्था केवल नगर निगम वाले 17 शहरों में ही लागू थी। अब नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में भी इसी तरह हाउस टैक्स की वसूली की जाएगी। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस संबंध में कैबिनेट मंजूरी के बाद उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 जारी कर दी है। इसके आधार पर अब नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में भी हाउस टैक्स की वसूली होगी। इन शहरों में रहने वाले भवन स्वयं अपना हाउस टैक्स तय कर निकायों में जमा कर सकेंगे। नियमावली में दी गई व्यवस्था के आधार पर सरकारी छात्रावास, राजकीय या सहायता प्राप्त संस्थानों, स्वीमिंग पुल, क्रीड़ा केंद्र, जिम, शारीरिक स्वास्थ्य केंद्र, थियेटर केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम वाले, संगीत व नृत्य केंद्र से नियत दर के समान हाउस टैक्स लिया जाएगा।

मेडिकल स्टोर से दोगुना हाउस टैक्स

मेडिकल स्टोर, प्रत्येक प्रकार के वाणिज्यक कांप्लेक्स, स्थापित बाजारों में स्थित दुकानें, टेंट हाउस, भवन निर्माण सामग्री की दुकान और निजी कोचिंग संचालकों से दोगुना हाउस टैक्स लिया जाएगा। उदाहरण के लिए सामान्य भवन का जितना हाउस टैक्स होता है, इन भवनों से इसका दोगुना हाउस टैक्स लिया जाएगा।

पैथालोजी व शादी घर से तीन गुना टैक्स

क्लीनिक, पालीक्लीनिक, डेंट क्लीनिक, डायग्नोस्टिक केंद्र, पैथालोजी लैब, नर्सिंगहोम, चिकित्सालय और स्वास्थ्य स्वास्थ्य केंद्रों से तीन गुना हाउस टैक्स लिया जाएगा। फिजियोथिरैपी केंद्र, प्रसूति गृह, प्राविधिक विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, प्रबंध संस्थान, विधि संस्थान व अन्य व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थानों से तीन गुना हाउस टैक्स लिया जाएगा। इसी तरह पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, डिपो और गोदाम आदि, सामुदायिक भवन, कल्याण मंडप, विवाह क्लब, आडीटोरियम, सामुदायिक केंद्र, रेस्टोरेंट, स्टार वाले होटल, होर्डिंग वाले भवन, टेलीविज टावर, दूरसंचार टावर या कोई अन्य टावर वाले भवनों से तीन गुना हाउस टैक्स लिया जाएगा।

तालाब में महिला समेत नौ लोग डूबे, चार बच्चों की मौत

- आगरा-यमुना एक्सप्रेसवे के पास बना है तालाब

संवाददाता

आगरा। यूपी के आगरा में बड़ा हादसा हो गया है। थाना खंदौली के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे के पास रविवार सुबह एक तालाब में महिला और आठ बच्चे डूबे गए। जिसमें से चार बच्चों की मौत हो गई। खंदौली थाने के प्रभारी निरीक्षक राकेश चौहान के मुताबिक सुबह करीब साढ़े 10 बजे एक महिला और आठ बच्चियां तालाब में डूबने लगीं, उनकी चीख पुकार सुनकर पुलिस, होमगार्ड और लोग वहां एकत्र हो गए। होमगार्ड मुकेश चौहान और वहां पहुंचे लोगों में से दो लोग तुरंत तालाब में कूद गए और एक महिला तथा चार बच्चों को तो सही सलामत बाहर निकाल लिया, लेकिन शेष चार बच्चियों की हालत बहुत नाजुक थी, जिनमें से एक ने तो वहीं दम तोड़ दिया जबकि बाकी तीन बच्चियों को तुरंत एस.एन.मेडिकल कॉलेज भेजा गया, लेकिन वहां अन्य तीन बच्चियों की भी मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि इस तालाब का निर्माण वर्षा जल संचयन के लिए यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण द्वारा किया गया था। इस हादसे में जान गंवाने वाली चार बच्चियों की उम्र 11 से 12 वर्ष के बीच बताई जा रही है। चार-पांच दिन पूर्व ही कानपुर देहात की घुमंतू जाति के लोगों के एक परिवार ने तालाब के पास पड़ी खाली जमीन पर अपने डेरा लगाया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की काशी में जलभराव पर अखिलेश यादव का तंज

प्रधान संसदीय क्षेत्र में क्योटो डुबकी लगाता है

यहां पर इतिहास इसी तरह हर बार दोहराता है। प्रधान संसदीय क्षेत्र में क्योटो डुबकी लगाता है

संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में पहली ही बरसात में जलभराव को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वाराणसी का वीडियो पोस्ट कर प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र को प्रधान संसदीय क्षेत्र लिखा है। कविता के अंदाज में आगे लिखा कि यहां पर इतिहास इसी तरह हर बार दोहराता है। प्रधान संसदीय क्षेत्र में क्योटो डुबकी लगाता है। वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहली बार सांसद चुने जाने पर जापान के साथ केंद्र सरकार का समझौता हुआ था। इसके तहत वाराणसी का विकास जापानी शहर क्योटो की तर्ज पर करने का प्लान था। हालांकि उस पर आगे कोई बात नहीं बढ़ सकी है। अखिलेश जब भी बनारस की बात आती है तो इसे क्योटो कहकर ही संबोधित करते हैं।

वाराणसी में समस्याओं के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार माना जाता है। सीएम योगी जनता दर्शन में भी कई बार अधिकारियों को अपने यहां ही समस्याओं के निस्तारण का आदेश देते हैं लेकिन कुछ होता नहीं है।

राहुल गांधी ने सीएम योगी को लिखी चिट्ठी

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने हाथरस भगदड़ मामले को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक चिट्ठी लिखी है।

राहुल गांधी ने पत्र के जरिए मुख्यमंत्री योगी को पीड़ित परिवारों की समस्याओं को बताया है। इसके साथ ही सांसद राहुल गांधी ने सीएम योगी से मांग की है कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजे की राशि दी जाए। कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने हाथरस भगदड़ मामले को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक चिट्ठी लिखी है।

राहुल गांधी ने पत्र के जरिए मुख्यमंत्री योगी को पीड़ित परिवारों की समस्याओं का जिक्र किया है। इसके साथ ही सांसद राहुल गांधी ने सीएम योगी से मांग की है कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजे की राशि दी जाए। उन्होंने लिखा कि सरकार की ओर से घोषित मुआवजा काफी कम है। ऐसे में इसे बढ़ाया जाना चाहिए।

सीसामऊ से नसीम सोलंकी लड़ेंगी उपचुनाव

लखनऊ। सीसामऊ विधानसभा उप चुनाव में सपा ने निवर्तमान विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी के नाम पर मोहर लगा दी है। सपा हाईकमान ने नसीम सोलंकी को टिकट देने के निर्णय के साथ चुनाव की तैयारी करने के लिए महानगर इकाई के मार्फत सूचना भिजवा दी। कल सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महानगर इकाई के पदाधिकारियों, सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के दोनों अध्यक्षों को लखनऊ बुलवाया था। हाई कमान ने अपना निर्णय बता दिया। सपा मुखिया अखिलेश यादव से महानगर इकाई के अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर तथा सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष वरुण जायसवाल और आसिफ कादरी ने

बाबा संतोष सिंह भदौरिया: अंधविश्वास और विवाद का चरम

संवाददाता

कानपुर। कानपुर के करौली सरकार के नाम पर बाबा संतोष सिंह भदौरिया ने अंधविश्वास और धोखाधड़ी का खेल शुरू किया है। भोली-भाली जनता को भ्रमित कर, वे भूत उतारने और अन्य अंधविश्वासी क्रियाओं का सहारा लेकर उन्हें मूर्ख बना रहे हैं।

अंधविश्वास का जाल

बाबा संतोष सिंह भदौरिया के कार्यक्रमों में भारी संख्या में लोग आते हैं। ये कार्यक्रम अक्सर अंधविश्वास और तंत्र-मंत्र पर आधारित होते हैं। ऐसे कार्यक्रमों में लोगों को यह विश्वास दिलाया जाता है कि बाबा भूत-प्रेतों को उतार सकते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। इस तरह के दावे समाज में अंधविश्वास को बढ़ावा देते हैं और लोगों की मानसिक और आर्थिक स्थिति को प्रभावित करते हैं।

डॉ. सिद्धार्थ के साथ विवाद

नोएडा के डॉ. सिद्धार्थ के साथ बाबा का एक विवाद भी सुर्खियों में रहा है। इस घटना में बाबा के अनुयायियों ने डॉ. सिद्धार्थ की पिटाई की थी। यह घटना बताती है कि बाबा के अनुयायी किसी भी हद तक जा सकते हैं और उनके खिलाफ कोई भी आवाज उठाने वाले को चुप कराने के लिए हिंसा का सहारा ले सकते हैं।

बाबा संतोष सिंह भदौरिया पर कई मुकदमे दर्ज हैं। इन मुकदमों में धोखाधड़ी, मारपीट, और अंधविश्वास फैलाने के आरोप शामिल हैं। इसके बावजूद, बाबा के अनुयायियों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है।

धोखाधड़ी की राशि

कुल मिलाकर लगभग 2 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं।

मुकदमों की संख्या

बाबा पर कुल 18 मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें से 10 मामले धोखाधड़ी से जुड़े हैं।

पीड़ितों की संख्या

लगभग 500 से अधिक लोग बाबा के खिलाफ शिकायतें दर्ज करा चुके हैं।

हाथरस जैसी घटना का खतरा

हाथरस की हालिया घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया था, जिसमें अंधविश्वास और धार्मिक कर्मकांड के नाम पर एक युवक की जान चली गई थी। बाबा संतोष सिंह भदौरिया की गतिविधियाँ भी इसी तरह की घटनाओं का संकेत देती हैं। अगर इनपर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो ऐसी घटनाओं को रोक पाना मुश्किल होगा।

बाबा संतोष सिंह भदौरिया के अंधविश्वासी खेल ने समाज में एक गंभीर समस्या को जन्म दिया है। कानूनी कार्रवाई और समाजिक जागरूकता के माध्यम से ही इस तरह के अंधविश्वास को रोका जा सकता है। जनता को भी समझना होगा कि ऐसे बाबाओं के झांसे में न आएं और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं।

केंद्र-राज्य सरकार असम में बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद करे

एजेंसी

नई दिल्ली। असम में बाढ़ की स्थिती को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए राहत और बचाव कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल होने का आह्वान किया है। इसके साथ ही प्रियंका गांधी ने केंद्र और राज्य सरकार से प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करने की अपील भी की।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, असम में बाढ़ की वजह से बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु का

समाचार बहुत ही दुखद है। लगातार बिगड़ती स्थिति के चलते लाखों लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं। काजीरंगा में बड़ी संख्या में जानवरों की भी मृत्यु हुई है और कई घायल हैं। हमारी संवेदनाएं असम के लोगों के साथ हैं। मैं कांग्रेस के नेताओं-कार्यकर्ताओं से अपील करती हूं कि कृपया राहत एवं बचाव कार्यों में बढ़ चढ़कर भागीदारी करें।

संक्षिप्त खबरें

ब्रह्मलीन पूर्व प्रधान पुजारी देवी प्रसाद के अवतरण दिवस पर जिला अस्पताल में फल वितरित

सोनभद्र। जिला अस्पताल लोढ़ी रॉबर्ट्सगंज में रविवार को ब्रह्मलीन सदगुरुदेव भगवान माँ शारदा स्वरूप देवी प्रसाद के अवतरण दिवस पर 2 सौ मरीजों के बीच फल (सेब, केला), बिस्कुट और पानी का वितरण किया गया। साथ ही ओबरा स्थित शारदा मन्दिर प्रांगण में सुबह से ही माँ शारदा परिवार द्वारा भव्य भंडारे का साथ भजन कीर्तन विधिवत पूजा-पाठ, आरती, और प्रसाद वितरण के बाद समूह के दर्जन भर सदस्य जिला अस्पताल गए और वहां मरीजों के बीच फल वितरण कर सदस्यों ने सेवा कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर ताड़केश्वर केशरी, प्रदीप अग्रहरि, जेपी केशरी, मनोज दूबे, सुभाष अग्रहरि, शिवशंकर अग्रहरि, उमाशंकर अग्रहरि, अजय अग्रहरि, राकेश अग्रहरि, राजकुमार सोनी, आशुतोष अग्रहरि, विनय अग्रहरि आदि गुरुभक्तजन उपस्थित रहे।

खेत में ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

करतल। खेत में जोताई करते समय अचानक ट्रैक्टर खेत के किनारे बनी खंती में पलट गया। इसमें चालक की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिसने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लि भेजा है। अजयगढ़ थाना क्षेत्र के बरौली गांव में हुई दुर्घटना में नरैनी कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मी बाजार नहरी निवासी नारायण केवट (32) रविवार की दोपहर को अपने ही ट्रैक्टर से अपने खेतों की जोताई कर रहा था। जोताई के दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाईं में पलट गया। चालक नारायण ट्रैक्टर में ही दब गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे किसी तरह ट्रैक्टर से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। मौत की खबरमिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मप्र की चंदौरा चौकी प्रीारी आनंद मोहन मिश्र मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

असलहों से लैस बदमाश कर रहे चहलकदमी, दहशत

नरैनी। एक बार फिर से बदमाशों की चहलकदमी का सिलसिला शुरू हो गया है। करतल क्षेत्र में असलहाधारी बदमाशों के भ्रमण करने के कारण शाम होते ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अपने घरों में दुबक रहे हैं। करतल चौकी के अंतर्गत ग्राम बिलहरका निडहुआ, बड़ैछा, कनाय पंचमपुर, महाराजपुर, रगौली, सिद्धपुर, विदुवा पुरवा, रानीपुर, पोंगरी, नहरी मप्र के तमाम गांवों की सीमा से सटे हुए हैं। मध्य प्रदेश की ओर से असलहों से लैस बदमाश धमाचौकड़ी कर रहे हैं। असलहे से लैस बदमाश खाकी वर्दी में होते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर सीमावर्ती चौकी के द्वारा गश्त नहीं बढ़ाई गई और असलहों से लैस होकर धमाचौकड़ी करने वालों से पूछतांछ नहीं की गई तो किसी भी दिन अप्रिय घटना हो सकती है। करतल चौकी प्रभारी रोशन गुप्ता ने कहा किनहरी ग्राम से सटे मध्य प्रदेश के ग्रामों में बालू का उत्खनन जोरों पर होता है। बालू ठेकेदार अपनी-अपनी सुरक्षा में असलहो से लैस अंगरक्षक लेकर चलते हैं। नहरी लक्ष्मी बाजार में दिनदहाड़े असलहों का प्रदर्शन भी करते हैं। चौकी पुलिस का कहना है कि मामले की तह तक पहुंचकर हकीकत जानी जाएगी, फिर कार्रवाई की जाएगी। चौकी प्रभारी ने ग्रामीणों से कहा है कि जल्द ही कार्रवाई की जाएग।

आगामी 20 जुलाई के होगी कंपार्टमेंट परीक्षा

अतर्रा। ब्रह्म विज्ञान इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी ने बताया कि हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिन छात्र-छात्राओं के एक विषय में कंपार्टमेंट लगी हुई है, उसकी परीक्षा 20 जुलाई को बांदा में आयोजित होगी। बताया कि हाईस्कूल की कंपार्टमेंट परीक्षा सुबह 8 बजे से 11 बजकर 15 मिनट तक प्रथम पाली में और इंटरमीडिएट की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजकर 15 मिनट तक दूसरी पाली में होगी।

खेलते समय कुएं में गिरा बालक, मौत

बांदा। गांव में स्थित कुएं की जगत पर कई बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान एक बालक कुएं में गिर गया। ग्रामीणों और पुलिस ने किसी तरह से बालक को कुएं से बाहर निकाला। उसे सीएचसी ले जाया गया, वहां पर चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के कायल गांव निवासी 7 वर्षीय हिमांशु पुत्र महेश रविवार की दोपहर गांव के कुएं में अन्य बालकों के साथ खेल रहा था। तभी हिमांशु कुएं में गिर गया। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से उसे कुएं से बाहर निकाला गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस से कस्वा इंचार्ज तुषार श्रीवास्तव मौके मे पहुच कर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक गांव के प्राथमिक विद्यालय कक्षा दो का छात्र था। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। पिता मुंबई में रहकर काम करता है। मां कुसमा देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

टावर से बैटरी चोरी, रिपोर्ट दर्ज

बांदा। टावर से बैटरी को चोरी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तिंदवारी थाना के निवासी विनोद कुमार ने थाना बिसंडा में तहरीर देते हुए बताया कि सया गांव में टावर लगा हुआ है वह उस टावर का संचालन करता है। 24 जून को सुबह वह टावर पहुंचा तो दीवार चोरों ने बैटरी चोरी कर ली थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

उमेश मिश्रा शिवसेना के प्रचारक अवध प्रांत मनोनीत

अयोध्या। शिवसेना तेजी से अपना विस्तार कर रहा है। पार्टी ने इसी को ध्यान रखते हुऐ संगठन का विस्तार किया है। वंदनीय हिंदू हृदय सम्राट शिव सेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री शिव सेना के मुख्य नेता एक नाथजी शिंदे साहब के मार्ग दर्शन व शिव सेना के राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसूल के आदेश पर उत्तर प्रदेश प्रमुख अभय द्विवेदी के नेतृत्व में प्रदेश संगठन मंत्री अरविंद तिवारी की संस्तुति पर उत्तर प्रदेश प्रमुख अभय द्विवेदी ने शिव सेना की सदस्यता ग्रहण कराया और जिम्मेदारी देते हुए उ मेश मिश्रा को प्रदेश कार्यकारिणी में अवध प्रांत का प्रचारक मनोनीत किया गया उत्तर प्रदेश प्रमुख अभय द्विदी ने श्री उमेश मिश्रा को प्रचारक अवध प्रांत का मनोनीत पत्र प्रदेश कार्यालय अयोध्या में दिया।और कहा कि हिंदू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे के सिद्धान्तों को मानने वाली शिवसेना संपूर्ण प्रदेश में लाखों शिव सैनिकों की सक्रिय टीम तैयार करेगी।

जहरीले पदार्थ का किया सेवन

बीकापुर -अयोध्या। कोतवाली क्षेत्र के मरूई सहाय सिंह निवासिनी सोमलता पत्नी दिनेश कुमार उम्र लगभग 30 वर्ष रविवार की बीती रात में लगभग बारह बजे अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लेने पर रात में ही परिजन सी एच सी बीकापुर इलाज के लिए लेकर आये साथ में देवर मुकेश आदि लोग लेकर आये। जिनका उपचार इमरजेंसी में तैनात डाक्टर द्वारा करने के बाद जहरीले पदार्थ की गंभीरता को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। स्थानीय सूत्रों द्वारा या परिजनों द्वारा जहर खाने का कोई ठोस कारण स्पष्ट नहीं हुआ है।

बिजली की चपेट में आयी महिला

बीकापुर अयोध्या। कोतवाली क्षेत्र के धेनुवावां निवासिनी प्रियंका पत्नी जयशंकर उम्र लगभग 22 वर्ष ने अपने मायके धेनुवावां में पिता राम अवतार के घर आई थी जहां समरसेबुल चलाने पर रविवार को दिन में लगभग दो बजे करंट की चपेट में आने पर आनन - फानन में परिजनों द्वारा बीकापुर सी एच सी लेकर आए। जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर धर्मेंद्र रंजन के इलाज से स्वस्थ होने के बाद देर शाम घर जाने दिया गया है।

बारिश के बाद गर्मी से राहत जलभराव बने मुसीबत

संवाददाता

बांदा। अप्रैल माह से गर्मी से जूझ रहे लोगों को अब राहत मिली है। कई बार बारिश होने के कारण मौसम का मिजाज तो बदला है, लेकिन दोपहर के समय उमस लोगों को हलाकान कर रही है। इसके साथ ही शहर के विभिन्न इलाकों में बारिश के बाद नालियों का पानी सडक़ पर भर जाने की वजह से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना कि नगर पालिका प्रशासन ने नाला और नाली सफाई के नाम पर महज खानापूरी की है।

सबसे ज्यादा खराब दशा सीमांकन के बाद शहर के कई इलाकों को नगर पालिका क्षेत्र में शामिल किया गया है।

बाकायदा सभासद चुनाव लड़े और जीते भी हैं। लेकिन अफसोस की बात है कि नगर पालिका क्षेत्र में शामिल होने का तमाम इलाकों को तमगा तो मिल गया है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि इस ओर सफाई व्यवस्था या फिर सडक़ आदि की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर पालिका क्षेत्र में आने वाले किलेदार के पुरवा में इन दिनों सडक़ों में दलदल

है। आवागमन मुश्किल हो रहा है। गलियां मलबे से भरी पड़ी हैं। नालियां टूटी हैं, इसकी वजह से बारिश का पानी सडक़ों में भर जा रहा है। नालियों का पानी सडक़ में भर जाने की वजह से आवागमन मुश्किल हो रहा है। लोगों का कहना है कि बारिश होने की वजह से उन्हें गर्मी से राहत तो मिली है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते नालियों का गंदा पानी सडक़ों पर भर रहा है।

ऐसी दशा में लोग हलाकान हो रहे हैं। इधर, शहरी क्षेत्र की बात करें तो सबसे ज्यादा खराब हालत पहाड़तले बसने वाले लोगों की है। निचला इलाका होने के कारण बारिश का पानी नालियों से उफनाता हुआ गुजरता है। हालत यह है कि नालियों का पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। ऐसे में लोग बाल्टी से घर में घुसे पानी को बाहर फेंकते हैं।

शहर का पंकज नाला मलबे से भरा

शहर का पंकज नाला इन दिनों मलबे से भरा हुआ है। हालांकि नगर पालिका प्रशासन का दावा है कि नाले की सफाई कराई गई। लेकिन बारिश की वजह से एक बार फिर से नाला मलबे से भर गया है। मालुम हो कि पंकज नाला डीएम कालोनी से होते हुए जीआईसी ग्राउंड से गुजरता है। इस नाले से आधे शहर का गंदा पानी गुजरता है। नगर पालिका सफाई का दावा कर रहा है जबकि हकीकत सबके सामने है। नाले की सफाई न होने के कारण बारिश के दौरान उफनाए नाले का पानी यहां-वहां सडक़ों पर भर जाता है। जीआईसी ग्राउंड में पानी भर जाने की वजह से मैदान की दुर्दशा हो जाती है।

जहीर क्लब मैदान में भी भर जाता है पानी

बांदा। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गुलजार रहने वाला संकट मोचन के सामने स्थित जहीर क्लब मैदान की भी दुर्दशा है। यहां पर नगर पालिका के द्वारा कभी सफाई नहीं की जाती, उल्टे कचरा जरूर फेंक दिया जाता है। इस मैदान में देखा जाए तो विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। इसकी वजह से मैदान में गंदगी पटी पड़ी है। इलाकाई लोगों का कहना है कि जब कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता है, तब जरूर नगर पालिका प्रशासन को सूचना देने पर वह मैदान की सफाई कराते हैं, इसके अलावा कभी भी सफाई कर्मचारी मैदान की सफाई करने नहीं आते हैं।

बालू भरे ट्रकों ने ध्वस्त कर दी सडक़, गड्ढे बने जानलेवा

संवाददाता

बांदा। प्रधानमंत्री सडक़ योजन से बनी सडक़ को ओवरलोड बालू भरे ट्रकों नें ध्वस्त कर दिया। ऐसे में पानी भर जाने से हुए गड्ढों में चलना जान जोखिम में डालने के बराबर है। प्रतिदिन वाहन सवार गड्ढों में फंसकर चोटहिल हो रहे हैं। इलाकाई लोगों ने जिला प्रशासन से सडक़ की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

खप्टिहाकलां कालेश्वर मार्ग से ओवरलोड ट्रक गुजरने के कारण बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। मालुम हो कि 30 जून को बालू खदानें बंद होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। दूसरी ओर सडक़ में हुए बड़े गड्ढे हादसों को दावत दे रहे हैं। पानी भरे गड्ढों में फंस जाने के कारण बाइक सवार चोटहिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना से बनी तीन किलोमीटर की सडक़ को ओवरलोड ट्रकों ने खुर्द-बुर्द कर दिया है। ग्रामीण सोहन लाल द्विवेदी, अंकित तोमर, शारदा यादव, हारुन, रामनारायण, ओमकार आदि का कहना है कि यदि समय रहते सडक़ की मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी दिन हादसा हो सकता है। अनहोनी से भी इनकार नहीं किया जा सकता। इलाकाई लोगों ने जिला प्रशासन से सडक़ की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

30 खाद्य कारोबारियों पर 10.34 लाख रुपये का जुर्माना

संवाददाता

अयोध्या। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमों की ओर से जिले के अलग-अलग इलाकों लिए गए नमूने फेल मिलने पर 30 खाद्य कारोबारियों पर 10.34 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है। 30 दिन के भीतर जुर्माने की धनराशि राजकोष में जमा करने का आदेश दिया गया है। यह आदेश अपर जिलाधिकारी नगर (एडीएम सिटी) की कोर्ट से जारी हुआ है। सहायक आयुक्त खाद्य मानिकचंद्र सिंह ने बताया कि सरसों का तेल अवमानक मिलने पर मवई के हनुहुना फिजानगर बर्तरा निवासी विक्रेता अनुपम पांडेय व निर्माता बाराबंकी के उमर संडौली स्थित किसान इंडिया प्लस पर संयुक्त रूप से एक लाख रुपये जुर्माना लगा है। नमकीन के दो, मंचूरियन भेल बोनस प्वाइंट क्रिप्सी के नमूने फेल होने पर रामनगर निवासी विक्रेता हरीश लालवानी व मालिक सन्नी राजपाल पर 2.10 लाख, आइस कैंडी के नमूने अवमानक मिलने पर विक्रेता सुमित लालवानी व मालिक ओमप्रकाश लालवानी पर 1.40 लाख, कुल्फी व आइसक्रीम के मामले में शिवनगर पहाड़गंज निवासी सुनील कुमार पर 1.20 लाख रुपये जुर्माना ठोंका गया हैं। इसके अलावा जनौरा पक्का तालाब स्थित शिवा बूंदी ट्रेडर्स पर 25,000 रुपये, दालमंडी स्थित शिवम गृह उद्योग व जमुनियाबाग निवासी अमीरचंद्र पर 30,000, रामनगर कॉलोनी निवासी गिरीश राजपाल पर 85,000, नाका मुजफ्फरा स्थित मेसर्स ग्रांड इंफिनिटी रेस्टोरेंट एंड लॉज के अर्पित विश्वकर्मा पर 20,000, नंसा बाजार निवासी पवन कुमार मोदनवाल पर 12,000, जनौरा रोड लक्ष्मीनगर निवासी गोविंद यादव व किशन लाल पर 20,000, रामनगर धौरहरा निवासी श्याम कुमार यादव पर 12,000, सरयू विहार कॉलोनी निवासी अनूप गुप्ता पर 25,000, मोदहा खोजनपुर निवासी राजेश यादव पर 25,000 रुपये जुर्माना लगा है।

अंतर्राज्यीय प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

संवाददाता

बांदा। पुलिस लाइन परिसर में दो दिवसीय प्रयागराज जोन की बाक्सिंग, कुश्ती और आर्मरेसलिंग महिला व पुरुष वर्ग की प्रतियोगिताओं का रविवार को समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन की सभी आठ टीमों बांदा, महोबा, चित्रकूट, कौशाम्बी, हमीरपुर, फतेहपुर, प्रयागराज व प्रतापगढ़ की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में खिलाडिय़ों द्वारा पूरे मनोयोग एवं खेलभावना का प्रदर्शन करते हुए अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में रविवार को एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्र ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करते हुए

पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कृत किया। बॉक्सिंग के पुरुष वर्ग में 57-60 किलोग्राम भारवर्ग में बांदा के सुशील कुमार, 63-67 किलोग्राम भारवर्ग में कौशाम्बी के राजेश पाल, 71-75 किलोग्राम भारवर्ग में बांदा के पवन कुमार, 75-78 किलोग्राम भारवर्ग में प्रतापगढ़ के रामविलास यादव, 80-85 किलोग्राम भारवर्ग में कौशाम्बी के शमशेर अली, 85-90 किलोग्राम भारवर्ग में फतेहपुर के अंकित यादव प्रथम स्थान पर रहे । बॉक्सिंग प्रतियोगिता के महिला वर्ग में 45-48 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज की प्रिया यादव, 48-50 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज की पूजा यादव, 50-52 किलोग्राम भारवर्ग में बांदा की ज्योति शुक्ला, 52-54 किलोग्राम भारवर्ग में बांदा की आकांक्षा. 54-57 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज की नीलम सिंह, 57-60 किलोग्राम भारवर्ग में बांदा की निधि निरंजन, 60-63 किलोग्राम भारवर्ग में बांदा की दीपिका तथा 63-65 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज की निशू सिंह प्रथम स्थान पर रहीं। कुश्ती प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में 57 किलोग्राम भारवर्ग में फतेहपुर के अंशुल चौधरी, 61 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज के अजीत कुमार, 65 किलोग्राम भारवर्ग में कौशाम्बी के राजेश यादव, 70 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज के रोहित दहिया, 74 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज के तेजवीर सिंह यादव, 79 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज के कुलदीप, 86 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज के गोविन्द प्रथम स्थान पर रहे वहीं कुश्ती की महिला वर्ग प्रतियोगिता में 50 किलोग्राम भारवर्ग में बांदा की आरती, 53 किलोग्राम भारवर्ग में प्रतापगढ़ की रिचा, 55 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज की मानसी, 57 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज की साधना, 65 किलोग्राम भारवर्ग में बांदा की दीपिका प्रथम स्थान पर रहीं।

ऊंचडीह पीड़ित परिवार से मिलकर दिया न्याय दिलाने का जताया भरोसा

संवाददाता

सोनभद्र। ऊंचडीह वायरल विडियो मामले में रविवार को सोनभद्र विचार मंच के नेता गिरीश पाण्डेय तथा घोरावल विधानसभा के पूर्व विधायक रमेश चंद्र दूबे ने पीड़ित परिवार के गांव ऊंचडीह पहुंचकर पीड़ित परिवार से की मुलाकात। नेता द्वय ने पीड़ित अमितेश पाण्डेय से घटना के बारे में पूरी जानकारी लेते हुए घटित अमानवीय घटना की निंदा करते कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। नेता द्वय ने कहा कि अभियुक्तों पर जो धाराएं अभी तक लगी हैं वो नाकाफी है। धारा बढ़ाने और आरोपियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई यदि जिला प्रशासन नहीं करता है तो आगे बड़ा आंदोलन सड़क पर उतरकर किया जायेगा। कह कि यदि ऐसी घटना पर कड़ी कार्यवाही करते हुए कड़ा संदेश नहीं दिया गया तो ऐसी घटनाएं गांव गांव देखने को मिलेगी भविष्य में इस मौके पर पीड़ित परिवार के सदस्यों के अलावा ऊंचडीह ग्रामप्रधान सूर्य प्रकाश चौबे , महंत ब्रम्ह बाबा आनंद शुक्ला , मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष सत्यम पाण्डेय, उत्कर्ष पाण्डेय, राजा पाण्डेय, अनुपम तिवारी, सतीश पाण्डेय, चंद्र मोहन मिश्रा, मदन मोहन मिश्रा, निशांत पाण्डेय, वैभव पाण्डेय सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई इकाई गठित

संवाददाता

सोनभद्र। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डाला नगर इकाई की बैठक नगर के जायका होटल के हाल में विभाग सहसंयोजक सौरभ सिंह पंकज एवं आशीष अग्रहरी की अध्यक्षता में एवं संजय गौड़ के संचालन में संपन्न हुई। इस दौरान पुरानी इकाई को तहसील प्रमुख ज्योति प्रकाश पांडे द्वारा भंग कर नवीन इकाई का गठन किया गया।विभाग सहसंयोजक सौरभ सिंह पंकज ने डाला नगर में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए नवीन इकाई के कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी तथा विद्यार्थी परिषद के मुख्य उद्देश्य को कार्यकर्ताओं के बीच रखाते हुए कहा कि छात्रों को विद्यालयीय गतिविधियों का आयोजन और नेतृत्व के गुणों को विकसित करने का अवसर देना है यह उनके बीच सम्मान की भावना जिम्मेदारी के प्रतिनिधिमंडल कभी पोषण करता है। विद्यार्थी परिषद स्कूल के समय के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के दौरान अनुशासन बनाएं रखने में मदद करती है। तहसील प्रमुख ज्योति प्रकाश पांडे, जिला संगठन मंत्रीद्वय विवेक प्रांत जनजाति कार्य संयोजक मनमोहन, जिला संयोजक मृगांक दुबे उपस्थित रहे।। सभी नवीन दायित्वधारी कार्यकर्ताओं को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। नवगठित समिति पदाधिकारियों में नगर अध्यक्ष कुश देव पांडे , नगर मंत्री श्याम पाठक, नगर सह मंत्री - अमन, नगर सह मंत्री राहुल, नगर सह मंत्री अनुराग, नगर सह मंत्री हनुमान कुमार, नगर सह मंत्री अभिषेक, नगर सह मंत्री आयुष्मान पाल, संयोजक -विजय व रवि कुमार , राष्ट्रीय कला मंच संयोजक अमन कुमार, खेल गतिविधि संयोजक सूरज, सोशल मीडिया संयोजक दीपू पटेल, नगर मीडिया संयोजक निखिल, इन्टरकॉलेज संयोजक-राहुल गौड़, महाविद्यालय कार्य संयोजक आकाश पटेल, नगर कार्यकारिणी सदस्य विशाल के साथ ही सदस्यों व पदाधिकारियों के नाम चयनित किये गए।

शहर के वीवीआईपी कालोनी कौशल पुरी फेस टू के लोग

अयोध्या। शहर की वीआईपी कही जाने वाली कौशल पुरी फेस 2 कॉलोनी के निवासी बारिश के पानी की जल निकासी के न होने से परेशान हैं। यहां के लोगों का कहना है कि हल्की सी बारिश से पूरा कालोनी में पानी भर जाता है।जिसके चलते लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है।लोगों का कहना है कि यह समस्या पांच साल से बना हुआ है।कॉलोनी वासियों ने एकत्र होकर नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। बताते चलें कि इस वीवीआईपी कॉलोनी में अधिकारी ,कर्मचारी डॉक्टर व व्यापारी सहित अन्य वर्ग के लोग रहते हैं। अगर देखा जाए तो कॉलोनी में ही नगर निगम का कैम्प कार्यालय बना हुआ है। कॉलोनी में खाली पड़े प्लांट में बाउंड्री वॉल ना होने की वजह से भी समस्या हो रही है।इस समय क्षेत्र में लगे विद्युत पोल भी जर्जर हो चुके हैं जिसमे करंट भी आता है।

स्वस्थ जीवन के लिए होम्योपैथी विधा एक विश्वसनीय विकल्प है: संजीव सिंह गोड़

संवाददाता

सोनभद्र। रविवार को आइडियल होम्योपैथिक वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन सोनभद्र के तत्वाधान में प्रादेशिक होमियोपैथिक वैज्ञानिक संगोष्ठी का भव्य आयोजन जिला मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज स्थित द लोटस बैंक्वेट सभागार में तीन सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र में ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. कुसुमाकर श्रीवास्तव, सचिव डॉ. सीबीडी पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, देशभर से पधारे डॉक्टरो, पत्रकारों को माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह, उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री संजीव सिंह गोड़ ने कहा कि-÷असाध्य रोगों का इलाज होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में है, यह पद्धति वर्तमान समय में अन्य चिकित्सा पद्धतियों से सस्ती और लाभकारी है, इस पद्धति से इलाज कराने से जटिल रोगों का स्थाई

समाधान संभव है, हमारी सरकार इस चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा दे रही है प्रदेश के प्रत्येक जनपदों में होम्योपैथिक चिकित्सालय कार्य कर रहे हैं। स्वस्थ जीवन शैली के लिए होम्योपैथी विधा एक विश्वसनीय विकल्प है। विशिष्ट अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि-होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक हेनीमैन साहब संपूर्ण विश्व को ऐसी चिकित्सा पद्धति प्रदान किया है, इसके प्रयोग से मानव शरीर पर कोई कुप्रभाव नहीं पड़ता, हमारे देश में अनेक चिकित्सा पद्धतियां विद्यमान है उसमें सबसे सस्ती अच्छी कारगर चिकित्सा होम्योपैथी की मीठी गोलियों से संभव है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा कहां कि-÷ आज के प्रदूषण के दौर में जब संपूर्ण विश्व वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, प्रकाश प्रदूषण की समस्याओं से जूझ रहा है। खाद युक्त भोजन, जल मानव ग्रहण कर रहा है। ऐसी स्थिति में प्रदूषण से होने वाले रोगों का इलाज होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति में है, होम्योपैथ मीठी-मीठी गोलियो से छोटे-छोटे नवजात शिशुओ के स्वास्थ्य का संरक्षण करती है। आइडियल होम्योपैथिक वेलफेयर आर्गेनाईजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएन सिंह रघुवंशी ने आयोजित संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश सरकार से यह मांग किया उत्तर प्रदेश के अंतिम छोर पर चार राज्यों तथा बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के सीमाओं से घिरा जनपद सोनभद्र मे गरीबी में जीवन जीने वाले हमारे आदिवासी जनों के लिए होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति कारगर है और इस पद्धति के प्रचार-प्रसार, इलाज के लिए जनपद में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जानी चाहिए ताकि उत्तर सहित चार राज्यों के नागरिकों को सस्ता सुलभ इलाज मिल सके। वहीं कार्यक्रम के प्रथम सत्र का विषय बच्चों के व्यवहार का संतुलन रहा, मुख्य वक्ता डॉ दिनेश और अध्यक्षता डी एस सिंह ने किया।

द्वितीय सत्र का विषय मानसिक रोग में होम्योपैथिक का क्या महत्व रहा मुख्य वक्ता प्रोफेसर एस. एस. पाल और अध्यक्षता डॉ अर्पिता चटर्जी ने किया, वहीं तृतीय सत्र का विषय असाध्य रोगों में होम्योपैथिक विधा क्या कर सकती है।

ग्रापए की प्रान्तीय सभा लखनऊ में

संवाददाता

सोनभद्र। प्रदेश कार्यकारिणी की सभा बैठक पहली सितम्बर को लखनऊ में आहूत की गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार ने बताया कि हुसैनगंज चौराहे के होटल दिलीप में प्रांतीय कार्यकारिणी सभा मे सभी जनपदों के जिला अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों समुपस्थित होंगे।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार ने बताया कि बैठक बीस जून को गड़वार - बलिया मे आयोजित अपने संगठन के संस्थापक स्मृति शेष बाबू बालेश्वर लाल जी के प्रतिमा अनावरण समारोह एवं प्रदेश सम्मेलन, सदस्ता अभियान के साथ ही पत्रकार उत्पीड़न एवं पत्रकार हित संरक्षण से सम्बद्ध अन्य विषय बिंदुओं पर भी सघन परिचर्चा होगी तथा इनके विश्लेषणात्मक चिन्तन - मन्थन करते निर्णय होंगे। स्मरणीय है कि ग्रापए के संस्थापक आदर्श पत्रकारिता के पुरोधा बाबू बालेश्वर लाल की प्रतिमा का अनावरण काशी सुमेरु पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानंद सरस्वती ने 20 जून को सविधि किया था तथा संगठन का द्विदिवसीय प्रान्तीय अधिवेशन हुआ था जिसमें पाँच प्रान्तों समेत देश के उद्भट विद्वानों का समुपस्थिति रही व्याखानमाला के साथ। इसकी भी लखनऊ में समीक्षा सभा में होनी सुनिश्चित है।

संक्षिप्त खबरें

इण्टर कम्पार्टमेन्ट 15 से

लखनऊ। वर्ष 2024 की हाईस्कूल इम्प्रूवमेण्ट और इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा 20 जुलाई को होगी। हाईस्कूल में 229 परीक्षार्थी एवं इंटर में 330 परीक्षार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। डीआईओएस राकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि सिटी स्टेशन स्थित राजकीय जुबिली इण्टर कालेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा 20 जुलाई को पहली पाली में सुबह 08.00 से 11.15 बजे और इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा दोपहर की पाली में दोपहर 02.00 से 05.15 तक होगी। डीआईओएस ने प्रधानाचार्यों से कहा कि परीक्षार्थियों को परीक्षा की सूचना दें।

इंटर कम्पार्टमेंट प्रायोगात्मक परीक्षा 15 व 16 को

लखनऊ। वर्ष 2024 इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट प्रयोगात्मक परीक्षा 15 एवं 16 जुलाई को होगी। परीक्षा केन्द्र सिटी स्टेशन स्थित राजकीय जुबिली इण्टर कालेज को बनाया गया है। इंटर में 330 परीक्षार्थी हैं। डीआईओएस ने माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिये हैं कि स्कूल के छात्र व छात्राओं को इसकी सूचना देकर परीक्षा में शामिल कराएं। कम्पार्टमेन्ट प्रयोगात्मक परीक्षा में आवेदन में करने वाला कोई भी परीक्षार्थी प्रयोगात्मक परीक्षा से वंचित न रहने पाये।

झोपड़ी में लटकती मिली लाश

लखनऊ। लखनऊ के जानकीपुरम में इलाके में झुग्गी झोपड़ी संदिग्ध हालात मजदूर का शव लटकता मिला है। शव मच्छरदानी से बने फंदे से लटकता मिला। स्थानीय लोगों ने हत्या करके लाश लटकाने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक जानकीपुरम के 60 फीटा रोड इलाके झुग्गी झोपड़ी बनी है। 55 वर्षीय पप्पू का शव झोपड़ी में ही लटकता मिला है। शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। झोपड़ी के पास रहने वाले सौरभ का आरोप लगाया है कि झोपड़ी में सुसाइड करना संभव ही नहीं है। मृतक की लाश के पास खून बिखरा हुआ है। खून के धब्बे भी मौजूद हैं। सौरभ का कहना है कि जानकीपुरम 60 फीट रोड पर सरकार की जमीन पर अवैध झोपड़ी लगाकर सैकड़ों लोग रहते हैं। जिससे पूरी कॉलोनी बहुत परेशान है क्योंकि यहां गंदगी का अंबार लगा रहता है।आए दिन चोरियां भी होती हैं। तमाम शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है।

भटक कर आये बुजुर्ग को ट्रेन से कर्नाटक भेजा

मोहनलालगंज। तीन-चार दिन पहले मोहनलालगंज स्टेशन पर एक बुजुर्ग ट्रेन से उतर तभी ट्रेन चली गई। वह ट्रेन पर बैठ नही पाया। कन्नड भाषा बोलने के चलते लोग उसकी बात समझ नहीं पा रहे थे। दो दिनों तक वह स्टेशन के आस-पास पड़ा रहा। कुछ लोग उसे मोहनलालगंज कोतवाली ले आये। जहां पुलिस ने खाने पीने की व्यवस्था करने के साथ उसके पास से मिले आधार कार्ड की मदद से कर्नाटक पुलिस से सम्पर्क कर उनके परिजनों से बात की। परिजनों की मदद से पुलिस ने उसका टिकट बनवाकर बादशाह नगर स्टेशन से शनिवार को ट्रेन पर बिठाकर उसके घर भेज दिया।

सुंदरकांड के बाद भजन सुन भावविभोर हुए भक्त

लखनऊ। डालीगंज स्थित माधव मंदिर के 63वें वार्षिकोत्सव के क्रम में शनिवार को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। वहीं सूफी भजन गायक धनंजय मित्तल ग्रुप ने अपने भजनों से भक्तों को भावविभोर किया। सुबह पुजारी लालता प्रसाद ने श्री हनुमान की पूजा-अर्चना की। इसके बाद संगीतमय सुंदरकांड का पाठ पंडित पंकज द्वारा किया गया। जिसमें बिहारी लाल साहू, भूषण गुप्ता, ओमकार जायसवाल, धनश्याम अग्रवाल, श्याम जी साहू, राकेश साहू समेत तमाम लोग शामिल हुए। इसके बाद भजन गायक धनंजय मित्तल ग्रुप के कलाकारों द्वारा भजनों की श्रृंखला पेश की गई। जिसमें श्रीकृष्ण गोविंद हरि मुरारी... जग में सुंदर है दो नाम ... श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन ... जैसे सुंदर भजनों को सुन भक्त भाव विभोर हो गए।

मेडिकल इमरजेंसी बता कर 97 हजार ऐंठे

लखनऊ। विभूतिखंड कोतवली में वृद्ध ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी ने परिचित का नाम लेकर वृद्ध को फोन मिलाया। जिसके बाद मेडिकल इमरजेंसी में फंसे होने का झांसा देका 92 हजार रुपये हड़प लिए। विजयंतखंड निवासी बिहारीलाल गौतम के मोबाइल पर अन्जान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि वह पीसी वार्ष्णेय बोल रहा है। परिचित का नाम सुन कर बिहारीलाल बात करने लगे। अन्जान नम्बर से कॉल करने की वजह पूछने पर आरोपी ने बताया कि वह मेडिकल इमरजेंसी में फंस गया है। मोबाइल भी काम नहीं कर रहा। तत्काल एक लाख रुपये की जरूरत है। यह बात सुन कर बिहारीलाल ने बताए गए खाते में करीब 92 हजार रुपये दोबार में भेज दिए। इसके बाद भी उनसे रुपयों की मांग की जाती रही। शक होने पर पीड़ित ने और रुपये देने से मना कर दिया। इस बीच बिहारीलाल ने दोस्ती पीसी वार्ष्णेय को कॉल मिलाई। बातचीत में पता चला कि पीसी वार्ष्णेय ने फोन कर रुपये नहीं मांगे थे। यह जानकारी मिलने पर पीड़ित ने विभूतिखंड कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया।

किराए पर लेकर कार हड़पी, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। गाजीपुर कोतवाली में टैक्सी संचालक ने कार हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी ने तीन महीने के लिए कार किराए पर ली। जिसका किराया नहीं दिया। फिर दबाव बना कर कार भी अपने नाम करा ली। सर्वोदयनगर निवासी शैलेंद्र श्रीवास्तव टैक्सी संचालक हैं। कुछ वक्त पूर्व बांदा निवासी नितिन पाण्डेय उर्फ नीशू ने तीन महीने के लिए किराए पर बुक किया। जिसका किराया 25 हजार रुपये तय था। समय पर किराया नहीं मिला और गाड़ी भी वापस नहीं आई। शैलेंद्र ने बांदा पहुंच कर नितिन से गाड़ी लौटाने के लिए कहा। जिस पर आरोपी ने टैक्सी संचालक पर कार बेचने का दबाव बनाया और ढाई लाख में सौदा तय कर लिया। उन्हें केवल 37 हजार रुपये दिए गए। बचे हुए दो लाख 13 हजार रुपये तीन महीने में देने की बात कही। जिसे देने से आरोपी मुकर गया। इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

इंदिरानगर और दुबग्गा के दो घरों से लाखों के जेवर चोरी

लखनऊ। चोरों ने बैंक कर्मी व ट्रेवल एजेंट के बंद घर को निशाना बनाकर 11 लाख रुपये कीमत के जेवर व 40 हजार रुपये नगदी ले उड़े। दुबग्गा व इन्दिरानगर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। दुबग्गा के पलक सिटी निवासी कुलदीप किशोर श्रीवास्तव निजी बैंक में कार्यरत हैं। 22 जून को वह परिवार के साथ उज्जैन गए थे। 25 जून को पड़ोसियों ने उन्हें घर का ताला टूटा होने की सूचना दी। इस पर कुलदीप ने छोटे भाई संदीप को घर भेजा तो देखा पूरे घर का सामान फैला पड़ा था। अलमारी में रखे सात लाख रुपये के जेवर और तीस हजार रुपये गायब थे। उधर तकरोही निवासी वीरेन्द्र कुमार वर्मा गोमतीनगर मे ट्रेवल एजेंसी चलाते हैं। वीरेन्द्र के मुताबिक चार जून को वह परिवार समेत हरिद्वार गए थे। 18 जून को वह घर लौटे तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। भीतर गए तो अलमारी का ताला टूटा हुआ था। अलमारी में रखे चार लाख रुपये कीमत के जेवर व 10 हजार रुपये नगदी गायब थी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

अब 31 तक पाएं गृहकर में छूट

लखनऊ। नगर निगम ने गृहकर में छूट की अवधि बढ़ा दी है। अब 31 जुलाई तक गृहकर जमा करने वालों को 10 फीसदी तक लाभ मिलेगा। पहले अंतिम तिथि 30 जून थी। बकाया गृहकर पर छूट के लिए अब 25 दिन शेष हैं। इस अवधि में हाउस टैक्स जमा करने वालों को नगर निगम 10 फीसदी छूट देगा।

स्कूली बसें, वैन पहुंचने लगीं फिटनेस सेंटर, 36 की जांच

लखनऊ। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर स्कूली वाहनों की जांच को लेकर प्रशासन की सख्ती के बाद अनफिट स्कूली बसें व वैन फिटनेस के लिए ट्रांसपोर्टनगर स्थित फिटनेस सेंटर पहुंचने लगीं। शनिवार को 36 वाहनों की फिटनेस हुई, जबकि गर्मी की छुट्टियों में 580 स्कूली वाहनों की फिटनेस सेंटर पर की गई। बावजूद 1230 स्कूली बस और वैन सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

अस्पताल-बाजार हर जगह, टीबी की दवाओं का संकट

संवाददाता

लखनऊ। टीबी रोगियों को दवाएं न मिलने से उनका इलाज अधर में फंस गया है। अस्पतालों के साथ बाजार में टीबी दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। डॉट्स सेंटरों पर दवाओं की किल्लत है, जिसके चलते रोगियों को दो और तीन दिन की दवाएं दी जा रही हैं। वो आधी अधूरी दवाएं मिल रही हैं। खासकर एमडीआर टीबी रोगियों के लिए आफत बढ़ गई। इन रोगों का इलाज बीच में बंद नहीं किया जा सकता है।

अस्पतालों और डॉट्स सेंटर पर टीबी रोगियों की दवाओं का संकट बीते कई महीने से बना है। सरकारी अस्पतालों में दवाएं मुहैया कराने वाली एजेंसी ने जरूरत अनुसार दवाएं उपलब्ध नहीं करा पा रही है। अस्पतालों को बाजार से दवाएं खरीदने का बजट मिला था, लेकिन बाजार में कई दवाएं नहीं हैं। किल्लत की वजह साफ नहीं, कारोबारियों का कहना है कि कंपनियों से संकट है। खासकर एमडीआर टीबी के रोगियों के आगे बड़ी समस्या हो गई है। टीबी रोगियों को नियमित दवाएं खानी होती हैं। इलाज के बीच में दवा बंद नहीं की जा सकती है, लेकिन दवाएं उपलब्ध न होने से रोगी दवाएं नहीं खा पा रहे हैं। रोगी बढ़ी हुई समस्या के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं।

> *टीबी की दवाओं की उपलब्ध जरूरत अनुसार नहीं है। रोगियों को बिना दवा नहीं लौटाया जा रहा है। डाट्स सेंटर पर रोगियों को दो से तीन दिन की दवाएं दी जा रही है। उम्मीद है कि एक हफ्ते में किल्लत दूर हो जाएगी।*
> **- डॉ. एके सिंघल, स्टेट टीबी ऑफिसर**

गांवों में 18 घंटे बिजली के रोस्टर पर उपभोक्ताओं ने जताया रोष

लखनऊ। उपभोक्ता परिषद द्वारा शनिवार को आयोजित आनलाइन गोष्ठी में ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर व्यवस्था लागू कर फिर से 18 घंटे बिजली दिए जाने पर रोष व्यक्त किया गया। उपभोक्ताओं ने कहा कि 18 घंटे के रोस्टर के मुकाबले गांवों में महज 12-13 घंटे ही बिजली की सप्लाई दी जा रही है। मुख्यमंत्री से मांग की गई कि ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली सप्लाई देने का आदेश पावर कारपोरेशन को दें। इस कार्यक्रम से कई जिलों के उपभोक्ता जुड़े हुए थे। उपभोक्ताओं ने कहा कि जब ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली दिए जाने का आदेश रहेगा तब बामुश्किल 18 घंटे बिजली मिल पाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में वितरण सिस्टम ऐसा नहीं है कि लगातार 24 घंटे बिजली सप्लाई का भार संभाल सके। ग्रामीण क्षेत्र में 90 प्रतिशत फीडरों पर छह घंटे का ब्रेकडाउन आम बात है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ी जाएगी। परिषद इस मुद्दे पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री सहित विपक्ष के प्रमुख नेताओं से मुलाकात करके इस मुद्दे को उठाएगा।

केंद्र-राज्य सरकार को आर्थिक आधार पर योजनाओं के लाभ का आदेश नहीं दे सकता

हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ का आदेश

संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक जनहित याचिका में सुनवाई के बाद कहा कि वह केंद्र व राज्य सरकार को ऐसे आदेश नहीं दे सकती कि वह एससी, एसटी, ओबीसी या अल्पसंख्यक होने के आधार पर नहीं बल्कि आर्थिक आधार पर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दें।

न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि यह केंद्र व राज्य सरकार का नीतिगत मामला है। अदालत के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। न्यायालय ने यह भी कहा कि यदि याची चाहें तो समस्त दस्तावेजों के साथ वे अपनी बात सरकार या फिर सांसद-विधायकों के समक्ष रख सकते हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने सत्य नारायण शुक्ला व अन्य की ओर से वर्ष 2018 में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद पारित किया। याचिका के माध्यम से याची ने न्यायालय को बताया कि जाति या धर्म के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाना संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुसार समानता के अधिकार का उल्लंघन है।

याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि सरकार द्वारा सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक आधार पर लोगों के लिए कई योजनाएं चलाई गई हैं।

कहा गया कि जाति और धर्म के आधार पर पहले चलाई गई समाजवादी पेंशन स्कीम को बंद कर दिया गया। वर्तमान में आय के आधार पर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कहा गया कि वर्तमान में राज्य सरकार जो भी लाभकारी योजनाएं चला रही है उनका लाभ जाति या धर्म के आधार पर नहीं दिया जा रहा है।

सीएमएस के छात्रों ने लगाए पौधे

लखनऊ। सीएमएस राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के छात्रों ने वन महोत्सव सप्ताह के तहत शनिवार को स्कूल परिसर के आसपास पौधे लगाये। बच्चों ने पर्यावरण सुरक्षा एवं हरी-भरी धरती के लिए लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। विशेष सचिव सिंचाई डॉ. हीरा लाल पौधे लगाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी का सामूहिक प्रयास पर्यावरण संवर्धन हेतु जनमानस के विचारों एवं जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन लायेगा। छात्रों ने जनमानस को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ ही स्वयं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। छात्रों ने फलदार व छाया देने वाले पौधे लगाये। स्कूल की प्रधानाचार्या निशा पाण्डेय ने कहा कि छात्र पर्यावरण के प्रति बेहद जागरूक हैं। पर्यावरण, स्वच्छता, जल संरक्षण, उर्जा संरक्षण इत्यादि में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

48 घंटे तक गरज-चमक के साथ होगी बरसात

संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में रुक-रुककर बारिश हो रही है। शनिवार सुबह से ही काले बादल छाए और दिन भर रुक-रुककर बारिश होती रही। मौसम विभाग ने आज तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। साथ ही हवा की रफ्तार भी 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल सकती है। दिन का अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री तक रहेगा।

48 घंटे तक गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं, शुक्रवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री रहा। यह सामान्य तापमान से 2.1 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री रहा। यह 1.5 डिग्री अधिक रहा। अधिकतम आद्रता 91 फीसदी और न्यूनतम 79 फीसदी दर्ज किया गया। उमस भरी गर्मी के चलते लोगों को परेशानी हुई। पिछले 24 घंटे में 1.7 मिलीमीटर बारिश का औसत रहा, जबकि सामान्य तौर पर 5 मिलीमीटर बारिश इस दौरान होती है। हनुमान सेतु में 2.2 और एयरपोर्ट क्षेत्र में 0.8 फीसदी बारिश हुई।

1 जून से अभी तक लखनऊ में 52.9 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि इस दौरान 110.5 मिलीमीटर बारिश का सामान्य औसत है। वहीं, शुक्रवार को सुबह 8रू30 बजे से शाम पांच बजे तक 0.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ में आगामी 48 घंटों के दौरान गरज-चमक के साथ मध्यम बारिश के साथ कहीं-कहीं भारी बरसात होने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि मध्य समुद्र तल पर मानसून द्रोणी के अपनी सामान्य स्थिति से थोड़ा दक्षिण में जैसलमेर से सीकर, उरई, चुर्क, डाल्टनगंज, पुरूलिया और कोंटाई होते हुए उत्तर.पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक जा रही है।

बक्शी का तालाब तहसील पहुंचे जिलाधिकारी

संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने तहसील परिसर में पौधरोपण भी किया

संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के जिलाधिकारी बख्शी का तालाब तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की फरियाद सुनने पहुंचे। उनके साथ जिले से सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समाधान दिवस पर डीएम के पहुंचने से शिकायतकर्ताओं की भीड़ लग गई।

वहीं, जिलाधिकारी और डीसीपी उत्तरी ने तहसील परिसर में वृक्षारोपण किया। जिलाधिकारी व्यस्त कार्यक्रम के चलते लगभग एक घंटे बाद चले गए। बीकेटी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

जिलाधिकारी के पहुंचने पर गेट के पास खड़े शिकायतकर्ता सोनवा गांव निवासी बलराम द्विवेदी ने शिकायत की। कहा कि उनका विकलांग पेंशन नहीं आ रहा है। इस संबंध में उन्होंने बीकेटी खंड विकास कार्यालय के एडीओ समाज कल्याण को तत्काल निर्देशित किया।

वहीं, अधिवक्ता अरुण कुमार बाजपेई ने शिकायत की है। उनके आवास जाने वाला मार्ग जर्जर है, जिससे उन्हें कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। जिलाधिकारी से बानगांव निवासी अजमत अली ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी कि उनका नाम वरासत में दर्ज नहीं था।

जिसकी वजह से नायब तहसीलदार ने वरासत दर्ज करने के लिए 2023 में आदेश दिया था लेकिन लेखपाल वरासत दर्ज करने में हीलाहवाली कर रह था। जिलाधिकारी ने लेखपाल को तत्काल वरासत दर्ज करने के लिए आदेशित किया।

जिलाधिकारी व्यस्तता के चलते लगभग एक घंटे तक जनसमस्याएं सुनने के बाद तहसील परिसर में वन महोत्सव सप्ताह के अवसर पर वृक्षारोपण किया और वापस चले गए। उनके साथ डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने भी पौधारोपण किया।

ऊर्जा विभाग में हड़ताल पर एस्मा

अगले 6 महीने तक कोई भी हड़ताल नहीं हो सकेगा, बिना वारंट भी होगी गिरफ्तारी

संवाददाता

लखनऊ। ऊर्जा विभाग में हड़ताल पर एस्मा एक बार फिर से बढ़ा दिया गया है। पिछले साल हुए हड़ताल के दौरान एस्मा लगाया गया था। उस दौरान एस्मा के तहत बड़े स्तर पर कार्रवाई हुई थी। तब से लगातार हर छह महीने बाद एस्मा लागू किया जा रहा है।

छह महीने समाप्त होने के बाद एक बार फिर से उसकी समय सीमा बढ़ा दी गई है। अब अगले छह महीने तक अगर कोई हड़ताल होती है तो उसको सरकारी आदेश के खिलाफ माना जाएगा। बता दें कि मौजूदा समय बिजली कटौती और फॉल्ट बड़े स्तर पर हो रहा है। दूसरी तरफ पिछले दिनों अभियंता संघ के अधिवेशन में इंजीनियरों ने प्रमुख सचिव ऊर्जा के खिलाफ ऐलान कर दिया था कि अगर सस्पेंड हुए लोगों की जल्द बहाली नहीं होती है तो हड़ताल किया जाएगा। ऐसे में एक बार फिर से एस्मा लगा दिया गया है।

क्यों लगाया जाता है एस्मा

किसी राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा यह कानून अधिकतम छह माह के लिए लगाया जा सकता है। इस कानून के लागू होने के बाद यदि कर्मचारी हड़ताल पर जाते हैं, तो उनका यह कदम अवैध और दंडनीय की श्रेणी में आता है। एस्मा कानून का उल्लंघन कर हड़ताल पर जाने वाले किसी भी कर्मचारी को बिना वारंट गिरफ्तार किया जा सकता है।

रिटायर्ड-आईआरएस के घर नाबालिग को पीटा

बीजेपी नेता ने बेडरूम में जड़े कई थप्पड़

संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में एक नाबालिग से मारपीट की गई। लड़की के बेडरूम में घुसे युवक ने उसे गालियां दी और कई थप्पड़ मारे। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

वहीं, समाजवादी पार्टी ने इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

सपा ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए आरोपी को भाजपा नेता बताया। सपा द्वारा सरकार और बीजेपी से कई सवाल पूछे गए हैं।

पीड़िता ने पुलिस को जो तहरीर दी है उसमें बताया कि मैं मूलरूप से लखीमपुर खीरी के धौरहरा की रहने वाली हूं। मेरे चाचा का घर गोमती नगर के विशाल खंड में है। यहीं पर मैं रहकर पढ़ाई करती हूं। चाचा रिटायर्ड आईआरएस हैं। चाचा के घर नीलगांव स्टेट, सिधौली के प्रबल प्रताप सिंह पुत्र संजय सिंह का आना-जाना है। बीते 12-13 जून की रात प्रबल प्रताप सिंह अपने साथियों के साथ घर में घुसा। घर छोड़कर जाने को कहने लगा। छेड़छाड़ करते हुए कपड़े भी फाड़ दिए। इस बात का विरोध करने पर आरोपी अपने पिता संजय को फोन लगा कर स्पीकर ऑन करके बात की। संजय ने मुझे भद्दी-भद्दी गालियां दी। गाली गलौज का विरोध करने पर आरोपी प्रबल दोबारा पिटाई शुरू कर दिया।

इस घटना का वीडियो मैंने चोरी से अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। रिकॉर्डिंग देख प्रबल प्रताप मेरा मोबाइल तोड़ दिया। इसके बाद चाचा ने पिटाई का विरोध करते हुए पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद आरोपी मौके से भाग गया। सपा ने लिखा-वीडियो में एक नाबालिग मासूम बच्ची को मां बहन की गालियां देता ये भाजपा नेता है। बच्ची के साथ रेप करने की कोशिश की गई है। कपड़े फाड़ने की कोशिश करने वाला ये हैवान, दरिंदा भाजपा नेता है। बच्ची को डराने धमकाने और गाली देकर थप्पड़ मारने वाला ये इंसान के रूप में शैतान भाजपा नेता है। भाजपाइयों द्वारा भाजपा शासित योगी सरकार में बहन-बेटियों के सुरक्षा के हालात यही हैं। शर्म करें सीएम योगी जी महाराज आरोपी प्रबल प्रताप सिंह का जो फोटो समाजवादी पार्टी मीडिया सेल ने शेयर किया है, वह चर्चा का विषय है। आरोपी जिस गाड़ी के पास खड़ा है उसके पीछे वाले कांच में बीजेपी का स्टीकर है।

इसी स्टीकर में भारत सरकार भी लिखा हुआ है। इंस्पेक्टर गोमती नगर दीपक कुमार पांडेय का कहना है कि घटना 13 जून की है। पीड़िता की शिकायत पर 323, 504, 506, 427, 452 एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

सीएमओ कार्यालय में किन्नरों ने किया प्रदर्शन

लखनऊ। मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मेडिकोलीगल गलत बनाए जाने के गंभीर आरोप लगे हैं। नाराज किन्नरों ने शनिवार को सीएमओ कार्यालय आकर अधिकारियों से नाराजगी जाहिर की। मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया। मोहनलालगंज के मऊ गांव निवासी सोनू हरि कथा वाचक हैं। आरोप है कि सोमवार शाम ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड की सदस्य व शिव ट्रांसजेंडर फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रियंका सिंह रघुवंशी के घर पहुंचा था। सोनू ने उन पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। नाराज प्रियंका अपने किन्नर साथियों के साथ बुधवार सुबह नौ बजे आरोपी के घर पहुंचकर विरोध जताया था। इस पर सोनू व उसका बेटा वैभव, मां, पत्नी व चार अज्ञात लोगों ने प्रियंका पर हमला कर दिया। हमले में प्रियंका के शरीर व सिर में गहरी चोटे आईं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा लिख लिया। पीड़ित किन्नर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए।

दोस्ती टूटने पर युवती पर बम फेंकने की धमकी, गिरफ्तार

पीजीआई पुलिस ने भी शोहदे को दबोचा

संवाददाता

लखनऊ। दोस्ती टूटने से नाराज युवक ने बम फेंकने और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। आरोपी की हरकतों से सहमी युवती ने परिवार को घटना की जानकारी देते हुए चिनहट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। जिसके आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उधर, पीजीआई पुलिस ने छेड़छाड़ का विरोध करने पर मारपीट और गला दबाने का प्रयास करने वाले आरोपी को दबोचा है।

युवती की पिटाई कर दबाया गला

युवती के साथ छेड़छाड़ और गला दबाने का प्रयास करने वाले रवि कुमार को पीजीआई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी कई दिनों से पीड़िता का पीछा कर रहा था। विरोध करने पर युवती के भाई के साथ गाली गलौज की थी।

बात करो वरना वीडियो वायरल कर दूंगा

चिनहट निवासी पीड़िता की दोस्ती गोलू यादव से थी। कुछ वक्त पूर्व मनमुटाव होने के चलते युवती ने दोस्ती तोड़ दी। फोन पर बात करना भी बंद कर दिया। इस बात से नाराज गोलू यादव ने युवती का पीछा करना शुरू कर दिया। कई बार गलत हरकत भी की। विरोध करने पर गोलू वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। पीड़िता के मुताबिक दो दिन पूर्व घर से निकलते ही गोलू ने रास्ता रोक लिया। उसके हाथ में सुतली बम था। जिसे दिखाते हुए बोला कि अगर मुझसे बात नहीं करोगी। तो बम मार दूंगा। गोलू की धमकी से खौफजदा पीड़िता ने चिनहट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। जिसके आधार पर गोलू यादव को गिरफ्तार किया गया है।

दोगुने मुनाफे का झांसा देकर पूर्व सैनिक से 35 लाख वसूले

कम्पनी निदेशक और पूर्व सहयोगी पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

लखनऊ। रियल एस्टेट कम्पनी में किए गए निवेश पर दोगुने मुनाफे का लालच देकर रिटायर सैन्यकर्मी से 35 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। आरोपी सेना से रिटायर है। जो बिग सिटी के नाम से रियल एस्टेट कम्पनी का संचालन करना है। पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

तेलीबाग भगवती विहार निवासी पूर्व सैन्य कर्मी सेहो सहाय के साथ अनुज सिंह रजावत सेना में कार्यरत था। रिटायरमेंट के बाद अनुज ने बिग सिटी ग्रुप के नाम से फर्म बनाई। जिसमें निवेश के लिए सेहो सहाय से सम्पर्क किया। बातचीत में आरोपी ने बताया कि जमीन के काम में बहुत मुनाफा होता है। मैं बड़े स्तर पर जमीन खरीद रहा हूं। जिसमें प्लॉट बुक कराने के साथ निवेश पर दोगुना मुनाफा मिलेगा। पूर्व सहकर्मी पर विश्वास कर सेहो सहाया ने करीब 35 लाख रुपये का निवेश किया। इसके अलावा परिचितों को भी स्कीम बताई। आरोप है कि रुपये ऐंठने के बाद अनुज ने जमीन नहीं दी और रुपये लौटाने से मना कर दिया। कई बार कहने पर अनुज धमकाने लगा। जिससे परेशान होकर पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली में तहरीर दी। आरोपी के खिलाफ मुकदमा नहीं लिखे जाने पर सेहो सहाय ने न्यायालय में अर्जी दायर की थी। जहां से आदेश मिलने पर अनुज सिंह रजावत के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

सांप काटने से किसान की मौत

बारिश से बचने के लिए छप्पर में बैठे, वहीं पर सांप ने काटा, इलाज के दौरान दम तोड़ा

संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज इलाके में सांप के काटने से एक किसान की मौत हो गई है। वह खेत की देखरेख के लिए गए थे, तभी पानी बरसने लगा। जिससे बचने के लिए वो छप्पर के नीचे के खड़े हो गए। वहीं पर ने उन्हें काट लिया, जिससे मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के मुताबिक, इचवलिया, गोसाईगंज के रहने वाले विनोद (50) पुत्र राधे लाल किसान हैं। शुक्रवार-शनिवार की देर करीब 12 बजे धान का खेत को देखने गए थे। तभी तेज बारिश हो लगी। जिससे बचने के लिए पास में बने छप्पर के नीचे बैठ गए। वहीं अगल-बगल के खेत मालिक भी बैठे थे। विनोद वहीं पर लेट गए। इस दौरान उनकी दाएं हाथ की ऊंगली में सांप ने काट लिया।

विनोद हाथ को झटका देते हुए उठे लेकिन सबने सोचा कि कोई कीड़ा काटा होगा। कुछ देर में वे बेहोशे होने लगे। तभी साथियों ने टॉर्च जलाया तो सांप भागते हुए दिखा। जिसके बाद उन्हें गोसाईगंज सीएचसी ले जाया गया। वहां से प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें केजीएमयू अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान विनोद की मौत हो गई। विनोद के परिवार में पत्नी रूपरानी और 5 बच्चे सोनू, मोनू, करण, रोशनी और सुभाषिनी हैं।

सम्पादकीय

भावना, शोषण और त्रासदी

आज के जटिल तनावों के बीच साधारण आदमी मन की शांति भी चाहता है और अपनी तमन्नाओं को फलीभूत भी करना चाहता है। इन दोनों कामनाओं की पूर्ति के लिए वह भटकता रहता है। उस मनस्थिति में अगर कोई उठ कर हाथ थामने का स्वाँग भी भरे तो बड़ी राहत मिलती है। कुछ ऐसा ही हुआ जब भक्ति, समर्पण और जीवन में उत्कर्ष की आकांक्षा लिए निष्ठा के साथ इकट्ठा हुए श्रद्धालु भक्तों के हुजूम के बीच अचानक हुई भगदड़ के दौरान बीती दो जुलाई को सवा सौ लोगों को असमय ही अपनी जानें गंवानी पड़ी और बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए । यह विचलित कर देने वाला दुखद हादसा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक छोटे से शहर हाथरस के एक गांव में हुआ। यह मानवीय त्रासदी जनता, धर्म गुरुओं, उपदेशकों और जन-व्यवस्था के लिए ज़िम्मेदार सरकार सब के सामने कई तरह के सवाल छेड़ गई । आज इक्कीसवीं सदी के ज्ञान युग में विकसित भारत का दम भरने वाले, विश्व की तीसरी अर्थ व्यवस्था का सपना संजोने वाले हम सब को विचार के लिए बाध्य कर रही है। हमें सोचना होगा और व्यवस्था में सुधार लाना होगा। सामाजिक स्तर पर मानसिकता में सुधार की भी गुंजाइश है। राजनीतिक और सामाजिक विमर्श में तर्क, वैज्ञानिक बोध और आध्यात्मिकता के महत्व की अनदेखी नहीं की जा सकती। सब कुछ धन सम्पदा और अर्थ से ही नही चलेगा ङ्क न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्य- । हम सब मानव स्वभाव की रीति-नीति और उतार चढ़ाव को विस्मृत नहीं कर सकते।

इस भीषण दुर्घटना के नायक सूरजपाल सिंह जाटव उर्फ़ परमात्मा भोले बाबा नारायण साकार हरि नामक शख़्स है। अब तक मीडिया में आई जानकारी के अनुसार यह एक भूतपूर्व सजायाफ़्ता पुलिस कर्मी और वर्तमान में स्वघोषित और स्वयंभू धर्म गुरु हैं जो जनता के आध्यात्मिक मार्ग दर्शक बन कर लोकोपकार में जुटे हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पिछड़ी जातियों और ग़रीबों के बीच उनहोने उद्धारकर्ता के रूप में अपनी अच्छी ख़ासी मसीहाई क़िस्म की छवि बना ली है । उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार, और उत्तराखंड में इस बाबा की आवाजाही है। वहाँ पर उनकी अच्छी पैठ बन चुकी है। भोली-भाली गरीब जनता में प्रसिद्धि फैली हुई है कि साकार हरि के आश्रमों में लगे हैंड पम्प से निकलने वाला पानी अनेकानेक रोगों की दवा है। इसी तरह उनकी चरण-धूलि की भी प्रसिद्धि है। उसे स्वास्थ्यवर्धक, कल्याणकारी और विघ्न विनाशक घोषित किया गया है । आज एटा, मैनपुरी, कासगंज तथा आगरा आदि कई स्थानों पर भोले बाबा के आश्रम बन गए जहां उसके अनुयायियों ने गुरु के लिए सर्वसुविधासम्पन्न आलीशान व्यवस्था बना दी है । स्वयं साकार हरि सफ़ेद सूट धारण करते हैं और आधुनिक रुचि की वस्तुओं के शौक़ीन हैं। अपनी भव्य प्रस्तुति में वह ईश्वरीय सत्ता को उपस्थित करते हैं और अधर्म के नाश को अपना उद्देश्य बताते हैं। आम जनता में वे भोले बाबा के रूप में विख्यात हैं।

प्राप्त सूचना के अनुसार हाथरस में घटनास्थल पर भोले बाबा का प्रवचन और सत्संग चल रहा था। मौक़े पर पुलिस भी थी और कुछ सरकारी अधिकारी भी थे, पर एकत्र हो गए जन समूह के आकार के हिसाब से इनकी संख्या बहुत कम थी । इस समागम में दो लाख से भी अधिक लोग दिव्य सत्संग का लाभ उठाने के लिए उपस्थित हुए थे, हालाँकि सूचना के मुताबिक़ मुख्य सेवादार ने इस कार्यक्रम में सिर्फ़ अस्सी हज़ार लोगों के उपस्थित होने के लिए ही सरकारी स्वीकृति ली थी । भक्तों में प्रचारित मान्यता के अनुरूप वहाँ जुटी विशाल भीड़ परमात्मा जिस पथ पर चलते हुए आगे गए थे उस पथ पर फैली-पसरी पवित्र और चमत्कारी चरण-रज इकट्ठा करने के लिए व्यग्र हो गई और दौड़ पडी । लोग चल पड़े और अपर्याप्त व्यवस्था के चलते उमड़ती भीड़ के आग सब कुछ बेक़ाबू होता गया।

बाबा के शरीर-रक्षकों के साथ वहाँ उपस्थित कुछ भक्तों और अनुयायियों के बीच हाथापाई हुई। भीड़-भड़क्का अनियंत्रित होता गया और अव्यवस्था का दायरा बढ़ता गया और तभी लोगों में भगदड़ मच गई । सब कुछ बेलगाम अनियंत्रित होता गया। बताया जाता है कि हाई वे से नीचे लगे खेत में लोग एक दूसरे पर गिरते रहे और कुचले जाते रहे । वे गिरने और कुचले जाने के अलावे कुछ न कर सकने की स्थिति में थे । मृतकों में महिलाओं और बच्चों की संख्या अधिक है । इन (सबसे बेख़बर!) या इस घटना क्रम को दर किनार करते हुए बाबा अपनी मोटर गाड़ी में बैठ आगे चल दिए थे । बाबा के राजनीतिक सम्पर्क हैं। वे एफ आइ आर में दर्ज नहीं हैं न ही अभी तक उनका कोई पता है।वे फ़रार हैं और कहीं भूमिगत हैं और उन पर कोई कारवाई नहीं हो सकी है । कुछ सेवादार ज़रूर पकड़े गए हैं।

एक गाँव में दो ढाई लाख की भीड़ का जुटना और वहाँ सत्संग में जमे रहना लोगों के सामाजिक और मानसिक गतिकी की तरह भी इशारा करता है। निश्चय ही उत्साह, उमंग, जिज्ञासा और अपना जीवन संवारने की अभिलाषा भीड़ के उमड़ने में ख़ास कारण रही होगी।

लक्ष्य पर डटे हुए हैं राहुल

प्रो. रविकांत

> **धार्मिक उन्माद के जरिए मॉब लिंचिंग और दलित-आदिवासियों के उत्पीड़न की हजारों घटनाएं सामने आई हैं। नरेंद्र मोदी को लगता था कि सांप्रदायिक विभाजन और धार्मिक उन्माद के जरिए फिर से चुनावी सफलता हासिल कर लेंगे। लेकिन चुनावी नतीजे बताते हैं कि सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग, चुनाव आयोग, गोदी मीडिया और लाखों करोड़ों रुपए झोंकने के बावजूद देश की जनता ने नरेंद्र मोदी और भाजपा को नकार दिया है। हालांकि नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के समर्थन से सरकार बनाने में कामयाब जरूर हुए हैं, लेकिन राहुल गांधी लगातार देश के लोगों के मुद्दों को उभारकर नरेंद्र मोदी के लिए मुसीबतें पैदा कर रहे हैं।**

18वींलोकसभा के पहले सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिए गए भाषण की चर्चा लगातार हो रही है। एक घंटे से अधिक समय तक दिए गए अपने भाषण में राहुल गांधी ने अग्निवीर, बेरोजगारी और महंगाई जैसे बुनियादी मुद्दों से लेकर के मणिपुर जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। अपने भाषण में राहुल गांधी ने बड़ी बेबाकी से नरेंद्र मोदी की राजनीति को बेपर्दा किया।

गोदी मीडिया के सहारे नरेंद्र मोदी अपनी असफलताओं को बड़े करीने से छुपाते रहे हैं। इसी कॉरपोरेट मीडिया और भाजपा के आईटी सेल द्वारा देश में सांप्रदायिक जहर फैलाकर समाज को विभाजित किया गया। धार्मिक उन्माद के जरिए मॉब लिंचिंग और दलित-आदिवासियों के उत्पीड़न की हजारों घटनाएं सामने आई हैं। नरेंद्र मोदी को लगता था कि सांप्रदायिक विभाजन और धार्मिक उन्माद के जरिए फिर से चुनावी सफलता हासिल कर लेंगे। लेकिन चुनावी नतीजे बताते हैं कि सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग, चुनाव आयोग, गोदी मीडिया और लाखों करोड़ों रुपए झोंकने के बावजूद देश की जनता ने नरेंद्र मोदी और भाजपा को नकार दिया है। हालांकि नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के समर्थन से सरकार बनाने में कामयाब जरूर हुए हैं, लेकिन राहुल गांधी लगातार देश के लोगों के मुद्दों को उभारकर नरेंद्र मोदी के लिए मुसीबतें पैदा कर रहे हैं।

राहुल गांधी ने अपने भाषण में वैचारिक स्तर पर भी भाजपा और आरएसएस को आईना दिखाया। हिंदू धर्म के आधार पर संप्रदायिक राजनीति करने वाली भाजपा को राहुल गांधी ने धर्म का मर्म समझाया। हिंदुओं के आराध्य भगवान शिव का चित्र दिखाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हिंदू धर्म हिंसक नहीं है। शंकर के बाईं भुजा की ओर त्रिशूल है। अगर हिंसा की भावना होती तो दाएं हाथ में त्रिशूल होता। शंकर का हाथ अभय मुद्रा में है। इसी तरह ईसा मसीह, भगवान बुद्ध और जैन महावीर का हाथ भी अभय मुद्रा में उठा हुआ है। इस्लाम में खुदा की इबादत में उठे हुए हाथ भी अभय मुद्रा में होते हैं।

इनका संदेश है, डरो मत डराओ मत! राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर हमला बोलते हुए कहा कि जो हिंदू धर्म के ठेकेदार हैं, जो हिंदू धर्म की राजनीति करते हैं, वे लोगों को डराते हैं, हिंसा और नफरत फैलाते हैं। जबकि हिंदू धर्म में हमें अभय होना सिखाता है। राहुल गांधी की इस बात की दुर्वयाख्या करते हुए नरेंद्र मोदी कहा कि है, श्यह गंभीर मसला है। पूरे हिंदू समाज को हिंसक बताया जा रहा है। संसद के इतिहास में संभवतया यह पहला मौका था, जब नेता प्रतिपक्ष के भाषण के बीच में नेता सदन यानी प्रधानमंत्री ने हस्तक्षेप किया हो और और भी दुर्भावना से प्रेरित होकर। वस्तुतः नरेंद्र मोदी ने अपने समर्थकों, पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को एक संकेत दे दिया कि राहुल गांधी के भाषण को हिंदू धर्म को हिंसक बताने के रूप में प्रचारित करना है।

दूसरे दिन जब नरेंद्र मोदी ने सदन में दो घंटे 16 मिनट का भाषण दिया तो वह भाषण राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर कम, राहुल गांधी के भाषण पर ज्यादा केंद्रित था। दरअसल, राहुल गांधी का भाषण बहुत तेजी से वायरल हुआ था। तमाम विश्लेषकों और बुद्धिजीवियों ने राहुल गांधी के भाषण को बहुत सराहा था। जबकि नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी की छवि को बिगाड़ने के लिए बेहद नाटकीय भाव भंगाओं के साथ भाषण दिया। इस भाषण में राहुल गांधी का मजाक ही नहीं उड़ाया गया था बल्कि कुछ और भी था। राहुल गांधी के खिलाफकी गई टिप्पणियों में एक किस्म की उत्तेजना थी। यही कारण है कि देश के अलग-अलग हिस्सों में भाजपा कार्यकर्ताओं, बजरंग दल और अनेक हिंदुत्ववादी संगठनों द्वारा राहुल गांधी का पुतला जलाया गया। उनके चित्र पर कालिख पोती गई। कांग्रेस कार्यालय और कार्यकर्ताओं पर हमले किए गए। इंटेलिजेंस द्वारा सूचना मिली है कि राहुल गांधी पर खतरा बढ़ गया है। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने डरो मत का नारा दिया था। अल्पसंख्यकों, दलितों, आदिवासियों पर कट्टरपंथी हिंदुओं द्वारा कभी गो तस्करी के नाम पर तो कभी कथित रूप से हिंदू धर्म का अपमान करने के लिए हमले किए जाते रहे हैं।

पिछले एक दशक में पूरे देश में एक भय का माहौल बनाया गया। सरकार की आलोचना करने वाले पत्रकारों और बुद्धिजीवियों को पुलिसिया तंत्र द्वारा प्रताड़ित किया गया। मध्यमवर्ग बोलने की हिम्मत नहीं कर पा रहा था। ऐसी परिस्थितियों में राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की। देखते ही देखते लाखों लोग राहुल गांधी के कारवां से जुड़ते चले गए। राहुल गांधी ने मजदूरों, किसानों, नौजवानों,महिलाओं की संवेदनाओं को महसूस किया। नतीजे में लोग राहुल गांधी के साथ खड़े हो गए। इसका असर 2024 के लोकसभा चुनाव पर भी दिखाई दिया। राहुल गांधी की प्रतिबद्धता जितनी समाज के प्रति बढ़ती जा रही है, उतनी ही उनकी प्रसिद्धि भी बढ़ती जा रही है। इसीलिए अब राहुल गांधी को डराने की कोशिश की जा रही है। सत्तातंत्र और हिंदुत्ववादी संगठनों के जरिए राहुल गांधी के खिलाफजो नफरत और हिंसा का प्रचार किया जा रहा है, वह बेहद भयावह और चिंताजनक है। राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी और दादी इंदिरा गांधी आतंकवादी हिंसा का शिकार हो चुके हैं। बावजूद इसके निर्भय राहुल गांधी संसद सत्र के समापन के बाद दिल्ली में मजदूरों से मिलते हैं। उनके साथ काम करते हैं और कहते हैं कि, श्हम चाहते हैं कि हाथ से काम करने वालों को सम्मान मिले।श् तमाम खुफिया सूचनाओं के बावजूद राहुल गांधी का जनता के बीच जाना जारी है। पिछले साल जातीय हिंसा की आग में जलते हुए मणिपुर के लोगों से मिलने के लिए राहुल गांधी राहत कैंपों में गए थे। लेकिन प्रधानमंत्री आज भी मणिपुर नहीं गए। इसीलिए राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी पर यह आरोप लगाया है कि, श्वह मणिपुर को भारत का राज्य ही नहीं मानते। मणिपुर के लोगों से उन्हें कोई मोहब्बत नहीं है।श् राहुल गांधी हाथरस और अलीगढ़ भी गए, जहां एक सत्संग कार्यक्रम के बाद मची भगदड़ में 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई। राहुल गांधी की सक्रियता उन हिंदुत्ववादी ताकतों के लिए पैगाम है कि वे उन्हें कितना भी भयभीत करें लेकिन वह अपने लक्ष्य से भटकने वाले नहीं हैं।

सरोकार

सीमा पर गतिरोध

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि चीन की साम्राज्यवादी नीतियां पूरे एशिया के लिये सिरदर्द बनी हुई हैं। चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते ही भारत से उसके संबंध अब तक सामान्य नहीं हो पाए हैं। लेकिन कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी के बीच हालिया बातचीत से दोनों देशों में संबंधों में सुधार की उम्मीद जगी है।

दोनों विदेश मंत्री शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में इस बात को लेकर सहमत हुए हैं कि वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी और शेष मुद्दों के समाधान के लिये राजनयिक और सैन्य चौनलों के माध्यम से दोगुने प्रयास किये जाएंगे। निश्चय ही गतिरोध की मौजूदा स्थिति में इस घोषणा को नई उम्मीद मानना चाहिए। लेकिन हकीकत यह भी है कि हाल के वर्षों में पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी गतिरोध को दूर करने को लेकर भी बीच-बीच में ऐसे दावे कई बार किये गए हैं। बहरहाल, कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के दौरान दोनों नेता इस बात को लेकर सहमत नजर आए कि द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिये नई पहल की जानी चाहिए। निस्संदेह, भारत और चीन एशिया की बड़ी ताकतें हैं और दोनों देशों की लंबी सीमा एक-दूसरे से लगती है। यह भी निर्विवाद सत्य है कि हम अपने पड़ोसी नहीं बदल सकते, ऐसे में सहयोग और विश्वास के रिश्ते दोनों देशों व दक्षिण एशिया के विकास के लिये भी जरूरी हैं। समय की जरूरत है कि शांति और अमन-चौन के लिये बीते गतिरोध से निकलकर जमीनी स्तर पर कुछ ठोस करने के लिये आगे बढ़ा जाए। विगत में बातचीत के राजनयिक व सैन्य स्तर पर कई दौर चले हैं, लेकिन विडंबना यही है कि धरातल पर प्रगति होती नजर नहीं आई। अब विश्वास किया जाना चाहिए कि बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों के बीच दोनों देशों की तरफ से संबंध सुधारने के लिये गंभीर प्रयास किये जाएंगे। निस्संदेह, चीन के छल-बल का लंबा इतिहास रहा है। भारत वर्ष 1962 के युद्ध के जख्मों को अभी तक नहीं भूला है। हालांकि, भारत राजनीतिक व सैन्य ताकत के रूप में उस दौर से कहीं आगे निकल गया है। यही वजह है दोनों देशों के बीच अविश्वास की कमी गाहे-बगाहे उभरकर आ ही जाती है। इसी विश्वास की कमी का उदाहरण सीमावर्ती गांवों में सैन्य उद्देश्य से किये जाने वाले विकास में भी नजर आता है। अरुणाचल को लेकर चीन द्वारा की जानी वाली घोषणाएं भारत को अक्सर असहज करती रही हैं। यही वजह है कि भारत ने चीन के प्रयासों का जवाब देने के लिए अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब गांव व बस्तियां बसाने का निर्णय किया है। उल्लेखनीय है कि चीन ने अपने क्षेत्रीय दावों को मजबूत करने और अपनी सैन्य तैयारी को बढ़ाने के लिये एलएसी के साथ छह सौ से अधिक समृद्ध गांव स्थापित किए हैं। जिसके जवाब में भारत ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम पिछले साल शुरू किया था। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लक्ष्य सीमावर्ती राज्यों मसलन अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख और सिक्किम के लगभग तीन हजार गांवों को इस दायरे में लाना है।

जिसके अंतर्गत सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी, आवास और पर्यटन सुविधाओं में सुधार पर ध्यान देना बड़ा मकसद है। इसका उद्देश्य है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिक से अधिक ग्रामीण सेना की आंख और कान बनने में मददगार हो सकें। दरअसल, इस चौतरफा बुनियादी ढांचे के निर्माण और सैन्य जमावड़े के मध्य, राजनयिक और सैन्य स्तर पर समय-समय पर होने वाली बातचीत अक्सर अनिर्णायक ही रही हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के मध्य कई बार के शिखर सम्मेलन के मध्य हुई बातचीत भी सार्थक नहीं हो पायी हैं। बहरहाल, एशिया की इन दो बड़ी शक्तियों के बातचीत में शामिल होने के बाद भी एलएसी के मानचित्रों का आदान-प्रदान करने में चीन की अनिच्छा रही, इसके बावजूद बातचीत की शुरुआत होना दोनों देशों के हित में कहा जाएगा।

आप कब शुरू करेंगे छोटे और मोटे अनाज का भोजन

आर.के. सिन्हा

कुछ ही दिन पहले हिन्द महासागर, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के त्रिवेणी संगम पर स्थित कन्याकुमारी के स्वामी विवेकानंद परिसर के विशाल सभागार में आयुष मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इंटरनेशनल आयुष समिट का तीन दिवसीय आयोजन हुआ था, जिसका की नोट स्पीच मैंने दिया था और समारोह का उद्घाटन केरल के माननीय राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान साहब ने किया। मेरा पूरा व्याख्यान रोगों से बचाव में छोटे और मोटे अनाज यानी मिलेट्स की उपयोगिता को लेकर ही था। मैंने उपस्थित सैकड़ों डॉक्टरों और विभिन्न मेडिकल कॉलेज के छात्रों से यही कहा कि आप अच्छे डॉक्टर मात्र बड़ी कम्पनियों की अच्छी और महंगी दवाइयां लिखने भर से नहीं कहे जायेंगे, बल्कि अच्छे डॉक्टर बनने के लिए आपको अपने मरीजों को यह भी बताना होगा कि वे जिस रोग से ग्रसित हैं, वे रोग उन्हें हुये क्यों और उससे बचा कैसे जा सकता है। यदि डॉक्टर रोगों की प्रतिरोधक क्षमता तैयार करने वाले छोटे और मोटे अनाजों के गुणों को ठीक से समझ लें तो उनका, उनके मरीजों का और पूरे समाज को भारी फायदा होगा। छोटे और मोटे अनाज सिर्फ प्रोटीन और फाइबर ही नहीं देते बल्कि, खाने वाले को शरीर में उत्पन्न हो रहे रोगों का निदान भी करते हैं क्योंकि, मोटे और खासकर छोटे अनाज के फाइबर (रेशे) मानव शरीर की सभी प्रमुख अंगों के कोशिकाओं या सेल्स को साफ भी करते हैं। यदि आप हाल के दिनों में दिल्ली गए हों तो देखेंगे कि राजधानी दिल्ली में भारत सरकार के बहुत से बड़े-बड़े दफ्तर निर्माण भवन, शास्त्री भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन आदि भवनों से चलते हैं। जाहिर है, जहां पर हजारों मुलाजिम काम करेंगे और रोज़ सैकड़ों बाहरी लोगों का भी आना-जाना लगा रहेगा, वहां पर कैंटीन तो होगी ही। पर निर्माण भवन की कैंटीन ने अपने को बदला है। वहां पर अब मोटे और छोटे अनाज से तैयार होने वाले पकवान भी परोसे जाने लगे हैं। हालांकि पिछले सात दशकों से यहाँ मात्र गेहूं और मैदे की बनी पकवानें ही मिला करती थीं।

यह एक तरह से यह वर्तमान मोदी सरकार की संकल्प शक्ति और दृढ़ इच्छा का ठोस संकेत है कि चालू वर्ष 2023 को चूँकि विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया गया जिसने मोटे और छोटे अनाज के प्रति जागृति पैदा कीढ्ढ अतः खान-पान में एक व्यावहारिक बदलाव की शुरुआत हुई और कोशिश यही रही कि अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष नाम भर का नहीं रह जाये। इसका प्रस्ताव भारत ने ही दिया था और भारत के इस प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 मार्च 2021 को अपनी स्वीकृति दे दी थी। इसका उद्देश्य विश्व स्तर पर मोटे और छोटे अनाज के उत्पादन और खपत के प्रति जागरूकता पैदा करना ही था ।दरअसल मोटे और छोटे अनाजों में पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं। बीटा-कैरोटीन, नाइयासिन, विटामिन-बी6, फोलिक एसिड, पोटेशियम, मैग्नीशियम, जस्ता आदि से भरपूर इन अनाजों को सुपरफूड भी कहा जाता है। ज्वार, बाजरा, रागी (मडुआ), मक्का, जौ, कोदो, सामा, सांवा, कंगनी, कुटकी चीना आदि जिसे लघु धान्य या श्री धान्य या श्री अन्न भी कहा जाता है, मोटे और छोटे अनाज की श्रेणी में आते हैं। लघु धान्य या कुटकी, कांगनी और साँवा जैसे अनाज मिलेट्स यानी छोटे अनाज होते हैं। इनका सेवन करने से हड्डियों को मजबूती मिलती है, कैल्शियम की कमी से बचाव होता है, ज्यादा फाइबर होने से पाचन दुरुस्त रहता है, वजन कंट्रोल होने लगता है, दुबले-पतलों का वजन कुछ बढ़ जाता है तो ज्यादा वजन वालों का घट कर बी.एम.आई. (बॉडी मास इंडेक्स) के स्तर पर घट जाता है ढ्ढ एनीमिया का खतरा कम होता है, यह डायबिटीज तथा दिल के रोगियों के लिए भी यह उत्तम माना जाता है।

जब इन दोनों रोगों की चपेट में लगातार लोग आ रहे हैं तब छोटे और मोटे अनाज का सेवन संजीवनी बूटी का काम कर सकता है। शादियों के सीजन में तो हर रोज भारी संख्या में विवाह हो रहे हैं। आपको भी विवाह समारोहों में भाग लेने के निमंत्रण मिल ही रहे होंगे। अगर विवाह के कार्यक्रमों में भी छोटे और मोटे अनाज से तैयार कुछ व्यंजन अतिथियों को परोसे जाएं, तो यह एक शानदार पहल होगी। आखिर हम कब तक वही खाएंगे, जो खाते चले आ रहे हैं और बीमार पड़ते चले जा रहे हैं। आज विश्व भर में सारी बीमारियों की जड़ गेहूं है।

मैं सलाह देता हूँ कि पाठक गूगल पर सर्च करके एक पुस्तक वीट बेली यानी गेहूं की तोंद नामक पुस्तक को डाउनलोड कर लें जिसने पूरे अमेरिका और यूरोप में तहलका मचाया हुआ है। वीट बेल अमरीकी वैज्ञानिकों द्वारा शोध के उपरांत तैयार एक ऐसी पुस्तक है जिसमें यह सिद्ध किया गया है कि गेहूं में पाया जाने वाला ग्लूटेन नाम का रसायन डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, मानसिक बीमारियों के साथ-साथ मोटापे की भी मुख्य वजह है। गेहूं छोड़िये और वजन घटाइए। अभी हम जिस गेहूं से पका हुआ भोजन कर रहे हैं, उससे हमारी सेहत बिगड़ रही है। देखिए अब देश वासियों को अपनी जुबान से ज्यादा अपनी सेहत पर तो ध्यान देना ही होगा। वह तब ही संभव है जब हम छोटे और मोटे अनाज को अपने भोजन का हिस्सा बनाने लगेंगे। अब इस लिहाज से देरी करने का समय नहीं रह गया है।

नजरिया

झारखंड में राजनीति का अप्रत्याशित मोड़ इंडिया ब्लॉक के पक्ष में

डॉ. ज्ञान पाठक

पिछले एक सप्ताह में झारखंड की राजनीति में ऐसा बदलाव आया है जिसकी भाजपा ने कभी उम्मीद नहीं की थी। हेमंत सोरेन जमानत पर जेल से पांच महीने बाद बाहर आ गये हैं, फिर से इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व कर रहे हैं, और मुख्यमंत्री पद पर सत्तारूढ़ हो गये हैं, जिससे भाजपा नेतृत्व काफी निराश है। 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा के चुनाव 5 जनवरी, 2025 से पहले पूरे होने हैं, जिस दिन सदन का कार्यकाल समाप्त होना है, जो 2024 के अंत तक हो सकता है।

हेमंत सोरेन ने कहा है कि उन्हें जानकारी है कि भाजपा जल्द ही झारखंड में विधानसभा चुनाव कराने की योजना बना रही है, लेकिन भाजपा का जीतने का सपना महज सपना ही रह जायेगा। विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड से भाजपा का सफाया हो जायेगा, उन्होंने भूमि घोटाले और मनीलॉन्ड्रिंग मामले में हाईकोर्ट से नियमित जमानत मिलने के अगले दिन ही कहा। प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ कई अन्य मामले भी हैं, जिनमें उन्हें गिरफ्तारी का डर है, और इसलिए वह भाजपा के खिलाफराजनीतिक रूप से आक्रामक हो गये हैं।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कथित तौर पर उनके खिलाफ साजिश रचने के लिए भाजपा की आलोचना की है। जेएमएम कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि-साजिश रचने वालों के खिलाफ विद्रोह होगा और श्झारखंड के लोग भाजपा को नहीं बख्शेंगे। भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोंकने का समय आ गया है।

आने वाले दिनों में झारखंड से भाजपा का सफाया हो जायेगा, उन्होंने कहा। सोरेन ने कहा, श्मुझे पता चला है कि वे विधानसभा चुनाव समय से पहले कराने की योजना बना रहे हैं... मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वे जब चाहें चुनाव करा लें... झारखंड में विधानसभा चुनाव जीतने का भाजपा का सपना मुंगेरीलाल के हसीन सपने जैसा होगा... भाजपा कई राज्यों में आदिवासियों को मुख्यमंत्री बना रही है, लेकिन वे सिर्फ रबर स्टैंप हैं। राज्य में राजनीतिक घटनाक्रम उम्मीद से कहीं ज्यादा तेजी से बदल रहे हैं। इंडिया ब्लॉक समय से पहले चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है। यही वजह है कि बुधवार को इंडिया ब्लॉक के विधायकों की सर्वदलीय बैठक में सोरेन को फिर से विधायक दल का नेता चुना गया, जिससे झारखंड के मुख्यमंत्री के तौर पर उनकी वापसी का रास्ता साफ हो गया। उन्होंने जमीन घोटाले से जुड़े पीएमएलए मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तारी की वजह से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद चंपई सोरेन विधायक दल के नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री चुने गये थे, जिन्होंने मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया ताकि हेमंत सोरेन फिर से मुख्यमंत्री बन जायें।

चंपई ने भाजपा पर तीखे हमले करते हुए हाल ही में कहा था कि- भाजपा दलितों और आदिवासियों और उनके समर्थकों को कभी भी शांति से रहने नहीं देगी। झामुमो और इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों के बीच नेतृत्व का स्पष्ट संदेश भेजने के लिए हेमंत सोरेन फिर से मुख्यमंत्री बने हैं। 28 जून को जमानत मिलने के दो दिन बाद ही हेमंत सोरेन ने सामंती ताकतों के खिलाफविद्रोह का ऐलान कर दिया। यह मौका ब्रिटिश शासन के खिलाफ 1855 के संताल विद्रोह की याद में मनाये जाने वाले हुल दिवस (विद्रोह का दिन) का था।

अंग्रेजों के खिलाफविद्रोह की इसी तर्ज पर मैं झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश से सामंती ताकतों को खदेड़ने के लिए हुल विद्रोह का ऐलान करता हूं। कहने की जरूरत नहीं कि हेमंत सोरेन की जमानत पर रिहाई के बाद झामुमो नेताओं और इंडिया ब्लॉक नेताओं का मनोबल काफी ऊंचा है। श्मेरी रिहाई के बाद भाजपा खेमे में दहशत है। भाजपा नेता एक बार फिर मेरे खिलाफसाजिश रच रहे हैं। मुझे झूठे मामलों में फंसाया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल उन लोगों के खिलाफकिया जा रहा है जो सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। झारखंड क्रांतिकारियों की धरती के रूप में जाना जाता है और हम जेल, लाठी या फांसी से नहीं डरते, श् श्री सोरेन ने कहा। दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के बीच जनता की प्रतिक्रिया ब्लॉक के लिए बहुत अनुकूल है। दूसरी ओर, भाजपा अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन को फिर से हासिल करने की पूरी कोशिश कर रही है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव 2024 में भी पार्टी ने 2019 में जीती गई अपनी 11 में से 3 सीटें खो दी थीं। नवंबर 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में, भाजपा ने 33.37 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 81 में से केवल 25 सीटें जीती थीं। महागठबंधन, जो अब इंडिया ब्लॉक है, ने 47 सीटें जीती थीं, जिससे वे भाजपा को सत्ता से बाहर करने में सक्षम थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एवं पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक-पंकज सिंह मो-9415067370 आरएनआई - UPHIN/2016/74800 मेल आईडी-karnvaninews@gmail.com website : karnvaninews.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।)

संक्षिप्त खबरें

दरोगा ने आरोपी से निभाई यारी... जांच में कर दिया खेल

बरेली। बरेली में ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने और भ्रष्ट पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई जारी है। एसएसपी अनुराग आर्य ने अब शेरगढ़ थाने के दरोगा को निलंबित कर दिया। दरोगा पर एक मामले में जानबूझकर ढिलाई बरतने का आरोप है। बरेली के शेरगढ़ थाने में तैनात दरोगा अली मियां जैदी को मनमानी भारी पड़ी। आरोपी पक्ष से यारी निभाने और विवेचना लंबित रखने में मामले में एसएसपी अनुराग आर्य ने दरोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। दरोगा के खिलाफ विभागीय जांच के भी निर्देश दिए हैं।दरोगा अली मियां जैदी पर आरोप है कि शेरगढ़ के गांव सिसौना निवासी राजाराम ने 11 अप्रैल को मारपीट की धारा में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसकी विवेचना दरोगा अली मियां जैदी कर रहे थे। आरोप है कि उन्होंने विवेचना में जानबूझकर ढिलाई बरती। इस बीच इलाज के दौरान 24 अप्रैल को राजाराम के बेटे जयवीर की मौत हो गई।आरोप है कि विवेचक जैदी ने प्रकाश में आए आरोपियों के खिलाफ कोई साक्ष्य ही नहीं जुटाया। न ही किसी आरोपी को गिरफ्तार किया। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की तो उन्होंने प्रारंभिक जांच कराई। आरोप पुष्ट होने पर एसएसपी अनुराग आर्य ने दरोगा अली मियां जैदी को निलंबित कर दिया।

पहाड़ों पर हो रही बारिश का पूर्वांचल की नदियों पर असर

वाराणसी। पहाड़ों पर हो रही बारिश का असर पूर्वांचल समेत पूरे प्रदेश की नदियों पर होने लगा है। नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार वाराणसी में गंगा का जलस्तर 58.27 मीटर पहुंच गया है। पहाड़ों पर हो रही बारिश के असर अब मैदानी इलाकों में नजर आने लगा है। गंगा के जलस्तर में भी अब तेजी से बढ़ाव शुरू हो गया है। बनारस में गंगा के जलस्तर में हर घंटे 10 मिलीमीटर की रफ्तार से बढ़ोतरी हो रही है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार देर शाम गंगा का जलस्तर 58.27 मीटर पहुंच गया था।शुक्रवार की सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार 24 घंटे में गंगा का जलस्तर 36 सेंटीमीटर बढ़कर 58.17 मीटर पहुंच गया था। गंगा के जलस्तर में 20 मिलीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ाव हो रहा था। दोपहर एक बजे गंगा का जलस्तर 58.22 मीटर दर्ज किया गया। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार गंगा के जलस्तर में सुबह दस बजे से 10 मिलीमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़ाव हो रहा है। शाम को छह बजे गंगा का जलस्तर 58.27 मीटर पहुंच चुका था और बढ़ाव जारी है। वाराणसी में गंगा का चेतावनी बिंदु 70.262 मीटर और खतरे का निशान 71.262 मीटर है। केंद्रीय जल आयोग की मानें तो पहाड़ों और मैदानी क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण गंगा के जलस्तर में बढ़ाव हो रहा है।

जनप्रतिनिधियों ने बताया झूठ, मंत्री ने कहा- कराएंगे जांच

बरेली। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री और बरेली जिले के प्रभारी जयवीर सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अफसरों ने विकास कार्य गिनाए तो जनप्रतिनिधियों ने उनके दावों की पोल खोल कर रख दी। बरेली में सड़क, बिजली, पानी, आवास, शौचालय, कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों ने प्रभारी मंत्री के सामने अफसरों की बखिया उधेड़कर रख दी। कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को तीन घंटे तक चली समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने कई मामलों की जांच के निर्देश दिए।शुक्रवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री और जिले के प्रभारी जयवीर सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने बताया कि जिले में प्रस्तावित 45 सड़कों में से 18 का कार्य पूरा हो चुका है। इस पर विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल ने फरीदपुर में पुल के अप्रोच मार्ग का निर्माण न होने की बात कही। नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य ने हुरहुरी गांव की खराब सड़कों का मुद्दा रखा। इस पर प्रभारी मंत्री ने सीडीओ को जांच कराकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई 688 गांवों की सड़कों को दुरुस्त कराने की रिपोर्ट जल निगम ने दी। जनप्रतिनिधियों की आपत्ति पर मंत्री ने जांच के निर्देश दिए।

मुंशी की जगह एआई लगा रहा केस में धाराए

आगरा। जनगरी में थानों में किया जा रहा नया प्रयोग सफल दिख रहा है। यहां मुंशी की जगह एआई केस में धाराएं लगा रहा है। इसके लिए बीटा एप का उपयोग हो रहा।उत्तर प्रदेश के आगरा में पीड़ित से तहरीर लेने के बाद केस में धाराएं लगाने का काम थाने के मुंशी अब ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से करा रहे हैं। कमिश्नरेट के पश्चिमी जोन के थानों में एक महीने से किया जा रहा यह प्रयोग सफल रहा है। भारतीय दंड संहिता और बीएनएस की नई धाराओं में माथापच्ची भी नहीं करनी पड़ रही।डीसीपी पश्चिमी जोन सोनम कुमार ने अपनी टीम के साथ बीटा एप बनाया है। एक महीने से इस पर काम किया जा रहा था।

बालक से अश्लीलता के दोषी को 20 साल की सजा

भदोही। भदोही में आठ साल के बालक से अश्लीलता करने के दोषी को अदालत ने 20 साल कठोर कारावास और 55 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। मामला वर्ष 2022 अक्तूबर माह का है। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) मधु डोगरा की अदालत ने बालक के साथ अश्लीलता करने के दोषी को 20 साल कठोर कारावास एवं 55 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई। करीब दो साल पूर्व औराई के एक गांव में हुई घटना में कोर्ट ने फैसला सुनाया।अभियोजन के मुताबिक पीड़ित की मां ने 30 अक्तूबर 2022 को औराई कोतवाली में तहरीर दी कि भरत यादव निवासी घटमापुर उसके आठ साल के लड़के का मुंह दबाकर उठा ले गए। डरा-धमकाकर उसके साथ अश्लीलता किया। कहा कि माता-पिता से बताओगे तो जान से मारकर नाले में फेंक देंगे। बच्चे की आवाज सुनकर वह एवं परिवार के अन्य सदस्य उस तरफ गए तो आरोपी भाग गया।

बरेली सेंट्रल जेल में ही रहेगा अंडरवर्ल्ड डॉन बबलू श्रीवास्तव

बरेली। पंकज महिंद्रा अपहरण कांड में बरी हुआ डॉन बबलू श्रीवास्तव को कस्टम अधिकारी की हत्या में उम्रकैद की सजा हो चुकी है। फिलहाल बबलू श्रीवास्तव और उसके दो गुर्गे बरेली सेंट्रल जेल में काफी समय से बंद हैं।प्रयागराज के पंकज महिंद्रा अपहरण कांड से बरी हुआ अंडरवर्ल्ड डॉन बबलू श्रीवास्तव फिलहाल बरेली सेंट्रल जेल में ही रहेगा। बताया जा रहा है कि कस्टम अधिकारी की हत्या के मामले में वह उम्रकैद की सजा काट रहा है। हालांकि, पिछले दिनों शासन ने उसके आचरण की रिपोर्ट तलब की थी। रिपोर्ट सकारात्मक होने पर उसे राहत मिल सकती है। ओमप्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू और उसके दो गुर्गे मंगेश व कमल किशोर सैनी बरेली सेंट्रल जेल में काफी समय से बंद हैं। उन्होंने कस्टम अधिकारी हत्याकांड में 25 साल की सजा काट ली है।

नेशनल हाईवे पर चलती कार से उठने धुआ

गाजीपुर। गाजीपुर जिले के गहमर कोतवाली क्षेत्र के बकैनिया में सर्विसिंग के लिए ले जाते समय कार से अचानक धुआं उठने लगा। जिसे देख चालक समेत कार में सवार सभी बाहर निकल गए। देखते ही देखते कार में आग लग गई।नेशनल हाईवे 124 सी पर गाजीपुर जिले के गहमर कोतवाली क्षेत्र के बकैनिया में अचानक कार में आग लग गई। थोड़ी ही देर में कार धू-धू कर जलने लगी। यह देख आसपास के लोगों सहित हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों की भीड़ जुट गई। प्रभारी निरीक्षक गहमर अशोक मिश्रा ने बताया कि देवल गांव के कुछ लोग शुक्रवार की देर शाम कार की मरम्मत कराने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान हाईवे पर बकैनिया गांव के पास कार के इंजन में शॉर्ट सर्किट के कारण धुआं निकलने लगा।

अखिलेश यादव ने गिरफ्तारियों पर उठाए सवाल

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि योगी सरकार हाथरस हादसे में छोटी-छोटी गिरफ्तारियां कर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रही है। उन्होंने कहा कि मामले में की जा रही गिरफ्तारियां अपने आप में एक षड्यंत्र हैं।हाथरस हादसे पर की जा रही कार्रवाई पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मामले ये गिरफ्तारियां स्वयं में एक षड्यंत्र हैं। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश शासन-प्रशासन हाथरस हादसे में अपनी नाकामी छुपाने के लिए छोटी-मोटी गिरफ्तारियां दिखाकर सैकड़ों लोगों की मौत से अपनी जिम्मेदारी का पल्ला झाड़ना चाहता है।

देव प्रकाश मधुकर पर चौंकाने वाला खुलासा

अनुयायियों से इसलिए जुटाए थे 27 लाख रुपये!

संवाददाता

एटा। हाथरस सत्संग कांड का मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर अनुयायियों से सत्संग के लिए रकम जुटाता था। ग्रामीणों के अनुसार, इस हादसे से पहले उसने 20 से 27 लाख रुपये अनुयायियों से एकत्रित किए थे। ऐसी चर्चा देव प्रकाश के गांव व आसपास के लोगों में है। शुक्रवार को मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर के गांव सलेमपुर में अमर उजाला की टीम पहुंची। सामने आया कि पिता रामसिंह और मां बृह्मादेवी गांव में रहती हैं। जबकि बड़ा भाई अखिलेश कस्बा निधौली कलां में रहता था। देवप्रकाश सेवादार के रूप में भोले बाबा का खास सिपहसालार है। उसको सत्संग के नाम पर रकम जुटाने की भी जिम्मेदारी दी गई थी। इसी सत्संग में 20 से 27 लाख रुपये जुटाने की बात तमाम लोगों के हवाले से सामने आई है। बताया जा रहा है कि सलेमपुर व आसपास के गांव सहित सिकंदराराऊ क्षेत्र में उसने कई अनुयायी बनाए थे। इन लोगों से सत्संग के नाम पर रुपये लिए थे।सेवादार देवप्रकाश मनरेगा में तकनीकी सहायक के पद पर ब्लॉक शीतलपुर में तैनात था। 20 गांवों का कार्य देख रहा था। वह एक जुलाई से बिना बताए अनुपस्थित चल रहा है।

सिकंदराराऊ हादसे का मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर एटा जिले में मनरेगा में तकनीकी सहायक के रूप में तैनात है। हादसे के बाद वहां उसके खिलाफ सेवा समाप्ति की कार्रवाई की तैयारी भी शुरू हो गई है। सत्संग आयोजन में उसकी लगन को देखते हुए उसे मुख्य सेवादार की जिम्मेदारी दी गई थी।सिकंदराराऊ के फुलरई मुगलगढ़ी में हुए सत्संग की अनुमति भी देवप्रकाश ने ही उपजिलाधिकारी सिकंदराराऊ से ली थी। इस कारण हादसे के बाद वह पुलिस के रडार पर है। उसके सिकंदराराऊ स्थित घर पर ताला लटका है। पुलिस कई बार उसके घर दबिश भी दे चुकी है।देवप्रकाश करीब 10 वर्ष पूर्व वह एटा जिले के अवागढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत सलेमपुर गादरी के मजरा सलेमपुर को छोड़कर सिकंदराराऊ में आकर बस गया।

दबंग युवक ने किशोरी को पीटा, वीडियो वायरल होने पर एफआईआर दर्ज

संवाददाता

लखनऊ। गोमतीनगर थाना क्षेत्र में रविवार को एक वीडियो सोशल मीडिया सार्वजनिक हो रहा है। इसमें एक युवक घर में घूसकर किशोरी और उसके परिवार को गंदी-गंदी गाली दे रहा है। जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट भी की। इस वीडियो को समाजवादी पार्टी की सोशल मीडिया टीम ने अपने एक्स पोस्ट करते हुए कार्रवाई की मांग की है। वहीं, गोमतीनगर पुलिस ने भी इसका जवाब देते हुए कहा कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।मूलरूप से लखीमपुर खीरी के धौरहरा में रहने वाली एक किशोरी ने गोमतीनगर थाना में तहरीर दी है। उसने बताया कि वह विशालखंड स्थित पूर्व आईआरएस अधिकारी के यहां रहकर पढ़ाई करती थी। घटना वाले दिन रात्रि नौ सीतापुर का रहने वाला राज प्रबल प्रताप सिंह घर आये और मेरे बेडरूम में घूस गये। मेरे साथ जबरदसती करने की कोशिश की, जिसका मैने विरोध किया तो मुझे मारापीटा। अपने पिता संजय सिंह को फोन कर स्पीकर पर लेते हुए दोनों ने मिलकर मुझे गंदी-गंदी गाली दी। जान से मारने की धमकी दी। जब उनकी हरकत मैने फोन में रिकार्डिंग करने का प्रयास किया तो उसने मेरा फोन भी तोड़ डाला। अंकल की सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपित वहां से भाग निकला।पीड़ित ने पिता-पुत्र के खिलाफ थाना में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। रविवार को सोशल मीडिया में किशोरी को पीटने और गाली देने का वीडियो तेजी से सार्वजनिक हो रहा है। सपा ने भी अपने सोशल मीडिया में इसे वायरल किया है।

उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि, वीडियो में एक नाबालिग मासूम बच्ची को मां बहन की गालियां देता ये भाजपा नेता है। बच्ची के साथ रेप करने की कोशिश की। कपड़े फाड़ने की कोशिश करने वाला ये हैवान दरिंदा भाजपा नेता है। बच्ची को डराने धमकाने और गाली देकर थप्पड़ मारने वाला ये इंसान के रूप में शैतान भाजपा नेता है।थाना गोमतीनगर पुलिस ने बताया कि थाना पर पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा चुका है। अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया है। शीघ्र ही अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

गंगा-यमुना का बढ़ रहा जलस्तर, इन 28 गांवों में बढ़ाई गई चौकसी

अलीगढ़। लगातर हो रही बारिश के कारण अलीगढ़ जनपद में गंगा-यमुना का जल स्तर बढ़ रहा है।दोनों नदियों के जलस्तर पर निगरानी के लिए 24 घंटे कंट्रोल रूम स्थापित करने के साथ ही बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। आपदा प्रबंधन टीमों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं।गंगा एवं यमुना का जल स्तर बढ़ने से अलीगढ़ जिले की अतरौली और खैर तहसील के 28 गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। इसे लेकर प्रशासन सतर्क है।एडीएम वित्त एवं राजस्व मीनू राणा ने बताया कि दोनों नदियों के जलस्तर पर निगरानी के लिए 24 घंटे कंट्रोल रूम स्थापित करने के साथ ही बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। आपदा प्रबंधन टीमों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं।तहसील खैर-महाराजपुर, फाजिलपुर, समसपुर, लालपुर, रैयतपुर, नरवारी, गिरधरपुर,

आधी रह गई सब्जी की आवक, मुरादाबाद में दाम हो गए दोगुने

महंगाई से बिगड़ने लगा किचन का बजट

संवाददाता

मुरादाबाद। मुरादाबाद में लगातार हो रही बारिश के कारण सब्जी के दाम लगातार बढ़ने लगे हैं। इससे लोगों की किचन का बजट गड़बड़ा गया है। दुकानदारों के मुताबिक मांग के अनुसार कम सब्जियां आने से यह परेशानी हो रही है। मुरादाबाद में बारिश के कारण मंडी समिति में सब्जी की आवक आम दिनों की अपेक्षा घटकर करीब आधी रह गई है। इसके कारण सब्जी के दाम बढ़ गए हैं। मंडी समिति से थोक में खरीद कर फुटकर व्यापारी तो दो गुने तक में बेच रहे हैं। बारिश को लेकर किसान, व्यापारी तो चिंतित हैं तो सब्जी के बढ़ते दाम को लेकर आमजन भी परेशान हैं। शहर में छह दिन पहले बारिश का सिलसिला शुरू हुआ था।जिसके बाद से ही जिले के आसपास क्षेत्रों, जिलों से लेकर नासिक, दिल्ली आदि से आने वाली सब्जियों की आवक कम होने लगी। आढ़ती विनोद शर्मा ने बताया कि बारिश में श्रमिकों का भी टोटा हो जाता है। इसके कारण सब्जी टूट नहीं पाती। बारिश में वाहनों के फंसने व पानी में अधिक समय तक भीगने से सब्जियों के खराब होने का खतरा भी रहता है।जिसकी वजह से सब्जी की आवक मंडी में कम हुई है।

दुबई में ट्रेनिंग...भारत में ठगी

दिल्ली के नागलोई में खोला दफ्तर, फिर शुरू कर दिया धंधा, दो युवक गिरफ्तार

संवाददाता

मुरादाबाद। मुरादाबाद पुलिस ने ठगी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों ने साइबर ठगी करने की ट्रेनिंग दुबई में रहने के दौरान ली थी। आरोपियों के पास से कई सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और पासबुक मिले हैं। भगतपुर पुलिस ने गेमिंग एप के जरिए लोगों से साइबर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों ने दुबई में रहकर छत्तीसगढ़ के युवकों से साइबर ठगी करने की ट्रेनिंग ली। दुबई से लौटने के बाद उन्होंने दिल्ली में अपना ठिकाना बनाया और लोगों को घर बैठने लाखों कमाने का लालच देकर ठगने लगे।शुक्रवार शाम दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि चार जुलाई को भगतपुर के सीतापुर बहेड़ी निवासी जीशान ने भगतपुर में केस दर्ज कराया था, जिसमें उसने बताया कि दो युवकों ने उसे पांच हजार रुपये हर माह देने का झांसा देकर बैंक में खाता खुलवाया था।आरोपियों ने जीशान की आईडी पर एक मोबाइल नंबर भी लिया था। आरोपी मेरे सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और पासबुक का दुरुपयोग कर रहे हैं। पुलिस ने जीशान की शिकायत पर दानिश और अफजाल निवासी ग्राम रोशनपुर बहेड़ी थाना भगतपुर के खिलाफ केस दर्ज किया।पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की। तब आरोपियों ने बताया कि वह दुबई के साफ्टवेयर के माध्यम से साइबर ठगी करने वाले छत्तीसगढ़ के गिरोह के संपर्क में हैं। इसी साफ्टवेयर के माध्यम से लोगों को गेम खिलाकर कमाई कराने का लालच देते थे।लोगों से ठगी करने वाली रकम को वह जीशान समेत अन्य लोगों के खाते में मंगवाते हैं। अब तक वह सैकड़ों लोगों से ठगी कर चुके हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, लैपटॉप, पासबुक, डेबिट कार्ड बरामद किया है।

डॉन दाऊद से जौनपुर के तस्करों का कनेक्शन

खेत में चलाते थे ड्रग्स की फैक्ट्री, ड्रम में लाते थे केमिकल

संवाददाता

जौनपुर। गाजीपुर जिले के तस्कर अभिषेक सिंह की गिरफ्तारी के साथ ही ड्रग्स तस्करी का भंडाफोड़ मुंबई पुलिस ने की थी। इसके बाद से ही जिले की पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। अभिषेक सिंह गांव के खेत में ही ड्रग्स फैक्ट्री चलाता था। वहीं इसे लेकर गांववालों को शक भी था।ड्रग्स मामले में गिरफ्तार अभिषेक सिंह गांव के खेत में ही ड्रग्स फैक्ट्री चलाता था। नीले ड्रम में केमिकल लाया जाता था, फिर उसे बनाकर बाहर भेजा जाता था। अभिषेक की तरफ से कहा जाता था कि मछली के लिए चारा बनाया जा रहा है। इसकी भनक ग्रामीणों को भी नहीं थी।अब मामले का भंडाफोड़ हुआ है। जिले का नाम अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के मुंबई में ड्रग्स कारोबार से जुड़ने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है। इस मामले में जिले के तीन तस्करों का नाम सामने आया है। इसमें से दो की गिरफ्तारी मुंबई से हुई है। मुख्य सरगना फरार है। हालांकि पुलिस इनका पता और इनके बारे में सारा विवरण तलाशने में शुक्रवार को भी लगी रही।अभिषेक सिंह मीरपुर बेलवा मड़ियाहूं का है, जो गांव में ही खेत में ड्रग्स की फैक्ट्री चलाता था। मुख्य सरगना सलीम डोला भी मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र का रहने वाला है, जो दुबई और तुर्की में बैठकर दाऊद के इस कारोबार को चलाता था।इस मामले में घनश्याम सरोज भी दबोचा गया है। मीरपुर बेलवा के ग्रामीणों के मुताबिक आरोपी अभिषेक कुमार पांच साल से यह काम कर रहा था।

साधनों की उपलब्धता बढ़ने से यूपी में बढ़ी परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता

संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के दंपतियों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। इसके तहत सारथी वाहन और सास बेटा बहू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश की सभी स्वास्थ्य इकाइयों में परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों (बास्केट ऑफ च्वाइस) के बारे में परामर्श देने के साथ निशुल्क वितरित किये जा रहे हैं। सीएम योगी की मॉनीटरिंग का ही नतीजा है कि प्रदेश में ÷परिवार नियोजन लॉजिस्टिक प्रबंधन सूचना प्रणाली÷ (एफपी - एलएमआईएस) ने परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे प्रदेश में परिवार नियोजन के प्रति जागरुकता बढ़ी है।

एफपी-एलएफआईएस को लागू करने में उत्तर प्रदेश अव्वल:

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि एफपी- एलएमआईएस प्रणाली ने परिवार नियोजन साधनों की उपलब्धता और पहुंच को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है। यह पहल न केवल वर्तमान में प्रभावी है, बल्कि भविष्य में भी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन में महत्वपूर्ण उपकरण साबित होगी। उन्होंने बताया कि सीएम योगी की दूरदर्शी सोच का नतीजा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश में आशा द्वारा एफपी - एलएमआईएस को लागू करने में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रहा है। वहीं निरंतर पहल से आवश्यक साधनों की पहुंच को सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि लाभार्थियों को बिना किसी बाधा के सेवाएं मिलती रहें। परिवार कल्याण कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. सूर्यान्शु ओझा ने बताया कि एफपी - एलएमआईएस एक डिजिटल प्रणाली है, जो स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य वितरण केंद्रों के बीच परिवार नियोजन साधनों की आपूर्ति श्रृंखला का प्रबंधन करती है। इसे राष्ट्रीय तकनीकी सहयोग इकाई, परिवार नियोजन प्रभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने वर्ष 2017 में निर्मित किया था। इसे वर्ष 2018 में लागू किया गया। इसका उद्देश्य सही समय और सही स्थान पर आवश्यक साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना था, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग मिल सके।

एफपी - एलएमआईएस से बढ़ी आधुनिक साधनों की मांग:

प्रदेश में एफपी -एलएमआईएस पोर्टल के लॉन्च होने के बाद से परिवार नियोजन साधनों की कमी की समस्याएं धीरे-धीरे काफी हद तक कम हो गई।

अपनों की चली गई जान... फिर भी बाबा से डिगी नहीं आस्था

कासगंज। कासगंज हादसे में अपनों की जान चली गई। फिर भी बाबा से आस्था डिगी नहीं। अनुयायी बोले सत्संग होगा तो वहां भी जाएंगे।यूपी में हाथरस के सिकंदराराऊ में सत्संग में हुए हादसे में अपनों को खोने वाले परिजन भोले बाबा से नहीं वरन प्रशासन से नाराज हैं। सत्संग खत्म होने के बाद मची भगदड़ में अपनों की मौत देखने के बाद भी परिजन की आस्था बाबा के प्रति अभी भी डिगी नहीं है। वह सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर ही सवाल उठा रहे हैं। परिजन का कहना है कि आगे भी यदि सत्संग होता है तो वह वहां भी जाएंगे।कासगंज कोतवाली अंतर्गत गांव नगला खंजी की सीमा पत्नी सोनपाल सत्संग में मची भगदड़ में अपनी जान गंवा चुकी हैं। सीमा अपने पति व अन्य परिजन के साथ सत्संग में शामिल होने गईं थीं। मृतका के पति सोनपाल ने बताया कि उनके परिवार की बाबा में गहरी आस्था है।

बाबाओं को अंधविश्वास के बहकावे में न आना चाहिए

मायावती का बड़ा बयान

संवाददाता

लखनऊ। हाथरस में सत्संग के बाद मची भगदड़ मामले में बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की अपील भी की है। हाथरस के सिकंदराराऊ में हुई भगदड़ मामले में बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने प्रतिक्रिया दी है। मायावती ने भोले बाबा जैसे अनेकों और बाबाओं के अन्धविश्वास व पाखंडवाद के बहकावे में आकर अपने दुख व पीड़ा को और नहीं बढ़ाने की सलाह दी है।मायावती ने भगदड़ में 121 लोगों की मौत को अति-चिंताजनक बताया है। उन्होंने बाबा भोले सहित अन्य जो भी दोषी हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की अपील भी की है। शनिवार को मायावती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि देश में गरीबों, दलितों व पीड़ितों आदि को अपनी गरीबी व अन्य सभी दुखों को दूर करने के लिए हाथरस के भोले बाबा जैसे अनेकों और बाबाओं के अन्धविश्वास व पाखंडवाद के बहकावे में आकर अपने दुख व पीड़ा को और नहीं बढ़ाना चाहिए, यही सलाह।उन्होंने आगे लिखा कि बल्कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के बताए हुए रास्तों पर चलकर इन्हें सत्ता खुद अपने हाथों में लेकर अपनी तकदीर खुद बदलनी होगी अर्थात् इन्हें अपनी पार्टी बीएसपी से ही जुड़ना होगा, तभी ये लोग हाथरस जैसे कांडों से बच सकते हैं जिसमें 121 लोगों की हुई मृत्यु अति-चिंताजनक। मायावती ने लिखा कि हाथरस कांड में, बाबा भोले सहित अन्य जो भी दोषी हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसे अन्य और बाबाओं के विरुद्ध भी कार्रवाई होनी जरूरी। इस मामले में सरकार को अपने राजनैतिक स्वार्थ में ढीला नहीं पड़ना चाहिए ताकि आगे लोगों को अपनी जान ना गवांनी पड़े।

पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का दर्ज कराया केस

मिर्जापुर। मिर्जापुर जिले में एक पत्नी ने अपने मायके वालों के साथ मिलकर पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस कराया तो इससे नाराज होकर उसने अश्लील वीडियो और चैट सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।पत्नी और उसके मायकेवालों ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया, तो पति ने अश्लील वीडियो और चैट वायरल कर दिया। विवाहिता के पिता ने दामाद पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है।अहरौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता के पिता ने तहरीर दी है कि बेटी की शादी चंदौली में युवक के साथ की। शादी के बाद से ही दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित किया जाने लगा। मायके लौट आई। आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया गया।

यूपी के 20 से अधिक शहरों में भारी बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के 20 से अधिक शहरों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग का कहना है कि इन शहरों में दो से तीन दिनों भारी बारिश होगी।

उत्तर प्रदेश में भारी बारिश का दौर अभी जारी रहने के आसार हैं। इसे लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी भी जारी की है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, प्रदेश के 20 से अधिक शहरों में भारी बरसात के आसार हैं, इसे लेकर इन शहरों को ऑरेंज अलर्ट पर रखा गया है। जबकि कई हिस्से येलो जोन में हैं।पूरे प्रदेश में शुक्रवार को सुबह तक कहीं तेज बारिश तो कहीं महज बूंदाबांदी हुई। जैसे बहराइच में सुबह 8.30 बजे तक 195 मिमी पानी बरस चुका था। इसके बाद सुबह से शाम तक में 32.8 मिमी पानी बरसा। शुक्रवार को बाराबंकी में 72.6, हरदोई में 4 मिमी, लखीमपुर खीरी में 11 मिमी पानी बरस गया। गोरखपुर में भारी बरसात हुई, यहां पर 67.4 मिमी पानी बरसा। बलिया में 27.1, प्रयागराज में 40, फतेहपुर में 10 मिमी बरसात रिकार्ड हुई। बरेली, मुरादाबाद, आगरा, अलीगढ़ में भी बरसात हुई।आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, समुद्र तल पर मानसून टर्फ अपनी सामान्य स्थिति से थोड़ा दक्षिण की ओर से होते हुए जैसलमेर से सीकर, उरई, चुर्क, डाल्टनगंज, पुरूलिया एवं कोंटाई होते हुए उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। इसके अतिरिक्त पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं दक्षिणी-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर परिसंचरण का प्रभाव है।

संक्षिप्त खबरें

छात्राओं व शिक्षिकाओं को किया गया जागरूक

अमेठी। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से महिला थाना पुलिस द्वारा दीन दयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति बालिका इण्टर कॉलेज असैदापुर गौरीगंज जनपद अमेठी में छात्राओं सहित शिक्षिकाएं उपस्थित रही, थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर व जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया ।

आयकरदाताओं के साथ आयकर जागरूकता अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमेठी। आयकर प्रावधान एवं अन्य आयकर मुद्दों पर आयकर अधिकारी सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आयकर विभाग अमेठी द्वारा आयोजित तहसील मुख्यालय मुसाफिरखाना में ई-वेरीफिकेशन स्कीम 2021 एवं अन्य आयकर प्रावधान संबंधित आयकर जागरूकता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तहसील मुसाफिरखाना के समस्त सम्मानित करदाता, अध्यक्ष एवं सचिव टैक्स बार एसोसिएशन, अध्यक्ष एवं सचिव चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन, अध्यक्ष एवं सचिव व्यापार मण्डल संगठन एवं व्यापारी उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में समय से आयकर विवरणी दाखिल करने के एवं आयकर जमा करने एवं कराने के लिए एक मत से अपनी सहमति व्यक्त की। आयोजित कार्यकम के दौरान पूछे गये सभी प्रश्नों के उत्तर आयकर अधिकारी अमेठी द्वारा दिया गया।

आपसी विवाद में चली गोली

गृह स्वामी घायल

संवाददाता

बीघापुर (उन्नाव)। बुधवार की देर शाम थाना क्षेत्र के ग्राम बहुराजमऊ में एक चारपहिया में एक व्यक्ति के दरवाजे पहुंचे 3 लोगों में से एक ने आपसी विवाद में गोली चला दी जो गृह स्वामी के सीने में जा लगी। घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से हैलट अस्पताल भेज दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। स्वजनों के अनुसार घायल खतरे से बाहर है। मामले में घायल के पुत्र की तहरीर पर 3 लोगों पर नए कानून की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। दी गई तहरीर में विवाद का कोई कारण नही दर्शाया गया है।

चर्चाओं व पुलिस की प्राथमिक जांच में बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष आपस मे रिश्तेदार हैं और घायल के बेटे व आरोपितों के बीच हुए आपसी विवाद के परिणाम स्वरूप यह घटना हुई है। स्पष्ट कारणों की स्थित घायल के बयानों के बाद स्पष्ट होगी। पुलिस ने मामले में आरोपित शनी सिंह व आलोक सिंह उर्फदीपू को दो 315 बोर के तमंचे व दो खाली कारतूसों के साथ गिरफ्तार भी कर लिया है।

बताते चलें कि बहुराजमऊ निवासी संदीप सिंह पुत्र समरजीत सिंह ने बुधवार की देर रात पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बुधवार की रात लगभग 9 बजे उसके पिता समरजीत सिंह व माता मीना सिंह दरवाजे चारपाई पर बैठे थे। तभी थाना अचलगंज के गांव भैंसई नौबस्ता निवासी राजा सिंह उनके भाई शनी सिंह व राजा का साला आलोक सिंह उर्फ दीपू सिंह एक चारपहिया वाहन संख्या यूपी 35 बीएम 8777 से दरवाजे आये और गाली गलौज करते हुए माता पिता के साथ मारपीट करने लगे। माता पिता के शोर मचाने पर आलोक उर्फदीपू ने कट्टे से गोली मार दी जिससे पिता समरजीत के सीने में जा लगी।

घटना के बाद स्वजन घायल को लेकर बीघापुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां से जिला अस्पताल और वहां से घायल को हैलेट अस्पताल कानपुर भेज दिया गया जहां उसका ईलाज चल रहा है। मामले में थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि घायल के पुत्र ने जो तहरीर दी है उसमें घटना का कोई कारण नही दर्शाया है। दोनों पक्ष आपस मे रिश्तेदार हैं। जैसी जानकारी मिली है कि घायल के बेटे सूरज व आरोपितों के बीच कुछ दिन पूर्व हुए विवाद और घटना वाले दिन पुनः इन लोगों के बीच फोन पर हुए विवाद के परिणाम स्वरूप यह घटना घटित हुई है स्पष्ट कारण घायल के बयानों व विवेचना में ही पता चल सकेगा।

संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला अधेड़ का शव

बीघापुर (उन्नाव)। बारासगवर क्षेत्र अंतर्गत अधेड़ उम्र के व्यक्ति का संदिग्ध अवस्था में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। परिजन हत्या की आशंका को लेकर डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम को बुला कर मामले का खुलासा करने पर अड़ गए। पुलिस द्वारा फोरेंसिक टीम बुलाये जाने के आश्वासन उपरांत ही परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्तपताल ले जाने दिया। बताते चलें कि थाना क्षेत्र के निहालीखेड़ा निवासी मुनेंद्र सिंह पुत्र स्व0उदय प्रताप सिंह उम्र 51 वर्ष का शव सुबह करीब 6:50 बजे संदिग्ध अवस्था में मझिगवां-दलपति खेडा संपर्क मार्ग के समीप पड़ा मिला। शव पड़ा होने की सूचना जैसे ही उनके परिजनों को मिली बेहाल हो गए। परिजनों के अनुसार शव के पेट मे चोट व सर से खून बहने के भी निशान है जिससे हत्या की जानी हुई प्रतीत होती है। इसी बात को लेकर परिजन डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम को बुलाकर मामले का खुलासा करने पर अड़ गए। नवागत बारासगवर प्रभारी धर्मेंद्रनाथ मिश्रा द्वारा फोरेंसिक टीम को बुलाये जाने का आश्वासन दिए जाने पर परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने हेतु तैयार हुए। दोपहर करीब 12 बजे डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुँची व घटना से संभावित सभी साक्ष्य एकत्र किए। थाना प्रभारी धर्मेन्द्रनाथ मिश्रा ने बताया मृतक के भाई धर्मेंद्र सिंह के तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व फोरेंसिक रिपोर्ट उपरांत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

बांधों से छोड़े गई पानी से बढ़ा गंगा का जलस्तर

संवाददाता

उन्नाव। शुक्लागंज पहाड़ी और मैदानी क्षेत्र में बारिश होने के कारण पश्चिम के बांधों से अचानक पानी छोड़ा गया। जिससे शुक्लागंज की ओर गंगा का जलस्तर बढ़ गया। जलस्तर बनने के कारण तट पर कई नावे बह गई। वही जल स्तर बढ़ने के कारण तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को कटान का डर सता रहा है। पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बैराज बांध में पानी एक्ट हो गया था, जिस पर बैराज से पानी छोड़ा गया। रात के समय पानी छोड़े जाने के कारण शुक्लागंज की ओर तेजी से पानी बढा और तट पर कई नविको का नाव गंगा में बह गई। सुबह जब वह मौके पर पहुंचे और नाव को बहता देख, गंगा में छलांग लगाई और नाव को किनारे लेकर आए। इसी तरह जल स्तर बढ़ने के कारण शक्ति नगर, मनोहर नगर, गंगा नगर, रविदास नगर के तटवर्ती इलाकों में एक बार फिर कटान का डर सताने लगा है। जिससे यहां रहने वाले लोगों को चिंता सता रही है।

ग्रेटर नोएडा में गैस इंडिया एक्सपो ने दस्तक दी

ऊर्जा की मांग अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ रही

संवाददाता

नोएडा। भारत में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में ऊर्जा की मांग तेजी से बढ़ रही है। देश पहले से ही दुनिया में ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। भारत ने दुनिया में तेल के क्षेत्र में तीसरे सबसे बड़े उपभोक्ता के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है। गैस क्षेत्र भारत के आठ प्रमुख उद्योगों में से एक है और हमारी अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस क्षेत्र को बढ़ाने के लिए, गैस इंडिया एक्सपो 2024 ने अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन का उद्घाटन आज इंडिया एक्सपो मार्ट एंड सेंटर, ग्रेटर नोएडा, एनसीआर, यूपी (भारत) में किया। यह प्रदर्शनी 4 से 6 जुलाई तक इंडिया एक्सपो मार्ट में आम जनता के लिए चलेगी। यह वैश्विक गैस और संबद्ध उद्योग से नवीनतम नवीन तकनीकों, उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी मंच है और गैस समुदाय को एक साथ आने, साझेदारी बनाने और नेटवर्किंग करने और प्रमुख खरीदारों और विक्रेताओं से मिलने, ज्ञान साझा करने और एक ही स्थान पर प्राकृतिक गैस उद्योग के भविष्य को परिभाषित करने का अवसर प्रदान करता है।

प्रदर्शनी का उद्घाटन इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के गैस कार्यकारी निदेशक श्री संदीप जैन और भारतीय प्रदर्शनी सेवाओं के निदेशक श्री स्वदेश कुमार ने किया। शीर्ष पेशेवरों, विदेशी प्रतिनिधियों, उच्च क्षमता वाले पर्यावरण प्रतिनिधियोंऔर संबद्ध उद्योग पेशेवरों, उद्यमियों, वरिष्ठ खरीद पेशेवरों आदि सहित लगभग 7000 से अधिक आगंतुकों ने शो का दौरा किया। यह कार्यक्रम लगभग 16000 वर्ग मीटर प्रदर्शनी स्थल में आयोजित किया गया था, जिसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र के 150 से अधिक प्रदर्शक शामिल थे।

भारतीय प्रदर्शनी सेवाओं के निदेशक श्री स्वदेश कुमार के अनुसार, ÷भारत की गैस की मांग 2030 तक लगभग दोगुनी होकर 115 बीसीएम तक पहुँचने की उम्मीद है। 2050 तक देश में गैस की मांग बढ़कर 170 बीसीएम होने की उम्मीद है। भारत में प्राकृतिक गैस की खपत 12.2 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर 2030 तक 550 एमसीएमपीडी तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2021 में 174 एमसीएमपीडी है।

पत्नी को लेने जा रहे युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत

संवाददाता

उन्नाव। ससुराल से पत्नी को लेने जा रहे युवक की बाइक में अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन आनन-फानन घायल को लेकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया है। बताते चलें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिमांचल खेड़ा निवासी विजय (28) पुत्र रामचरन, बीते बुधवार शाम अपनी पत्नी को सफीपुर थाना क्षेत्र के शाहाबाद स्थित अपनी ससुराल से लेने जा रहा था। अभी वह देवारा के पास ही पहुंचा था कि एक अनियंत्रित ट्रैक्टर की बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल युवक को कानपुर ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से उसकी पत्नी तथा अन्य परिवारीजनों में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी और एक डेढ़ माह का बेटा छोड़ गया है। मृतक 6 भाइयों में तीसरे नंबर का था।

मेडिकल कॉलेज बनाने का होगा प्रयास: शर्मा

संजय गांधी हृदयालय का हुआ उद्घाटन

संवाददाता

अमेठी। गुरुवार को सांसद किशोरी लाल शर्मा अपने एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मुंशीगंज संजयगांधी अस्पताल में हृदय रोगियों के लिए कैथ लैब का फीता काटकर का लोकार्पण किया ।

इस अवसर बोलते हुए अमेठी सांसद ने कहा की यह अस्पताल सबके लिए है किसी एक व्यक्ति के लिए यहां यह सुविधा नहीं है अस्पताल के अंदर अच्छी सुविधा हो अच्छा इलाज मिले हम सबकी यह जिम्मेदारी है मैं इस अस्पताल का प्रत्यक्षदर्शी हूं पहले यहां सुविधाओं का अभाव था लेकिन आज यहां कई बडी सुविधाए मौजूद हैं।

भविष्य में मेडिकल कॉलेज की भी सुविधा यहां पर लोगों को मिलेगी हम सब इसके लिए प्रयासरत है सांसद ने कहा की आज हमारे पास अधिकार है मैं यहां का सांसद हूं मैं अपने फंड से भी यहां काम करूंगा यह हास्पिटल सबकी सेवा करेगा मेरा इतना ही कहना है। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र तिवारी और कार्डियोलाजिस्ट डॉ दीपक के द्वारा हृदय के मरीजों का ऑपरेशन एवं धमनी ब्लॉकेज जैसी अन्य बीमारियों का उपचार किया जाऐगा आपको बता दें की अस्पताल में 24 घंटे यह सुविधा रहेगी। संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट के प्रशासक मनोज मुट्टू ने आभार भाषण करते हुए कहा कि अस्पताल निरन्तर लोगों को सुविधाएं दे रहा है। जनता के लिए सदैव तत्पर है।

कार्यक्रम का संचालन सीईओ संजयगांधी अस्पताल अवधेश शर्मा ने किया। इस मौके पर सीईओ शर्मिला राय चौधरी संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट के वित्त अधिकारी सुरेन्द्र कुमार जैन कांग्रेस नेता आशीष शुक्ला डा नरेंद्र मिश्र अशोक सिंह हिटलर रोहित सिंह आदि लोग मौजूद रहे। यहां से निकलकर वे इंदिरा गांधी नर्सिंग कालेज पहुंचे। जहां पर छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वहा पर सांसद ने बोलते हुए कहा कि छात्र छात्राओं को मेहनत लगन से शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा इसके निरन्तर वृद्धि में मेरा सहयोग बना रहेगा। प्राचार्य डाक्टर रमेश सनमुगन व उप प्राचार्य गोमती मुन्नू स्वामी आदि मौजूद रहे।

सीएससी सेवाओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

जनमानस हो मिलेगा लाभ

संवाददाता

उन्नाव। कोआपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से गांव में सीएससी की सुविधा का लाभ आम जन मानस को दिया जायेगा। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय एवं इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित संस्था सीएससी के मध्य हुए करार के आधार पर बी पैक्स बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण समिति को कॉमन सर्विस सेंटर के रूप स्थापित करने की योजना बनी है। जिसमें उन्नाव जनपद के 105समिति से सीएससी का कार्य प्रारंभ हुआ है, जिसके लिये जनपद के 72 सचिवों को प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

सीएससी के जिला प्रबंधक अंकित शुक्ला, शुभम सिंह और जिला समन्वयक अभिषेक द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

प्रधानमंत्री के साहकार से समृद्धि दृष्टिकोण को साकार करने के लिए यह पहल की गई है। इस पहल के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य में 5120 पैक्स को कॉमन सर्विस सेंटर में परिवर्तित किया जा चुका है। इस क्रम में, राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीपी) और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से राज्य के समस्त पैक्स सोसाइटी के अधिकृत सचिवों/आपरेटरों को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया की सरकार घर घर तक योजना के तहत इन समितियों के माध्यम से भारत सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराया जा सके।

नगर की व्यवस्थाओं और सौन्दर्यीकरण को लेकर पदाधिकारियों की बैठक

शहर को सुंदर बनाने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश

संवाददाता

उन्नाव। नगर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने, यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने, शहरवासियों को जामिंग की समस्या से निजात दिलाने, शहर का सौंदर्यीकरण हेतु सिटी प्लानिंग कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह व विधायक सदर पंकज गुप्ता की उपस्थित में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कराने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा सिटी प्लानिंग के सम्बन्ध में मुख्य रूप से आईवीपी चौराहा से बड़ा चौराहा तक, बस स्टैंड को शिफ्ट करने, वेंडिंग जोन स्थापित कराने, बड़ा चौराहा के पास अंडरब्रिज के क्षेत्र को कॉप्लेक्स के रूप में डेवेलप कराने, ई-रिक्शों के सुगम संचालन, सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कर मार्किंग कराने, लोकनगर से छोटा चौराहा मार्ग को डेवेलप कराने, कानपुर-शुक्लागंज मार्ग पर साफ-सफाई, लाइटिंग व डिवाइडरों को ठीक कराने, कलेक्ट्रेट के आस-पास से अतिक्रमण हटाने आदि के सम्बन्ध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कराने को लेकर माननीय जन प्रतिनिधियों व व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों से सुझाव प्राप्त किए गए। इसके साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को कार्ययोजना के मुताबिक शहर को सुंदर बनाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर जिले का चेहरा होता है, इसका विकास कराना अत्यन्त जरूरी है। उन्नाव शहर का सौंदर्यीकरण जन प्रतिनिधियों, व्यापार मण्डल व उद्यमियों के सहयोग से कराया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिटी प्लानिंग के दृष्टिगत किसी भी स्टेक होल्डर यथा व्यापारी, ई-रिक्शा चालक, वेंडर, जन सामान्य आदि किसी का भी उत्पीड़न न किया जाए। बैठक में विधायक सदर ने जिलाधिकारी द्वारा सिटी प्लानिंग के सम्बन्ध में की जा रही अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस मुहिम में हम सभी जन प्रतिनिधियों की सकारात्मक भागेदारी देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें, तो शहर की दशा व दिशा बदल जायेगी। जिला पंचायत अध्यक्षा व नगर पालिका उन्नाव के चेयरमैन प्रतिनिधि भानु मिश्रा ने कहा कि शहर के विकास के लिए हमारा पूरा सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, जॉइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु गुप्ता, एडीएम एफआर नरेंद्र सिंह, एडीएम न्यायिक विकास सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एएसपी प्रेम चंद्र, सीओ सदर सोनम सिंह सहित व्यापार संघ से अन्य लोग मौजूद रहे।

भूमाफियाओं के आगे पुरवा तहसील प्रशासन लाचार

योगी के सख्त आदेश पर भी अवैध कब्जे रोके जाने के आदेश का पालन कालूखेड़ा कस्बे और इसके आसपास देखने को नहीं मिल रहा

संवाददाता

असोहा (उन्नाव)। सूबे के मुख्यमंत्री योगी जी एक ओर तो भूमाफियाओं के खिलाफ कड़े ऐक्शन में है और सरकारी भूमि पर कब्जा कर निर्माण कराने वालों के निर्माण पर बुलडोजर चलवा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी के सख्त आदेश है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे रोके जाए लेकिन उनके आदेश का पालन कालूखेड़ा कस्बे और इसके आसपास देखने को नहीं मिल रहा है।

असरेन्दा मोड़ से लेकर कालूखेड़ा कंचनपुर तक नहर की जमीन से लेकर ग्राम समाज, चारागाहों से लेकर मुर्दाखानो तक की जमीनो तक को दबंग कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। गौर कराते चले कि कालूखेड़ा तथा आस पास की भूमि की कीमत सोने के भाव है कारण लखनऊ की सीमा से यह क्षेत्र बिल्कुल सटा हुआ क्षेत्र है, कालूखेड़ा के प्रधान तथा पूर्व प्रधान ने बताया कि उन्होने पूर्व में पुरवा तहसील के जिम्मेदारों को अवगत कराया कि कालूखेड़ा में सरकारी भूमि हथियाने का धंधा चल रहा है लेकिन इसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई तो वह भी चुप हो गये। अभी भी मामला जस का तस बना हुआ है। जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल कालूखेड़ा में भू माफिया पहले भी आबाद थे और आज भी है।

आर्य जन पाखंड अंधविश्वास के प्रति जागरूकता लायें: अनिल आर्य

नोएडा। आर्य समाज ने हाथरस में हुई दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है।केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि हाथरस सत्संग के दौरान हुई दुर्घटना अत्यन्त चिन्ताजनक है व सभ्य समाज के लिए चुनौती है।आज भी समाज में बढ़ता हुआ पाखंड अन्ध विश्वास विचारणीय है कि भोले भाले लोगों को धर्म के नाम पर किस प्रकार बहकाया जा रहा है।

आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती ने समाज में उस समय व्याप्त कुरीतियों पर सीधा प्रहार किया था।उन्होंने धर्म को सत्य और तर्क की कसौटी पर परखने का आह्वान किया था। अनिल आर्य ने आर्य जनों को आह्वान किया कि समाज में बढ़ता गुरुडमवाद जनता को गुमराह कर रहा है इसके लिए लोगो को जागरूक करें।विज्ञान व सत्य को परखने के बाद ही स्वीकार करें सत्य को जानने के लिए ÷वेदों÷ की और लोटना ही होगा।

जल संरक्षण एवं ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम

संवाददाता

नोएडा। स्थित जीएल बजाज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के रोटारैक्ट क्लब के छात्रों ने जलसंरक्षण एवं ग्रामीण स्वछता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पानी की स्वच्छता और हाइजीन पर ध्यान केंद्रित करना था। इस अभियान में समर्पित छात्रों ने नोएडा सेक्टर 88 स्थित सदरपुर गांव में दो सत्रों का आयोजन किया। पहला सत्र बेहतर हाथ धोने की तकनीक पर केंद्रित था। छात्रों ने गांव के लोगों और बच्चों को सही तरीके से हाथ धोने के तरीके और महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि हाथ धोने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है और यह स्वच्छता बनाए रखने का सबसे आसान तरीका है। दूसरे सत्र में उचित स्वच्छता बनाए रखने के लिए छात्रों ने गांव वासियों को यह बताया कि कैसे वे गांव में जल संरक्षण कर सकते है और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रख सकते हैं एवं गंदगी से होने वाली बीमारियों से बच सकते हैं। कॉलेज के जल संरक्षण और स्वछता अभियान के माध्यम से 300 से अधिक लोगों को जागरूक किया गया। सत्रों के बाद गांव के बच्चों और लोगों में 500 हैंड वॉश किट वितरित की गई। ये किट्स सभी आवश्यक सामग्रियों से भरी हुई थीं जो कि स्वच्छता बनाए रखने में मदद करेंगी। संस्थान के वाइस चेयरमैन ने कहा कि रोटारैक्ट क्लब के छात्रों का यह प्रयास न केवल जल और स्वच्छता के महत्व को समझाने में सफल रहा, बल्कि गांव के लोगों में जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रोजेक्ट ने यह साबित कर दिया कि अगर सही दिशा और समर्पण हो तो हम अपने समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। क्लब के छात्रों का यह योगदान एक स्वस्थ और स्वच्छ समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का संयोजन छात्र कल्याण डीन डॉश महावीर सिंह नरुका और प्रियंका दत्त ने किया।

डीएम ने जनसुनवाई में दिए निस्तारण के निर्देश

तहसील दिवसों पर विशेष कैम्प लगाये जाने के निर्देश दिये

सवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में गुरूवार को जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला पूर्ति अधिकारी नीलेश उत्पल ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया है कि जिलाधिकारी महोदया द्वारा जनपद की राशन कार्ड से सम्बन्धित शिकायतों / समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु तहसील दिवसों पर विशेष कैम्प लगाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके क्रम में प्रत्येक तहसील दिवस के दौरान राशन कार्ड सम्बन्धी शिकायतों / समस्याओं के निस्तारण हेतु आपूर्ति कार्यालय द्वारा विशेष फैप का आयोजन किया जायेगा।

अतः जनपद के समस्त लाभार्थियों / राशन कार्डधारकों से अपील है कि वह अपनी राशन कार्ड सम्बन्धी समस्त शिकायतों / समस्याओं यथा यूनिट / सदस्यों का नाम जुड़वाना, विवाहित पुत्री/मृतक सदस्य का नाम कटवाना, नये राशन कार्ड की मांग हेतु आवेदन अथवा आपूर्ति शाखा से सम्बन्धित अन्य कोई समस्या के निराकरण हेतु तहसील दिवस में आयोजित विशेष कैम्प में आपूर्ति कार्मिक से सम्पर्क कर अपनी समस्याओं का नियमानुसार समाधान कराएं।

सेवानिवृत्त शिक्षक के घर चोरों का धावा

संवाददाता

बीघापुर (उन्नाव)। थाना क्षेत्र के गांव पाली में सेवानिवृत्त शिक्षक के यहां बुधवार की रात एक खिड़की तोड़कर घुसे चोरों ने नगदी व जेवरात मिलाकर लगभग 9 लाख की चोरी की घटना अंजाम दे दी। चोरों ने ये घटना गृह स्वामी के दोनों बेटों के कैंसर होने की वजह से लखनऊ में भर्ती होने के कारण घर में मौजूद न होने के दौरान ये घटना हुई है। इन स्थितियों के चलते इस चोरी में परिवार के किसी नजदीकी व्यक्ति का हाथ होने की आशंका है। गृह स्वामी ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। जिस पर थाना अध्यक्ष राजपाल ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की।

उक्त गांव निवासी सेवा निवर्त शिक्षक अमरेश मिश्रा ने बताया कि उनके बेटे शैलेन्द्र उर्फ बबलू व महेंद्र उर्फ मंटू दोनों को कैंसर है। छोटे बेटे मंटू का एक सप्ताह पूर्व कैंसर इंस्टीट्यूट में ऑपरेशन हुआ है जहां पर वह भर्ती है और उसकी पत्नी भी उसके साथ है। बड़ा बेटा बबलू मंगलवार को लखनऊ में कल्याण सिंह कैंसर इंस्टीट्यूट में रेडिएशन कराने के लिए पत्नी के साथ गया हुआ है। घर में इस समय वह और उनकी पत्नी सुमित्रा व बेटी सुनीता उन लोगों की देखभाल के लिए मौजूद है। बुधवार की रात वह बाहर के कमरे में स्वयं व अंदर कमरे से सटे बरामदे में पत्नी तथा एक कमरे में बेटी व उसका बेटा तथा बेटे का बेटा सो रहे थे। रात घर के बगल से गली में मकान की दीवाल में लगी खिड़की तोड़ कर उसी रास्ते से चोर घर के अंदर घुसे और कमरों में रखी अलमारी व बक्से के ताले तोड़ लगभग 8 लाख के सोने चांदी के जेवरात व इलाज के लिए इंतजाम करके रखे गए एक लाख अस्सी हजार नगद रुपये चोर चुरा ले गए। गृह स्वामी अमरेश मिश्रा ने घटना की तहरीर पुलिस को दी जिस पर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज हो रहा है घटना का राजफाश किया जाएगा। इस चोरी की घटना में आशंका व्यक्त की जा रही है कि घर के दो पुरुष सदस्यों और बहुवो के अस्पताल में होने की वजह से किसी परिवार से जुड़े नजदीकी व्यक्ति ने योजना बद्ध तरीके से इस घटना को अंजाम दिया है।

लेबर पार्टी 14 साल बाद फिर ब्रिटेन की सत्ता में

124 साल पहले बतौर सामाजिक संगठन शुरू हुई थी लेबर पार्टी

एजेंसी

लंदन। ब्रिटेन में आज आम चुनाव के नतीजे आ रहे हैं। इसमें 650 सीटों वाली ब्रिटिश संसद (हाउस ऑफ कॉमन्स) में विपक्षी लेबर पार्टी ने 400 से ज्यादा सीटों के साथ प्रचंड जीत दर्ज की है। वहीं प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। इस तरह से ब्रिटेन की सियासत में बड़ा बदलाव हुआ है। ब्रिटेन के लोग 14 साल बाद कीर स्टार्मर को नए प्रधानमंत्री के रुप में देखेंगे। वहीं कंजर्वेटिव प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का 18 महीने का कार्यकाल अब समाप्त हो गया।

ब्रिटेन चुनाव के नतीजे कैसे रहे?

4 जुलाई 2024 को ब्रिटेन में 650 संसदीय सीटों के लिए मतदान हुआ। ये चुनाव यूनाइटेड किंगडम के सभी हिस्सों इंग्लैंड, उत्तरी आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में हुए। 5 जुलाई को ब्रिटेन चुनाव के नतीजे घोषित किए जा रहे हैं। इन चुनावों में कुल 392 पंजीकृत पार्टियां रहीं लेकिन मुख्य मुकाबला ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव और मुख्य विपक्षी नेता कीर स्टार्मर की लेबर पार्टी के बीच हुआ।

अब तक 650 में से 645 सीटों के नतीजे घोषित हो गए हैं। पार्टीवार नतीजे देखें तो विपक्षी लेबर पार्टी ने 411 सीटें जीत ली हैं। वहीं मौजूदा सत्ताधारी दल कंजर्वेटिव महज 119 सीटें जीती है। बाकी पर अन्य छोटे दलों के उम्मीदवार विजयी हुए हैं।

आखिर लेबर पार्टी का इतिहास क्या है?

जिस लेबर पार्टी ने ब्रिटेन के चुनाव में जीत दर्ज की है उसका इतिहास 124 साल पुराना है। लेबर पार्टी की आधिकारिक वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, इसकी स्थापना साल 1900 में हुई थी। इसका गठन कामकाजी लोगों को आवाज देने के लिए किया गया था। मजदूर वर्ग के लोगों, ट्रेड यूनियनवादियों और समाजवादियों के कई वर्षों के संघर्ष के नतीजे के रूप में यह पार्टी बनी। पार्टी की स्थापना करने वाले कीर हार्डी हैं। इस दल का लक्ष्य ब्रिटिश संसद में मजदूर वर्ग की आवाज का प्रतिनिधित्व करना था। यही वह लक्ष्य था जिसने कीर हार्डी और उनके सहयोगियों को एकजुट किया। फरवरी 1900 में लंदन के मेमोरियल हॉल में पार्टी की शुरुआत हुई।

शुरुआती साल वर्ष और सत्ता तक का सफर

सामाजिक संगठन के रूप में शुरू हुई पार्टी का धीरे-धीरे विकास हुआ। 1906 में इसने अपना पहला चुनाव लड़ा जिसमें 26 सांसद चुने गए। इसके साथ उन्होंने लेबर को अपना आधिकारिक नाम चुना। पार्टी का सफर यूं ही जारी रहा और आने वाले वर्षों में और अधिक सांसद चुने गए। 1923 के ब्रिटिश चुनाव तक लेबर पार्टी सत्ता के लिए चुनौती पेश करने के लिए अच्छी स्थिति में आ गई। यह वह चुनाव था जिसमें ब्रिटेन के इतिहास में पहली लेबर सरकार बनी और रामसे मैकडोनाल्ड पार्टी के पहले प्रधानमंत्री बने। पहली लेबर सरकार बहुत कम समय तक सत्ता में रही। पार्टी के अनुसार, बहुमत न होने के बावजूद इसने आवास, शिक्षा और सामाजिक बीमा में सुधार के साथ-साथ बेरोजगारी को दूर करने के लिए कानून पारित किए। 1924 की सरकार सिर्फ कुछ महीनों तक चली, पांच साल बाद दूसरी सरकार के चुनाव हुए। 1931 के चुनाव में केवल 52 लेबर सांसद चुने गए।

क्लेमेंट एटली ने बढ़ाया पार्टी का सफर

1931 के चुनाव के बाद भी जो लोग पार्टी में बने रहे, उनमें से एक थे क्लेमेंट एटली। 1931 में वे उपनेता बने और नई पीढ़ी के साथ मिलकर पार्टी की किस्मत बदलने का काम किया। इसके बाद 1935 में उन्हें पार्टी का नेता चुना गया। द्वितीय विश्व युद्ध के अंत तक ब्रिटिश जनता परिवर्तन देख रहीं थी।

इसके घोषणापत्र आइए हम भविष्य का सामना करें ने पार्टी को बड़ी जीत दिलाई, जिसमें पांच प्रमुख समस्याओं- गरीबी, गंदगी, बीमारी, अज्ञानता और बेरोजगारी को खत्म करने का संकल्प लिया गया था। यह एक ऐसा संदेश था जिसने पूरे ब्रिटेन की जनता को प्रभावित किया और क्लेमेंट एटली को 393 सीटों पर जीत दिलाकर सत्ता के आसन तक पहुंचा दिया।

एटली की लेबर सरकार ने सामाजिक सुरक्षा लागू करने, प्रमुख उद्योगों को सार्वजनिक स्वामित्व में वापस लाने और सुरक्षित घर उपलब्ध कराने के लिए आवास निर्माण का एक प्रमुख कार्यक्रम शुरू करने जैसे कई अहम फैसले लिए। हालांकि, एटली सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा की शुरुआत करना लेबर सबसे बड़ी उपलब्धि मानती है।

विल्सन का समय और उसके बाद

लगभग 50 प्रतिशत वोट पाने के बावजूद लेबर ने 1951 में सत्ता खो दी। एटली के बाद ह्यूग गेट्सकेल सत्ता में आए और हेरोल्ड विल्सन के नेतृत्व में 1964 तक सत्ता में वापस नहीं आए। विल्सन और उसके बाद जेम्स कैलाघन के नेतृत्व में लेबर सरकारों (1964-70 और 1974-79) में बदलाव हुए। इनमें मृत्युदंड की समाप्ति, समलैंगिकता का गैर-अपराधीकरण, नस्लीय भेदभाव को गैरकानूनी घोषित करने के लिए कानून और ओपन यूनिवर्सिटी की स्थापना।

लेबर की रोजगार मंत्री बारबरा कैसल ने महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तन किया। उन्होंने 1970 में समान वेतन अधिनियम को लागू किया था जिसने श्रमिक पुरुषों और महिलाओं ने लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाया।

न्यू लेबर और सत्ता में वापसी

1994 में जॉन स्मिथ की मृत्यु के बाद टोनी ब्लेयर को नेता चुना गया, जिससे न्यू लेबर का युग शुरू हुआ। इस अवधि में शुरू किए गए सुधार कार्यक्रम 1997 के आम चुनाव में भारी जीत का कारण बने। इसके बाद 18 साल तक कंजर्वेटिव सरकार चली। उसके बाद ब्रिटेन ने टोनी ब्लेयर और फिर गॉर्डन ब्राउन का नेतृत्व देखा। 2000 के दशक के अंत में वैश्विक आर्थिक संकट आया और 2010 के चुनाव में लेबर पार्टी को सत्ता से हाथ धोना पड़ा। अप्रैल 2020 में लेबर सदस्यों ने कीर स्टारमर को पार्टी का नया नेता चुना।

उन्होंने ब्रिटिश जनता के साथ फिर से जुड़ने की चुनौती का सामना किया। कीर स्टारमर का चुनाव वैश्विक कोरोना वायरस महामारी और ब्रिटेन में रिकॉर्ड आर्थिक मंदी के बीच हुआ। कीर ने लॉकडाउन के दौरान मतदाताओं तक पहुंचने और उनकी चिंताओं को सुनने के लिए प्रचार के नए तरीकों का इस्तेमाल किया।

जैसे ही ब्रिटेन महामारी से उभरा कीर ने सरकार के लिए लेबर के पांच मिशन निर्धारित किए। देश के सामने सबसे अर्थव्यवस्था जैसे बड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करके आखिर 14 साल बाद लेबर पार्टी सत्ता में आने को तैयार है। 4 जुलाई को हुए आम चुनाव में इसने ऋषि सुनक कंजर्वेटिव पार्टी को बुरी तरह मात दिया है।

भारतीय उच्चायोग को साढ़े 4 घंटे तक घेरे रहे खालिस्तानी

कनाडा में फिर से मचाया उत्पात

एजेंसी

नई दिल्ली। कनाडा में खालिस्तानी तत्व लगातार अतिवादी कदम उठा रहे हैं। कई बार भारतीय उच्चायोग के सामने धरना दे चुके खालिस्तानियों ने गुरुवार को फिर से उत्पात मचाया। ओटावा में स्थित भारतीय उच्चायोग के सामने एक बार फिर से सिख्स फॉर जस्टिस नाम के खालिस्तानी संगठन के लोगों ने धरना दिया। इन लोगों ने करीब साढ़े 4 घंटों तक उच्चायोग को घेर कर रखा। इन लोगों का मकसद था कि भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा को घेर कर रखा जाए। हालांकि इस दौरान कुछ भारत समर्थक भी वहां पहुंचे, जिनके हाथों में तिरंगे झंडे थे। ये लोग खालिस्तानियों का विरोध कर रहे थे। बीते एक साल से कम के अंदर ही कनाडा में ऐसे 20 प्रदर्शन हो चुके हैं। पिछले साल 18 जून को खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा के सरे में हत्या हो गई थी।

निज्जर के मारे जाने के बाद पहली बार 8 जुलाई, 2023 को प्रदर्शन हुआ था। खालिस्तानी कई बार भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों को घेर चुके हैं और एक बार तो झड़प की कोशिश भी की थी। हालांकि तब कनाडा के सुरक्षाकर्मियों के चलते बीच-बचाव कर लिया गया था। हर घटना के दौरान भारत ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी और कनाडा से सुरक्षा व्यवस्था देने की मांग की थी। इसके चलते कनाडा ने सुरक्षा तो दी, लेकिन उसने कभी भी खालिस्तानियों पर रोक नहीं लगाई। गुरुवार को भारतीय उच्चायोग के सामने जुटे खालिस्तानियों ने भारत विरोधी नारे लगाए।

ये लोग वहां करीब साढ़े 4 घंटे तक डटे रहे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा में कमी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, %सुरक्षा कम थी। हमने कनाडा सरकार के समक्ष शिकायत दर्ज करा दी है।% हालांकि अधिकारी ने कहा कि आंदोलन कर रहे खालिस्तानियों के चलते हमें कोई बाधा नहीं आई। बीते साल जुलाई से ही खालिस्तानी कनाडा में उग्र हैं। इन लोगों ने %किल इंडिया% नाम से कैंपेन भी चलाया था। इसके अलावा भारतीय अधिकारियों की आपत्तिजनक तस्वीरें भी उन्होंने लहराई थीं। कनाडा में खालिस्तानियों को तब ज्यादा बढ़ावा मिला, जब पीएम जस्टिन ट्रूडो ने संसद में भारतीय एजेंट्स पर निज्जर की हत्या का आरोप लगाया। उन्होंने संसद में कहा था कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट्स का हाथ है। उनके इस आरोपों से खालिस्तानी तत्वों को बढ़ावा मिला है। इसके अलावा 4 भारतीय नागरिकों को अब तक इस मामले में कनाडा में अरेस्ट भी किया गया है। अब तक कनाडा इस मामले में कोई सबूत नहीं दे सका है। इन खालिस्तानी तत्वों ने कई बार मंदिरों को भी कनाडा में नुकसान पहुंचाया है।

ब्रिटेन के रक्षामंत्री ग्रांट शैप्स चुनाव हारे

लंदन। ब्रिटेन के आम चुनाव के अब तक आए नतीजे मौजूदा प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को बेदखल करते नजर आ रहे हैं। लेबर पार्टी अब तक 266 सीटें जीत चुकी है। कंजर्वेटिव पार्टी के खाते में 47 सीट गई हैं। किसी भी पार्टी को बहुमत के लिए कुल 650 सीटों में से 326 सीट चाहिए। ब्रिटेन के रक्षामंत्री ग्रांट शैप्स चुनाव हार गए हैं।

पाकिस्तान अक्टूबर 2024 में एससीओ बैठक की मेजबानी करेगा

इस्लामाबाद ने कहा- हम गुटबाजी नहीं करते

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान अक्तूबर में एससीओ समूह की बैठक की मजबानी करेगा। इस बैठक में समूह सदस्यों के सभी शासनाध्यक्षों को आमंत्रित किया जाएगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि पाकिस्तान इस साल एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट (सीएचजी) की अध्यक्षता करेगा। जो कि अक्तूबर में आयोजित होगी।

जहरा बलूच से जब पूछा गया कि क्या पाकिस्तान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए निमंत्रण देगा। तो इसके जवाब में जहरा ने कहा, ÷अध्यक्षता पाकिस्तान की है, इसलिए अध्यक्ष के रूप में हम एससीओ सदस्य देशों के सभी शासनाध्यक्षों को निमंत्रण देंगे।÷

उन्होंने कहा कि अक्तूबर शिखर सम्मेलन से पहले एक मंत्रिस्तरीय बैठक और फिर वरिष्ठ अधिकारियों की कई दौर की बैठकें होंगी। जो कि एससीओ सदस्य देशों के बीच वित्तीय, आर्थिक, सामाजिक-सांस्कृतिक और मानवीय सहयोग पर केंद्रित होंगी।

बलूच ने यह भी कहा कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय राजनीति में किसी भी गुट का हिस्सा नहीं बनेगा क्योंकि वह सभी देशों के साथ अच्छे संबंध रखने में विश्वास रखता है।

माफी मांगता हूं: ऋषि सुनक

चुनाव नतीजों में करारी हार के बाद ऋषि सुनक का पहला बयान, इस्तीफे का भी एलान किया

एजेंसी

लंदन। ब्रिटेन चुनाव में वोटों की गिनती जारी है, लेकिन तस्वीर लगभग साफ हो गई है। लेबर पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ ब्रिटेन की सत्ता पर काबिज होने जा रही है और लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री हो सकते हैं। मौजूदा पीएम ऋषि सुनक ने अपनी हार स्वीकार कर ली है। साथ ही उन्होंने कीर स्टार्मर को जीत की बधाई भी दी है।

ऋषि सुनक ने ली हार की जिम्मेदारी

अभी तक लेबर पार्टी 300 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है। वहीं कंजर्वेटिव पार्टी सिर्फ 81 सीटों पर जीती है। चुनाव नतीजों पर ऋषि सुनक ने अपने संसदीय क्षेत्र रिचमंड और नॉर्दर्न एलर्टन में समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं

माफी मांगता हूं और इस हार की जिम्मेदारी लेता हूं। ऋषि सुनक ने कहा कि लेबर पार्टी ने इस चुनाव में जीत हासिल की है और मैंने कीर स्टार्मर को फोन कर उनकी जीत पर बधाई दी। आज, सत्ता शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से स्थानांतरित हो जाएगी।

सुनक ने कहा कि मैं कंजर्वेटिव पार्टी के कई अच्छे, मेहनती उम्मीदवारों की हार की जिम्मेदारी लेता हूं, जो आज रात अपनी कोशिशों, अपने स्थानीय रिकॉर्ड और अपने समुदायों के प्रति समर्पण के बावजूद हार गए। मुझे इसका दुख है। मैंने बतौर प्रधानमंत्री अपना सौ फीसदी देने की कोशिश की। अब मैं लंदन जाऊंगा, जहां मैं प्रधानमंत्री का पद छोड़ने से पहले आज रात के परिणाम के बारे में और अधिक बताऊंगा।

कीर स्टार्मर बोले- लोग बदलाव चाहते हैं

ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बनने जा रहे लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने चुनाव नतीजों को लेकर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि देश के लोग परिवर्तन के लिए तैयार हैं और दिखावे की राजनीति को खत्म करने के लिए उन्होंने मतदान किया है। होलबोर्न और सेंट पैनक्रास सीटों से जीतने के बाद अपने विजय भाषण में 61 वर्षीय स्टार्मर ने कहा कि चाहे लोगों ने उन्हें वोट दिया हो या नहीं, मैं इस निर्वाचन क्षेत्र के हर व्यक्ति की सेवा करूंगा। मैं आपके लिए बोलूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपकी लड़ाई लड़ूंगा। अब समय आ गया है कि हम अपना काम करें।

बाइडन ने अपने गर्वनरों से ज्यादा नींद लेने की अपील की

कहा- रात आठ बजे के बाद कार्यक्रमों में जाने से बचें

एजेंसी

वाशिंगटन डीसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने डेमोक्रेटिक गवर्नरों के समूह से ज्यादा से ज्यादा नींद लेने की अपील की है। साथ ही कम घंटे काम करने और रात आठ बजे के बाद कार्यक्रमों में ना जाने के लिए कहा है।

पिछले हफ्ते रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रम्प के साथ बहस में खराब प्रदर्शन के बाद सारा ध्यान वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन पर केंद्रित हो गया है। ट्रम्प के बारे में बात करने के बजाय बाइडन रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों के लिए सुर्खियों का केंद्र बन गए हैं।

पार्टी की बढ़ती चिंताओं के बीच की बैठक: मानसिक और शारीरिक फिटनेस को लेकर पार्टी में बढ़ती चिंताओं को शांत करने के लिए बाइडन ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और डेमोक्रेटिक गवर्नर्स के साथ बैठक की। यह बैठक तब हुई है जब पार्टी में आवाज उठ रही है कि ट्रंप को टक्कर देने के लिए एक मजबूत उम्मीदवार को मौका दिया जाना चाहिए। एक रिपोर्ट के मुताबिक बैठक में बाइडन ने 12 से ज्यादा डेमोक्रेटिक गवर्नरों के एक समूह को बताया कि उन्हें ज्यादा सोना, काम के घंटे कम और करने और रात आठ बजे के बाद के कार्यक्रमों में ना जाने के लिए कहा है।

राष्ट्रपति पद के लिए दूसरे चरण का चुनाव

पेजेशकियन और जलीली के बीच मुकाबला

एजेंसी

तेहरान। ईरान में राष्ट्रपति चुनाव के पहले चरण में कोई भी उम्मीदवार जरूरी 50 फीसदी वोट हासिल नहीं कर सका। ऐसे में चुनाव दूसरे चरण में पहुंच गया है। आज इसके तहत मतदान हो रहा है। इस चरण में शुक्रवार को टॉप के दो कैंडिडेट रिफॉर्मिस्ट लीडर मसूद पेजेशकियन और कंजर्वेटिव सईद जलीली के बीच मुकाबला हो रहा है। रन ऑफ पोल में जिसकी भी जीत होगी, वह ईरान का अगला राष्ट्रपति होगा।

बता दें कि 19 मई को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत हो गई थी। उनके साथ हेलीकॉप्टर में विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और अन्य अधिकारियों की भी जान चली गई थी। इब्राहिम के निधन के बाद ईरान में स्नैप पोल कराया जा रहा है।

गार्डियन काउंसिल ने चार प्रत्याशियों के नाम पर अपनी मुहर लगाई थी। जिसके बाद 28 जून को मतदान हुआ और 29 जून को मतों की गिनती की गई थी। लेकिन पहले चरण में इन चार उम्मीदवारों में से कोई भी जरूरी 50 फीसदी वोट हासिल नहीं कर सका। इस दौरान रिफॉर्मिस्ट लीडर मसूद पेजेशकियन को 42.5 फीसदी वोट मिले, जबकि कंजर्वेटिव सईद जलीली को 38.6 फीसदी वोटों से संतोष करना पड़ा।

1979 में इस्लामी गणराज्य की स्थापना के बाद से ईरान के इतिहास में सबसे कम मतदाता मतदान से प्रभावित हुआ। 60 मिलियन मतदाताओं में से केवल 24 मिलियन ने अपने मत का प्रयोग किया, जिसके परिणामस्वरूप निराशाजनक 40 फीसदी मतदान हुआ। पहले चरण के चुनाव के बाद गार्डियन काउंसिल ने चुनाव का दायरा सीमित कर दिया, जिससे चुनावी दौड़ पेजेशकियन और जलीली के बीच सिमट गई।

बता दें कि पेजेशकियन मोहम्मद खतामी की सरकार में हेल्थ मिनिस्टर रह चुके हैं। वहीं, सईद जलीली ईरान के पूर्व चीफ न्यूक्लियर नेगोशिएटर रह चुके हैं। अब इन दोनों के बीच ही प्रमुख मुकाबला है।

हिजबुल्ला के रॉकेटों की बौछार के जवाब में इजराइल के सोनिक बूम से गूंजा लेबनान

बेरूत। लेबनान के हिजबुल्ला समूह ने वरिष्ठ कमांडर मोहम्मद नामेह नासिर की मौत के जवाब में बृहस्पतिवार को इजराइल के कई सैन्य ठिकानों पर रॉकेट और ड्रोन से हमला बोला। हिजबुल्लाह ने दावा किया कि उसने एक घंटे में 200 रॉकेट दागे। ईरान समर्थित आतंकी समूह का हमला लेबनान-इजराइल सीमा पर महीनों तक चले संघर्ष में सबसे बड़े हमलों में से एक है। हताहतों की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है। वहीं इजराइल ने जवाबी हमला करते हुए सोनिक बूम की गूंज से पूरा लेबनान सहम गया। हिजबुल्ला ने कहा है कि अगर हमास और इजराइल के बीच संघर्ष विराम होता है तो वह अपने हमले रोक देगा। हिजबुल्ला हमले के बाद इजराइल ने भी दक्षिणी लेबनान के विभिन्न शहरों पर हमला बोला। इजराइली सेना ने कहा कि उसने दक्षिणी सीमावर्ती कस्बों रामयेह और होउला में उसके ठिकानों पर हमला बोला है।

पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस भी हारीं

एजेंसी

लंदन। ब्रिटेन के आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस को भी हार का सामना करना पड़ा है। लिज ट्रस के साथ ही कंजर्वेटिव पार्टी के कई कैबिनेट मंत्रियों को भी हार का सामना करना पड़ा है। लेबर पार्टी ने ऐतिहासिक बहुमत हासिल करते हुए कंजर्वेटिव पार्टी को बुरी तरह पछाड़ दिया है। लिज ट्रस, ऋषि सुनक से पहले ब्रिटेन की प्रधानमंत्री बनी थी, लेकिन 45 दिन बाद ही उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था।

लिज ट्रस का बतौर प्रधानमंत्री 45 दिन का कार्यकाल रहा आलोचकों के निशाने पर

कंजर्वेटिव पार्टी के समर्थक मानते हैं कि पार्टी की ऐतिहासिक हार के लिए लिज ट्रस की सरकार के वो अशांत 45 दिन भी जिम्मेदार हैं। लिज

ट्रस को वेस्ट नॉरफॉक सीट पर लेबर पार्टी के उम्मीदवार टेरी जेर्मी ने करीबी मुकाबले में 630 वोटों से हरा दिया। देश के पहले ब्रिटिश भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक उत्तरी इंग्लैंड की अपनी रिचमंड और नॉर्थलेर्टन सीट पर जीत दर्ज करने में सफल रहे हैं। हालांकि कंजर्वेटिव पार्टी की 14 साल बाद सत्ता से विदाई हो गई है। न सिर्फ लिज ट्रस, बल्कि कंजर्वेटिव पार्टी के कई बड़े नेताओं को हार का सामना करना पड़ा है। इनमें पेनी मोर्डंट और पूर्व मंत्री जैकब रीस मोग का नाम भी शामिल है।

सुनक सरकार के कई कैबिनेट मंत्रियों की भी हुई हार

साथ ही ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शैप्स, न्याय मंत्री एलेक्स चाक और कैबिनेट मंत्री मिशेल डोनेलन को भी हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि कंजर्वेटिव पार्टी के नेता जेरेमी हंट, जिन्हें कमजोर माना जा रहा था, वह अभी बढ़त बनाए हुए हैं। दक्षिणी इंग्लैंड में कंजर्वेटिव पार्टी को लिबरल डेमोक्रेट्स पार्टी ने तगड़ा झटका दिया है। दक्षिण इंग्लैंड में लिबरल डेमोक्रेट्स पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है। दक्षिणपंथी नेता निगेल फराज की पार्टी रिफॉर्म यूके के समर्थन में भी कमी आई है।

साथ ही कंजर्वेटिव सरकार में पूर्व मंत्री रहे जॉनी मर्सर भी हार गए। शिक्षा मंत्री गिलियन कीगन को भी हार का सामना करना पड़ा है। संस्कृति मंत्री लूसी फ्रेज़र एली की भी हार हुई है। ब्रिटेन के आम चुनाव के नतीजे घोषित हो चुके हैं। इन नतीजों के अनुसार, लेबर पार्टी ने प्रचंड जीत हासिल की है और 650 में से 411 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी 119 सीटों पर सिमट गई है। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री होंगे। ऋषि सुनक ने पीएम पद से इस्तीफे का एलान कर दिया है, साथ ही उन्होंने कीर स्टार्मर को जीत की बधाई भी दी है।

लव सिन्हा ने किया कंमेट

सोनाक्षी सिन्हा ने 23 जून को मुंबई में ज़हीर इकबाल के साथ शादी कर ली । इस कपल ने अपने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में रजिस्टर्ड मैरिज की। सोनाक्षी द्वारा शेयर किए गए इमोशनल वीडियो ने सभी को भावुक कर दिया! सोनाक्षी के माता-पिता उनके साथ थे, लेकिन उनके भाई लव और कुश सिन्हा उनकी शादी में नजर नहीं आए । उनके भाई ने आखिरकार एक लेख शेयर करके इस बारे में खुलकर बात की। लव ने द टेलीग्राफ में उस लेख का एक पैराग्राफ भी लिखा, जिसमें लिखा था, जाहिर है, चिंता का एक कारण दूल्हे के पिछले जीवन के बारे में एक अफवाह थी।

लव ने एक्स पर पोस्ट किया: अपने पारिवारिक व्यवसाय के बारे में सावधानीपूर्वक तैयार की गई खबरों के साथ, दूल्हे के पिता की एक राजनेता से निकटता जैसे ग्रे क्षेत्रों में कोई नहीं गया, जिसकी ईडी जांच वाशिंग मशीन में गायब हो गई थी। न ही दूल्हे के पिता के दुबई में रहने की कोई चर्चा थी, जिसके बारे में अफवाह थी कि वह अचानक समाप्त हो गया।

उन्होंने इस लेख को साझा किया और लिखा, कारण बहुत स्पष्ट हैं कि मैं क्यों शामिल नहीं हुआ, और कुछ लोगों के साथ किसी भी तरह से नहीं जुड़ूंगा। मुझे खुशी है कि मीडिया के एक सदस्य ने पीआर टीम द्वारा बनाई जा रही रचनात्मक कहानियों पर भरोसा करने के बजाय अपना शोध किया।

डिलीट किया पोस्ट: इस बीच, उन्होंने अब जहीर के पिता के बारे में अपना ट्वीट हटा दिया है और समझाया है, जिस उद्धरण को गलत तरीके से मेरे नाम से जोड़ा जा रहा है, वह मेरा बयान नहीं है और एक वरिष्ठ पत्रकार द्वारा एक लेख में लिखा गया था। मामला अब बंद हो गया है, और मैं इस पर आगे कोई टिप्पणी नहीं करूंगा।

सोनाक्षी और जहीर का हनीमून: अपने भाई लव के इन ट्वीट्स के बीच सोनाक्षी अप्रभावित हैं क्योंकि वह अपने पति जहीर के साथ हनीमून पर कुछ क्वालिटी टाइम बिताने में व्यस्त हैं । एक्ट्रेस अपने साथ बिताए समय की झलकियां इंस्टाग्राम पर शेयर करती रही हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनाक्षी अगली बार ककुड़ा में नज़र आएंगी जो एक हॉरर कॉमेडी है, जिसे ओटीटी पर रिलीज़ किया जाएगा। इसमें रितेश देशमुख और साकिब सलीम भी हैं।

दुनियाभर में बढ़ रही सिंगल लोगों की संख्या

आजकल लोग रिलेशनशिप और शादी से भाग रहे हैं। मैं उनमें से एक हूं। मुझे लगता है कि अकेले रहना और अपनी जिंदगी अपने हिसाब से जीना आसान है। और यदि आप मेरे जैसे ही हैं तो शांत रहें, हम इस प्यार की दुनिया में अकेले नहीं हैं, जो अकेले रहना पसंद करते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले कुछ दशकों में विश्व स्तर पर अकेलेपन की दर बढ़ रही है। दुनियाभर के कई देशों में लोग शादी में देरी करना या लंबे समय तक अकेले रहना पसंद कर रहे हैं।



जब चर्चा इस विषय पर आती है कि लोग सिंगल क्यों रहना चाहते हैं, तो ज्यादातर लोग यही सोचते हैं कि हमारे पास कुछ समस्याएं या किसी प्रकार की असुरक्षा है, जिसकी वजह से हमारे लिए साथी ढूंढना या रिश्ता बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। ये सच है? अगर है तो कितना? चलिए विस्तार से चर्चा करते हैं।

सिंगल लोगों की बढ़ती संख्या

इसमें कोई दो राय नहीं है कि अब लोग रिलेशनशिप में रहने की बजाय अकेले यानि सिंगल रहना चाहते हैं। इसीलिए आजकल की पीढ़ी में सिचुएशनशिप, वन नाईट स्टैंड जैसी चीजें लोकप्रिय हो रही है। अकेले रहने वाले लोगों की संख्या 1981 में 1.7 मिलियन से बढ़कर 2021 में 4.4 मिलियन हो गई है। लोगों के सिंगल होने की कई वजहें हैं। कुछ अकेले रहना पसंद करते हैं, कुछ व्यक्तिगत लक्ष्यों और आकांक्षाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। कुछ रिपोर्ट के अनुसार, डेटिंग कठिन हो गई है इसलिए लोग सिंगल है। कुछ लोग ब्रेकअप होने के बाद फिर से रिलेशनशिप में नहीं आना चाहते, इसलिए सिंगल हैं। जर्नल ऑफ पर्सनैलिटी में प्रकाशित एक रिसर्च के अनुसार, लोग सिंगल जिंदगी गुजार सकते हैं। लेकिन ऐसा करना हर किसी की बस की बात नहीं है। हर किसी की सिंगल लाइफ सफल नहीं हो पाती है। इसके पीछे की मुख्य वजह लगाव है। आपको शायद ये जानकर हैरानी होगी कि लगाव करने के सबके अपने-अपने तरीके होते हैं। अपने इन्हीं लगाव के तरीकों से लोग सिंगल या रिश्ते में रहते हैं। दरअसल, आप अपने लगाव की जरूरतों के हिसाब से अन्य लोगों के साथ संबंध बनाते हैं। बहुत से लोगों को लगाव से डर लगता है, इसलिए वो किसी के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद नहीं करते हैं। किसी से लगाव होने की चिंता एक प्रकार की असुरक्षा है, जो लोगों को रिश्ते में आने से रोकती है। इतना ही नहीं लगाव से बचने से लोग अंतरंगता और निकटता से दूर हो जाते हैं। लेकिन हर किसी के साथ ऐसा नहीं है। कुछ लोगों को लगाव होने की चिंता होती है, लेकिन औरों से कम, इसलिए ऐसे लोग दूसरों पर निर्भर रहने और अंतरंगता देने और प्राप्त करने में सहज होते हैं। रिसर्च के अनुसार, सुरक्षित सिंगल लोग अकेले रहकर अपनी जिंदगी का लुफ्त उठा रहे हैं। ऐसे लोग के गैर-रोमांटिक रिश्तों की संख्या अधिक होती है। सुरक्षित सिंगल लोग के परिवार और दोस्तों के साथ रिश्ते अच्छे होते हैं। रोमांटिक रिश्तों के बाहर रहकर वह अपनी सेक्स की जरूरतों को पूरा करते हैं और कुल मिलाकर कहा जाए तो ये लोग अपने जीवन में ज्यादा खुश हैं। दिलचस्प बात यह है कि ये लोग भविष्य में रोमांटिक रिश्ते में रहने में रुचि रखते हैं।

चिंतित सिंगल लोग अकेले रहने के बारे में सबसे अधिक चिंतित होते हैं। ऐसे लोगों का आत्म-सम्मान कम होता है। ये करीबी लोगों द्वारा कम समर्थन महसूस करते हैं। इसलिए इनके जीवन में संतुष्टि का स्तर सबसे कम होता है। डरे हुए एकल लोगों ने सुरक्षित एकल लोगों की तुलना में करीबी रिश्तों को निभाने में अधिक कठिनाइयों का सामना करते हैं।

स्किन टाइट रखने में मददगार साबित होगा रोज ड्राई फ्रूट खाना, झुर्रियां होगी दूर

स्किन का ध्यान न रखना और खराब लाइफस्टाइल के चलते समय से पहले चेहरे पर झुर्रियां और फाइन लाइंस एजिंग के निशान दिखने लगते हैं। वैसे तो सभी लोग यंग दिखना चाहते स्किन केयर और बढ़िया डाइट से सब दूर रहते हैं। जब आपके शरीर को पर्याप्त पोषण नहीं मिलेगा तो उम्र से पहले ही बुढ़ापे के लक्षण नजर आने लगते हैं।

अगर आप डाइट में एंटी-एजिंग गुणों की चीजों को शामिल करते है, तो आपके बुढ़ापे की रफ्तार धीमी जरुर कर सकते हैं। चलिए हम आपको ऐसे ड्राई फ्रूट के बारे में बताएंगे जिनके सेवन आपकी स्किन उम्र से पहले बूढ़ा होने से बचाता है और साथ ही एजिंग के लक्षणों को भी कम करता है।

बादाम खाएं

अगर आप भी समय से पहले बूढ़ा नहीं दिखना चाहते हैं तो अपनी डाइट में बादाम जरुर शामिल करें। बादाम में विटामिन्स, मिनरल्स और फाइबर होता है जो स्किन को पोषण देता है।

बादाम में मौजूद विटामिन्स स्किन में कोलेजन को सुरक्षित रखने में मदद करता है। जिससे आपकी स्किन जवान दिखती है।

स्किन को टाइट रखता है

बादाम विटामिन ई से भरपूर होता है जो स्किन में नमी बनाए रखता है जिससे स्किन की इलास्टिसिटी बढ़ती है। प्रतिदिन 6-7 बादाम खाने से आप अपनी स्किन को टाइट और सुंदर रख सकते हैं। रात भर भीगे हुए बादाम खाने से भी कई फायदे मिलते हैं।

कूलर के पानी में मिला दें बस ये चीज

रिकॉर्ड तोड़ गर्मियां पड़ रही हैं। इन भयंकर गर्मियों का कूलर-पंखे भी कुछ नहीं बिगाड़ पा रहे हैं। वैसे तो कूलर से कुछ राहत जरूर मिल जाती है लेकिन जोरदार उमस भरी गर्मी के आगे ये भी फेल हो जाता है। दिन भर पड़ती तेज धूप के चलते गर्म हवा चलती रहती है। ऐसे में कूलर भी गर्म हवा ही देता है। आज हम आपको कुछ ऐसी चीजें बताने वाले हैं जिन्हें करने से आपका कूलर एकदम ठंडी-ठंडी हवा देगा। बस आपको अपनी रसोई में रखी कुछ चीजों को इसके पानी में मिलाना होगा। तो चलिए जानते हैं आखिर वो क्या चीजे हैं। अगर आपकी भी यही शिकायत है कि आपका कूलर गर्म हवा देता है।

चिलचिलाती गर्मी में शिकंजी की जगह पी सकते हैं ये 4 लेमन बेस्ड ड्रिंक्स

गर्मी के मौसम में सेहत का ख्याल रखना बहुत जरुरी होता है। इस मौसम में खुद को हाइड्रेट रखना जरुरी है। अक्सर हम खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए हम सभी पानी का सेवन करते हैं। लेकिन इसके अलावा भी आप कुछ हेल्दी ड्रिंक्स पी सकते हैं। मई में गर्मी से बुरा हाल है, दिनों-दिन पारा बढ़ रहा है। ऐसे में आप इस गर्मी में कई तरह की ड्रिंक्स और कूलर का सेवन कर सकते हैं, जो आपको टेस्ट के साथ-साथ हाइड्रेटेड रखने में भी मदद करेंगे। वहीं आप शिंकजी के अलावा भी कई तरह की लेमन बेस्ड ड्रिंक्स बना सकते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको बताएंगे।

लेमन मिंट कूलर

गर्मी के मौसम में नींबू और पुदीने की मदद से लेमन मिंट कूलर तैयार किया जा सकता है। इसके लिए आप पानी में चीनी डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। फिर इसमें नींबू का रस निचोड़ लें और कुछ ताजा पुदीने की पत्तियों को धीरे से कुचलकर मिक्स कर लें। अब इन्हें गिलास में डालें। इसके साथ ही बर्फ के टुकड़े डालकर परोसें।

लेमन आइस्ड टी

अगर आपको चाय पीना पसंद है, तो आप गर्मी के मौसम में नींबू की मदद से आइस्ड टी बना सकते हैं। सबसे पहले आप एक सॉस पैन में एक कप पानी उबालें। अब गैस बंद करके इसमे टी बैग्स डालकर 5 मिनट तक ऐसे ही रहने दें। अब इसमें नींबू का रस एक कप पानी उबालें। अब इसमें नींबू का रस और चीनी डालकर मिक्स करें। अब इसे थोड़ा ठंडा होने दें। अंत में, इसे ठंडा करने के लिए फ्रिज में रखें।

वाटरमेलन और लेमन कूलर

तरबूज और नींबू की मदद से बनने वाली यह ड्रिंक आपके शरीर को ठंडक देगी और आपको बेहद ही रिफ्रेशिंग फील होगा। आपके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति भी करता है। इसके लिए तरबूज के क्यूब्स लें और उसमें से बीज निकाल लें। इसे फिर ब्लेंड कर लें, जूस को छानकर एक गिलास में डालें। साथ ही, बर्फ के टुकड़े, चीनी की चाशनी और नींबू का रस डालकर मिक्स करें और इसे ठंडा-ठंडा सर्व करें।

गर्भावस्था में विपरीत करणी आसन करती दिखीं दीपिका पादुकोण

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण जल्द ही मां बनने वाली हैं। वे गर्भवती हैं और गर्भावस्था का सातवां महीना चल रहा है। इस दौरान वे सोशल मीडिया पर भी पहले से अधिक सक्रिय हैं और अपनी दिनचर्या के बारे में फैंस के साथ जानकारी साझा करती नजर आ रही हैं। दीपिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर साझा की है, जिसे देख लोग हैरान हैं। अभिनेत्री वर्कआउट करती नजर आ रही हैं, वह भी ऐसा आसन, जिसे गर्भावस्था में करना शायद लोग ठीक न मानें! लेकिन, दीपिका ने इसके फायदों से रूबरू कराया है। दीपिका पादुकोण साझा की गई तस्वीर में विपरीत करणी आसन करती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने लंबा नोट लिखा है और इसके फायदे बताए हैं। अभिनेत्री ने लिखा है, यह सेल्फ केयर का महीना है। लेकिन जब आप हर दिन सेल्फ केयर जैसा सरल और सहज काम कर सकते हैं, तो 'सेल्फ-केयर महीना' क्यों मनाएं? मुझे अच्छा वर्कआउट करना पसंद है। मैं अच्छी दिखने के लिए नहीं बल्कि फिट महसूस करने के लिए वर्कआउट करती हूं। लंबे वक्त से व्यायाम मेरी दिनचर्या का हिस्सा है।

हालांकि, जब मैं कसरत नहीं कर पाती तो मैं इस सरल आसन का अभ्यास पांच मिनट जरूर करती हूं। मैं इसे हर दिन करती हूं, चाहे मैं कसरत करूं या नहीं। खासकर फ्लाइट से यात्रा करने के बाद या यूं ही तनाव कम करने के मामले में यह आसन बहुत ही उपयोगी है। आप भी मेरे साथ डेली सेल्फ केयर प्रैक्टिस से जुड़ सकते हैं।

विपरीत करणी आसन में पीठ के बल लेटकर पैरों को दीवार के सपोर्ट से ऊपर उठाकर सीधा रखा जाता है। दीपिका ने लिखा, संस्कृति में विपरीत का अर्थ है उलटा और करणी का अर्थ है कार्रवाई में। अभिनेत्री ने आगे



लिखा, दीवार के सहारे अपने पैरों को ऊपर करके लेटने से आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को लाभ हो सकता है। नर्वस सिस्टम ठीक से काम करता है, और इम्यूनिटी बढ़ती है।

दीपिका ने आगे लिखा कि यह प्राचीन आसन बहुत लाभकारी है, खासकर हमारी तनावपूर्ण और व्यस्त दुनिया में यह बेहद मददगार है। हालांकि, इस पोस्ट के साथ दीपिका ने चेतावनी भी लिखा है। उन्होंने साफ-साफ लिखा है कि इस योगासन को करने से पहले अपने योगा प्रशिक्षक अथवा किसी एक्सपर्ट से जरूर सुझाव लें। वर्क फ्रंट की बात करें तो दीपिका इन दिनों फिल्म कल्कि 2898 एडी के लिए तारीफ लूट रही हैं।

गंदे से गंदा पंखा भी होगा साफ, बस अजमाएं ये 7 टिप्स



गर्मियों के मौसम सबसे ज्यादा पंखा का इस्तेमाल होता है। इस दौरान लोग पूरा-पूरा दिन पंखा चलाते हैं जिस वजह से पंखा भी गंदा हो जाता है। गंदा पंखा एकदम काला नजर आने लगता है। इन टिप्स के जरिए पंखा को करें साफ। गर्मियों में सबसे ज्यादा पंखा ही चलता है। लगातर पूरे दिन पंखा चलने से यह गंदा हो जाता है। आपके घर का पंखा एकदम गंदा और काला नजर आता है। अगर आपका पंखा भी धूल-मिट्टी के चलते गंदा हो गया है, तो आपको इन टिप्स को फॉलो करके पंखा क्लीन कर सकते हैं। आइए जानते हैं इसे साफ करने के कुछ आसान टिप्स।

सूखे कपड़े से साफ करें

घर के पंखों को साफ रखने के लिए हर कुछ दिन में पखें को सूखे कपड़े से जरुर साफ करें। इसे पंखे पर गंदगी नहीं जमेगी।

गीले कपड़े से सफाई करें

आपके घरों में मौजूद पंखों पर धूल-मिट्टी की पतली परत नजर आने लगी है, तो इसे गीले कपड़े की मदद से साफ करें। इसके बाद सूखे कपड़े से पंखा पोंछ लें।

बनाएं क्लीनर

आप एक स्प्रे बोतल में लिक्विड सोप, नींबू का रस और बेकिंग सोडा डालें। अब बोतल के ढक्कन को बंद करके सभी को अच्छी तरह मिक्स कर लें। इसकी मदद से पंखा आसानी से क्लीन हो जाएगा।

डिटर्जेंट से करें सफाई

अगर आप आसानी से गंदे पंखे को साफ करना चाहते हैं, तो गुनगुने पानी में डिटर्जेंट मिलाकर एक घोल तैयार कर लें। अब इसे गीले कपड़े पर लगाकर पंखा साफ करें।

डस्ट ऐसे क्लीन करें

गंदे से गंदे पंखें को साफ करने के लिए आप डस्ट क्लीनर की मदद ले सकते हैं। इसके जरिए पंखे का ऊपरी हिस्सा भी अच्छी तरह साफ हो जाएगा। वहीं, आपका पंखा ज्यादा ऊंचाई पर है, तो उसे साफ करने के लिए कॉबवेब ब्रश की मदद लें। इससे हर कुछ दिन में पंखे की सफाई करें, ताकि उस धूल-मिट्टी की मोटी परत न जमे।

नमक आ सकता काम

आप बस थोड़े से गुनगुने पानी में नमक मिलाकर एक घोल तैयार कर लें। फिर एक सूती कपड़े को पानी में डूबोकर पंखे को अच्छी तरह साफ करें।

रिलायंस की इस सीरीज को भी नहीं मिला कोई ओटीटी खरीदार

आशुतोष राणा की वेब सीरीज छत्रसाल रिलीज हो गई है। अब आपका अगला सवाल होगा कि इसका ठिकाना क्या है, कहां देखें इसे। तो बता दें कि इस सीरीज का ठिकाना कोई ओटीटी प्लेटफॉर्म नहीं है। इसे सीधे यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। आशुतोष राणा ने खुद अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की है कि सीरीज रिलायंस एंटरटेनमेंट के यूट्यूब चैनल पर स्ट्रीम हो रही है।

आशुतोष राणा जैसे बड़े कलाकार और रिलायंस एंटरटेनमेंट की सीरीज...दो कारण बहुत हो सकते हैं कि किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर %छत्रसाल% रिलीज होती। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। और रिलायंस एंटरटेनमेंट की सीरीज के साथ ऐसा पहली दफा नहीं हुआ कि उसे ओटीटी खरीदार न मिले हों। रिलायंस एंटरटेनमेंट की बनाई ये लगातार दूसरी सीरीज है जिसे ओटीटी पर कोई खरीदार नहीं मिला और कंपनी ने मजबूरी में इसे सीधे अपने यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया है।

इसके पहले रिलायंस की जया प्रदा स्टारर सीरीज भी किसी ओटीटी पर नहीं पहुंच पाई थी और इसे भी कंपनी ने अपने यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया था। उस सीरीज का नाम है फातिमा। दिग्गज अभिनेत्री जया प्रदा अभिनीत इस सीरीज का निर्देशन संजीव राय ने किया। यह जया के करियर की पहली वेब सीरीज है। इस सीरीज की कहानी फातिमा और उनकी बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है। फातिमा का प्रीमियर इस साल मई में कंपनी के यूट्यूब पर किया गया।

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कंटेंट की भरमार है। इतने सारे ओटीटी और उस पर आने वाली सीरीज-फिल्में, ऐसे में ओटीटी पर प्रतिस्पर्धा भी बढ़ रही है। इस बढ़ी प्रतिस्पर्धा के बीच हिंदी मनोरंजन सामग्री का बाजार फिर एक बार बदल रहा है। बढ़ती सामग्री के बीच ओटीटी राइट्स के दामों में गिरावट आई है। स्थिति ऐसी हो गई है कि अब ओटीटी प्लेटफॉर्म एक्सक्लूसिव कंटेंट के प्रति भी उत्सुकता नहीं दिखा रहे हैं।

माना जा रहा है कि ऐसी स्थिति रही तो भविष्य में बड़े स्ट्रीमिंग प्लेयर्स अपने कंटेंट को एक्सक्लूसिव बनाए रखने के लिए संघर्ष करेंगे। कंटेंट की भरमान जरूर है, लेकिन कुछ ऐसा जो दर्शकों को ओटीटी तक खींच लाए वैसा कंटेंट अब भी सीमित है। दूसरा, ओटीटी, किसी कंपनी के मूल कंटेंट को प्रमोट करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स मानते हैं कि वितरण, पहुंच और मॉनिटाइजेशन में सुधार से चीजें सहज हो सकती हैं।